रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

चुनावी समर 2024

गुरुवार 14 मार्च 2024 ● फाल्गुन शुक्ल पक्ष 04, संवत 2080 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 1, अंक : 326

आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

**मौसम**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| धनबाद | 36.0 | 22.8 |
| जमशेदपुर | 35.6 | 20.6 |
| डालटनगंज | 35.2 | 16.8 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

**एससी, एसटी और ओबीसी वर्ग को किया संबोधित**

## सरकारी योजनाओं का ज्यादा लाभ वंचितों को मिला: मोदी



**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कहा कि उनकी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का सबसे ज्यादा फायदा एससी, एसटी और ओबीसी जैसे वंचित वर्गों के लोगों को मिला है. उन्होंने वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से 'पीएम-सूरज' राष्ट्रीय पोर्टल की शुरुआत के मौके पर दलित समुदाय से ताल्लुक रखने वाले पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद और जनजातीय समाज से आने वाली राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के चयन का जिक्र करते हुए कहा कि वंचित तबके के लोगों को शीर्ष पदों तक पहुंचाने के लिए भाजपा के प्रयास जारी रहेंगे. उन्होंने कहा कि विपक्षी दलों ने कोविंद और मुर्मू की हार सुनिश्चित करने के लिए हरसंभव कोशिश की. विपक्ष पर कटाक्ष करते हुए, प्रधानमंत्री मोदी ने लोगों से पूछा, कोई कैसे कह सकता है कि मेरा कोई परिवार नहीं है. -शेष पेज 7 पर

**सरकारी नौकरियों में मिलेगा 50% आरक्षण**

## राहुल गांधी ने की 'महिला न्याय' गारंटी की घोषणा



**धुले (महाराष्ट्र)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को कहा कि लोकसभा चुनाव में अगर उनकी पार्टी सत्ता में आती है तो पांच 'महिला न्याय गारंटी' दी जाएगी. इसमें गरीब महिलाओं के बैंक खातों में सालाना एक लाख रुपये जमा किए जाने के साथ ही सरकारी नौकरियों में 50 प्रतिशत आरक्षण शामिल हैं. 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के तहत महाराष्ट्र के धुले जिले में एक महिला रैली को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने यह भी वादा किया कि मान्यता प्राप्त सामाजिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता (आशा), आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और मध्याह्न भोजन योजनाओं में कार्यरत महिलाओं के लिए बजट में केंद्र सरकार की हिस्सेदारी दोगुनी हो जाएगी. उन्होंने कहा कि महिलाओं को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक करना है. -शेष पेज 7 पर

**अपने भाई से सारे रिश्ते तोड़ने की घोषणा की**

## सीएए का संबंध एनआरसी से है, विरोध जारी रहेगा : ममता



**जलपाईगुड़ी (प. बंगाल)।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को कहा कि नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) से जुड़ा हुआ है, इसलिए वह इसका विरोध कर रही हैं. टीएमसी प्रमुख ने कहा कि वह असम जैसे हिरासत केंद्र (डिटेंशन कैंप) पश्चिम बंगाल में नहीं चाहती हैं. सीएए का संबंध एनआरसी से है इसलिए हम इसका विरोध कर रहे हैं. बनर्जी ने यह भी दावा किया कि सीएए लोकसभा चुनाव से पहले एक राजनीतिक चाल है. नागरिकता (संशोधन) अधिनियम, 2019 पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से 31 दिसंबर, 2014 से पहले भारत आए गैर-मुस्लिम प्रवासियों- हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध, पारसी और ईसाई समुदायों के लोगों को भारत की नागरिकता प्रदान करने की अनुमति देता है.

**बोरियो के झामुमो विधायक ने की घोषणा**

## लोबिन हेंब्रम झापा के टिकट पर राजमहल से लड़ेंगे लोस चुनाव



**साहिबगंज।** बोरियो के झामुमो विधायक लोबिन हेंब्रम ने बुधवार को लोकसभा चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी है. वह राजमहल लोकसभा सीट से झारखंड पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ेंगे. पूर्व मंत्री एनोस एक्का की पार्टी के उम्मीदवार के रूप में वह चुनाव लड़ेंगे. ज्ञात हो कि लोबिन हेंब्रम पिछले लंबे समय से झामुमो के बागी बने हुए थे. हेमंत सोरेन के मुख्यमंत्री काल से लेकर चंपाई सोरेन की सरकार के खिलाफ लगातार बयान दिया. हालांकि चंपाई सरकार के फ्लोर टेस्ट के समय मुख्यमंत्री के समर्थन में खड़े नजर आये. अपनी राजनीतिक महत्वाकांक्षा को लेकर लोबिन हमेशा मीडिया के सामने मुखर रहे हैं. जब भाजपा ने ताला मरांडी को राजमहल से उम्मीदवार बनाया, तब भी लोबिन ने झामुमो सांसद विजय हांसदा पर हमला बोला था.

**सर्राफा**

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 61,500 |
| चांदी (किलो) | 76,000 |

**ब्रीफ खबरें**

### हेमंत को दुमका से मिल सकता है टिकट

**रांची।** झामुमो जमीन घोटाले में जेल में बंद पूर्व सीएम एवं पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन को दुमका से चुनाव मैदान में उतार सकती है. इसको लेकर झामुमो रणनीति बनाने में जुटा है. झामुमो खेमे और सत्ता की गलियारे से आ रही जानकारी के अनुसार हेमंत को दुमका लोकसभा सीट से पार्टी चुनावी समर में उतारने की तैयारी कर रही है. वे जेल में रहकर ही चुनाव लड़ सकते हैं.

- संबंधित खबर पेज 7 पर देखें

### मुख्तार को आजीवन कारावास की सजा

**वाराणसी (उप्र)।** वाराणसी की एक अदालत ने बुधवार को तीन दशक पुराने फर्जी बंदूक-लाइसेंस मामले में गैंगस्टर-राजनेता मुख्तार अंसारी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई.



जिला सरकारी वकील विनय सिंह ने बताया, न्यायाधीश अवनीश गौतम की विशेष एमपी-एमएलए अदालत ने फर्जी बंदूक लाइसेंस मामले में दोषी ठहराते हुए मुख्तार अंसारी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई.

### अभी सीएए लागू करना गंदी राजनीति: केजरीवाल

**नयी दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को कहा कि लोकसभा चुनाव से पहले नागरिकता (संशोधन) अधिनियम को लागू करना भाजपा की 'वोट बैंक की गंदी राजनीति'' है. उन्होंने कहा कि लोग चाहते हैं कि इस कानून को निरस्त किया जाए. केजरीवाल ने कहा कि इस कानून के जरिए केंद्र की भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार ने पाकिस्तान और बांग्लादेश से बड़ी संख्या में गरीब अल्पसंख्यकों के भारत आने के द्वार खोल दिए हैं.

**अंबा प्रसाद के ठिकानों पर दूसरे दिन भी ईडी की छापेमारी**

# मनी लॉन्ड्रिंग के दस्तावेज समेत कई सामान बरामद

**ईडी की दबिश**

सौरभ सिंह। रांची

बड़कागांव की कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद के ठिकाने पर दूसरे दिन भी ईडी की छापेमारी जारी रही. मंगलवार को करीब 18 घंटे तक हुई छापेमारी के बाद ईडी की टीम बुधवार को भी अंबा प्रसाद के हजारीबाग में हुरहुरु स्थित आवास पर छापेमारी की. गौरतलब है कि इससे पहले मंगलवार को ईडी ने कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद, उनके पिता पूर्व मंत्री योगेंद्र साव और अन्य पारिवारिक सदस्यों व करीबी रिश्तेदारों के 17 ठिकानों पर छापा मारा था.

ईडी ने योगेंद्र साव के बेटे अंकित राज, बेटी अनुप्रिया और अन्य रिश्तेदारों के नाम पर बनी 10 कंपनियों को भी इस छापेमारी के दायरे में शामिल किया है. इन कंपनियों के माध्यम से मनी लॉन्ड्रिंग से संबंधित दस्तावेज भी ईडी को मिले हैं. सूत्रों के अनुसार, छापेमारी के दौरान योगेंद्र साव व अंबा प्रसाद के ठिकानों से महत्वपूर्ण दस्तावेज समेत कई अन्य सामान बरामद होने की भी सूचना है.

**ईडी ने अंबा प्रसाद और योगेंद्र साव के खिलाफ दर्ज किया ईसीआईआर :** हजारीबाग में लीज की बेशकीमती जमीन पर कब्जा करने के मामले में उभरे विवाद के बाद ईडी ने अंबा प्रसाद और उनके पिता पूर्व मंत्री योगेंद्र साव के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी की तलाश की और दोनों के खिलाफ ईसीआईआर दर्ज की. इसके बाद मंगलवार सुबह करीब सात बजे अंबा प्रसाद व उनसे जुड़े लोगों को रांची, हजारीबाग और मुंबई स्थित ठिकानों पर छापा मारा. छापेमारी के दायरे में योगेंद्र साव के भी तीन ठिकानों को शामिल किया गया था.

**अंबा रांची में और उनके पिता योगेंद्र साहू दिल्ली में हैं**





### मंगलवार सुबह से चल रही छापेमारी

बता दें कि मंगलवार सुबह 7:00 बजे ईडी ने अंबा प्रसाद के साथ-साथ उनके रिश्तेदारों और करीबियों के घर पर दस्तक दी थी. मंगलवार को हजारीबाग के बड़कागांव से कटमदाग तक 17 जगहों पर छापेमारी चल रही थी. वह छापेमारी मंगलवार देर रात खत्म हुई. वहीं विधायक अंबा प्रसाद के ठिकानों पर बुधवार को भी देर शाम तक छापेमारी जारी रही.

## सीओ शशिभूषण सिंह का अपराधी प्रिंस खान से कनेक्शन, घर से ₹ 2000 के नोट बरामद

**भाजपा के विनय सिंह ने लगाए आरोप, बताया- शशिभूषण की कहां-कहां है संपत्ति**

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार व बुधवार को विधायक अंबा प्रसाद से जुड़े 17 ठिकानों पर छापेमारी की. एक ठिकाना धनबाद के गोविंदपुर सीओ शशिभूषण सिंह का भी है. भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता विनय कुमार सिंह ने दावा किया है कि ईडी ने शशि भूषण सिंह के घर से 15 लाख नकद बरामद किया है. बरामद नकदी में पांच लाख रुपये 2000 रुपये के नोट के हैं. इससे शशिभूषण सिंह की अमीरी का अंदाजा लगाया जा सकता है.



गोविंदपुर सीओ शशिभूषण सिंह

**सीओ का धनबाद-दुबई नेटवर्क से संबंध :** विनय कुमार सिंह ने बुधवार को एक प्रेस बयान जारी कर आरोप लगाया है कि गोविंदपुर अंचल कार्यालय में काम करने वाले गुलरेज, सोनू ,अदनान, सुमित और मेहंदी जैसे कुछ कर्मचारी और सीओ का संबंध प्रिंस खान से है. प्रिंस खान अभी दुबई में रह रहा है. प्रिंस खान के नाम वसूली के काम में भी इन लोगों की संलिप्तता है. यह धंधा गोविंदपुर के ऑफिस में पिछले कई वर्षों से निर्बाध रूप से चल रहा है.

**नाजायज संपत्ति की सूची :** विनय कुमार सिंह का आरोप है कि शशि भूषण सिंह ने अपनी पत्नी, भतीजी, बेटी, भांजा की पत्नी, मित्र मतबर सिंह, मनीष सिंह, मकसूदन सिंह, भांजा धनंजय सिंह, साला की पत्नी, दोस्त की पत्नी, बलवीर जैन, निशांत कुमार, दिव्या, नेहा, अशोक कुमार और विक्की कुमार के नाम पर रांची के नामकुम, अरगोड़ा, हेसाग, हटिया और तुपुदाना अंचल में कई एकड़ जमीन ले रखा है.

**एसबीआई ने सुप्रीम कोर्ट में दी जानकारी**

### पांच साल में 22,217 चुनावी बॉन्ड खरीदे गए

**नयी दिल्ली।** एसबीआई ने बुधवार को उच्चतम न्यायालय को बताया कि एक अप्रैल 2019 से इस साल 15 फरवरी के बीच राजनीतिक दलों ने कुल 22,217 चुनावी बॉण्ड खरीदे और 22,030 बॉण्ड भुनाए गए.

शीर्ष अदालत में दायर एक अनुपालन हलफनामे में, एसबीआई ने कहा कि न्यायालय के निर्देश के अनुसार, उसने 12 मार्च को कामकाजी समय खत्म होने से पहले भारत निर्वाचन आयोग को चुनावी बॉण्ड का विवरण उपलब्ध करा दिया. इसमें कहा गया है कि प्रत्येक चुनावी बॉण्ड की खरीद की तारीख, खरीदार के नाम आदि विवरण प्रस्तुत किए गए हैं. एसबीआई के अध्यक्ष दिनेश कुमार खारा द्वारा दायर हलफनामे में कहा गया है कि बैंक ने निर्वाचन आयोग को चुनावी बॉण्ड को भुनाने की तारीख, चंदा प्राप्त करने वाले राजनीतिक दलों के नाम और बॉण्ड के मूल्य जैसे विवरण भी दिए हैं. प्रधान न्यायाधीश डी.वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने उक्त जानकारी देने के लिए एसबीआई की याचिका को खारिज कर दिया था.

**सीएम ने बालू की किल्लत दूर करने का दिया निर्देश**

## लोगों को आसानी से मिले बालू घाटों का जिम्मा ग्राम पंचायत को दें

विशेष संवाददाता। रांची

**राज्य की विधि-व्यवस्था, अवैध माइनिंग व कोयला ढुलाई, जमीन के अवैध धंधे पर उच्चस्तरीय बैठक**



- अफसरों से कहा- सुनिश्चित करें कि लोगों को सुगमता से सही दाम पर मिले बालू
- राज्य के चिह्नित 369 बालू घाटों के संचालन का जिम्मा ग्राम पंचायतों को दिया जाए


मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन बालू की किल्लत, धनबाद सहित राज्य की विधि-व्यवस्था, जमीन के अवैध कारोबार, अवैध माइनिंग और रांची में जाम की समस्या को लेकर पूरे एक्शन में दिखे. इन मुद्दों को लेकर बुधवार को प्रोजेक्ट भवन में उच्चस्तरीय बैठक की. राज्य भर में जारी बालू की किल्लत के कारण आम लोगों को हो रही परेशानी शीघ्र दूर करने को कहा. अफसरों से कहा हर हाल में यह सुनिश्चित करें कि आम लोगों को सुगमतापूर्वक उचित कीमत पर बालू आसानी से मिल सके. इसके लिए राज्य के चिह्नित 369 बालू घाटों के संचालन का जिम्मा ग्राम पंचायतों को देने का निर्देश दिया. राज्य में बालू घाटों की टेंडर प्रक्रिया में तेजी लाने का निर्देश देते हुए कहा कि बालू घाटों का संचालन ग्राम पंचायतें करेंगी, तभी ग्रामीण क्षेत्र के अलावा शहरी क्षेत्र में भी बालू की मांग को पूरा किया जा सकेगा. उन्होंने कहा कि जितनी जल्दी हो सके, आम लोगों को बालू उपलब्ध कराने की पहल की जाए. अफसरों को हर हाल में यह सुनिश्चत करना है कि बालू के लिए आम लोगों को न तो भटकना पड़े और न ऊंची कीमत पर बालू खरीदना पड़े.

- संबंधित खबर पेज 7 पर भी

**शेयर बाजार धड़ाम : निवेशकों को 13.50 लाख करोड़ की चपत**

## मिडकैप के शेयर 2100 अंक लुढ़के

भाषा। मुंबई



- **सेंसेक्स 906 अंक गिरते हुए 73,000 अंक के स्तर से नीचे फिसला, निफ्टी 338 अंक टूटा**

स्थानीय शेयर बाजारों में बुधवार को बड़ी गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स 900 अंक हुए 73,000 अंक के स्तर से नीचे आ गया. छोटी व मझोली कंपनियों के सूचकांकों में तीव्र गिरावट के बीच चौतरफा लिवाली से बाजार नुकसान में रहा. शेयर बाजार में गिरावट का बड़ा असर मिडकैप और स्मॉलकैप स्टॉक्स पर पड़ा है. निफ्टी का मिडकैप स्टॉक्स 2115 अंक या 4.40 फीसदी गिरकर बंद हुआ है. जबकि स्मॉलकैप इंडेक्स 800 अंक या 5.28 फीसदी गिरकर क्लोज हुआ है. निफ्टी का नेक्स्ट फिफ्टी 2227 अंक गिरकर बंद हुआ.

विश्लेषकों ने कहा कि इसके अलावा बिजली, ऊर्जा व धातु शेयरों में नुकसान तथा विदेशी संस्थागत निवेशकों की हाल की बिकवाली से बाजार नीचे आया.

बाजार में प्रमुख सूचकांकों..सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी की शुरुआत बढ़त के साथ हुई, लेकिन दोपहर के कारोबार में बिकवाली दबाव से सभी खंडवार सूचकांक नुकसान में रहे. 30 शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 906.07 अंक यानी 1.23 प्रतिशत की गिरावट के साथ 72,761.89 अंक पर बंद हुआ. कारोबार के दौरान एक समय यह 1,152.25 अंक तक लुढ़क गया था. 50 शेयरों पर आधारित नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 338 अंक यानी 1.51 प्रतिशत की गिरावट के साथ 21,997.70 अंक पर बंद हुआ.

**रिवाज : विदेशी खजूर की जमकर बिक्री, बाजार में 200 से 5000 हजार रुपये किलो वाले खजूर उपलब्ध**

# माह-ए-रमजान में करोड़ों के खजूर से इफ्तार

रणजीत कुमार सिंह। धनबाद

**पैगंबर मोहम्मद साहब को पसंद था खजूर, इस वजह से मुस्लिम समुदाय खजूर से खोलते हैं रोजा**

रमजान के पाक महीने में खजूर खाने का रिवाज इसलिए है कि इस्लाम में खजूर खाने को सुन्नत माना जाता है. यानि पैगंबर हजरत मोहम्मद का पसंदीदा फल खजूर था और वे खजूर खाकर ही रोजा खोलते थे. इस वजह से पूरी दुनिया के मुस्लिम रोजा खोलने के लिए आमतौर पर खजूर का ही इस्तेमाल करते हैं. खजूर न हो तभी किसी दूसरी चीज से इफ्तार करते हैं. ऐसे में रमजान के मौके पर पूरी दुनिया में खजूर की अहमियत और कीमत दोनों में इजाफा हो जाता है. धनबाद में भी माह रमजान में करोड़ों रुपये के खजूर बिक जाते हैं. यहां कई न सिर्फ गुजरात व राजस्थान बल्कि कई विदेशों से भी खजूर की आपूर्ति होती है.



### इन मुल्कों से होता है खजूर का आयात

देश में गुजरात व राजस्थान में खजूर की खेती होती है. लेकिन यहां बेहतर किस्म और जरूरत के मुताबिक आपूर्ति लायक खेती नहीं हो पाती है. राजस्थान के बाडमेर, बीकानेर आदि स्थानों पर खजूर की खेती को सरकारी मदद की जा रही है. गुजरात के कच्छ में भी खेती होती है. महाराष्ट्र, तमिलनाडू और केरल में भी बेहतर खेती होने लगी है. इसके बावजूद यहां विदेशी खजूर की खूब डिमांड है, डिमांड को देखते हुए विदेशी किस्म की खजूर का यहां बड़ा बाजार भी है. भारत में ओमान, मिस्त्र, सूडान, ईरान, ईराक, दुबई और सऊदी अरब जैसे देशों से खजूर का आयात होता है.

### 20सालों से बेच रहे खजूर

धनबाद स्टेशन के समीप 20 वर्षों से फल की दुकान चला रहे गुलाब खान ने कहा कि रमजान के महीने में सबसे अधिक खपत खजूर की है. रोज लगभग 5000 हजार रु. की बिक्री होती है . खजूर की खरीदारी कोलकाता से करते हैं .जहां सऊदी, ओमान समेत कई देशों से खजूर मंगाया जाता है. उन्होंने कहा कि उनके दुकान में 200 रु. किलो से लेकर 5000 हजार रु. किलो तक की खजूर है. जिसमे चिनिया गोल्ड 200 रुपये किलो ,अल अजवाई 500 रु. किलो, किमी गोल्ड 500 किलो , अल फ्रूट्स खजूर 600 रु. किलो ,कलमी खजूर 700 रु. किलो, मजदुल खजूर 1400 रु. किलो व अजुआ खजूर 5000 रुपये किलो तक का है.

**अजवा है सबसे कीमती :** अजवा खजूर की कीमत सबसे अधिक होती है, धनबाद में ये 3500 से लेकर 5000 रुपये किलो तक बिकती है. इस खजूर की खासियत बहुत है. कई बीमारियों की दवा के तौर पर इस खजूर का नाम शामिल है. अजवा की खेती सऊदी अरब के सिर्फ मदीना शहर में ही होती है. इनके बाग सिर्फ मदीना में है.

**जेपी नड्डा से मिले चिराग पासवान**

## एनडीए में सीट बंटवारे पर मुहर, चिराग हुए 'रोशन'

भाषा। नयी दिल्ली



लोकसभा चुनाव के लिए एनडीए में सीट बंटवारे पर मुहर लग गई है. नयी दिल्ली में बुधवार को चिराग पासवान और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की मुलाकात में बाद सारी सीटों का बंटवारा तय हो गया है. लोकसभा चुनाव के लिए बिहार की 40 सीटों पर एनडीए के सभी दल अपने-अपने प्रत्याशियों की घोषणा भी जल्द करेंगे. बताया जा रहा है कि लोक जनशक्ति पार्टी के दोनों टुकड़ों के बीच सीटों के बंटवारे में चिराग पासवान और उनके चाचा पशुपति कुमार पारस को संतुष्ट कराने में भी भाजपा सफल रही है.

चिराग पासवान भावनात्मक आधार पर अपने पिता की पारंपरिक सीट हाजीपुर से इस बार चुनाव लड़ना चाह रहे थे. यह सीट उन्हीं के खाते में ही जाने वाली है. सीटों की संख्या पर रार से ज्यादा इस बात पर चाचा-भतीजा में कई महीनों से झंझट चल रहा था. अगर अब चिराग पासवान हाजीपुर से उतरते हैं तो पशुपति कुमार पारस अपने गृह जिला खगड़िया की सीट से चुनावी मैदान में उतरेंगे. -शेष पेज 7 पर

## चट्टी बारियातू कोयला खनन परियोजना : बिरहोर बच्ची की मौत के मामले में केंद्र सरकार गंभीर, मुख्य सचिव को भेजा पत्र

# बच्ची की मौत पर कार्रवाई करते हुए मंत्रालय को अवगत करायें

प्रवीण कुमार। रांची

हजारीबाग जिले में केरेडारी प्रखंड की बिरहोर बस्ती में एक बच्ची की मौत पर केंद्र सरकार ने एक्शन लिया है. आरोप व शिकायत है कि एनटीपीसी की चट्टी बारियातू कोयला खनन परियोजना के एमडीओ (माइन डेवलपर ऑपरेटर) ऋत्विक-एएमआर द्वारा किये जा रहे खनन के दुष्प्रभाव के कारण दस वर्षीय बिरहोर बच्ची की मौत हुई थी. मामले में मंटू सोनी की शिकायत पर भारत सरकार ने संज्ञान लिया है. भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय ने झारखंड के मुख्य सचिव को पत्र लिखा है. इसमें निर्देश दिया है कि इस मामले में कार्रवाई करते हुए शिकायतकर्ता को अवगत कराया जाए. साथ ही मंत्रालय को भी सूचित करने का निर्देश दिया है. मामले को लेकर शुभम संदेश ने लगातार खबरें प्रकाशित की थीं. इसके बाद ही केंद्र सरकार ने शिकायत मिलने पर झारखंड के मुख्य सचिव को पत्र लिखा है.

**शुभम संदेश इंपैक्ट**

**28 फरवरी को हुई थी मौत**





### बिना विस्थापितों का पुनर्वास किये ही किया जा रहा खनन

शिकायतकर्ता मंटू सोनी ने अपनी शिकायत में एनटीपीसी के चट्टी बारियातू कोल परियोजना के खनन स्थल से महज कुछ मीटर की दूरी पर लुप्तप्राय आदिम जनजाति बिरोहर बस्ती को बिना पुनर्वासित किए खनन कार्य चालू रखने की जानकारी दी थी. बताया था कि खनन स्थल के समीप आदिम जनजाति बिरहोर के लगभग 250 लोग रहते हैं, जिनमें 40 बच्चे हैं. खनन के दुष्प्रभाव के कारण बीते 28 फरवरी 2024 को एक 10 वर्षीय बिरहोर बच्ची की मौत हो गई. इस मामले में एनटीपीसी ने अपना पल्ला झाड़ते हुए कहा था कि यह परियोजना क्षेत्र के बाहर का मामला है. वहीं एनटीपीसी की चट्टी बारियातू कोयला खनन परियोजना के एमडीओ (माइन डेवलपर ऑपरेटर) ऋत्विक-एएमआर कंपनी ने महज 40 हजार रुपये मुआवजा देकर शव दफनाने का दबाव बनाया था.

### नदी के एक किमी एरिया को बंद कर ओवर बर्डन डंप कर दिया

खनन क्षेत्र के आसपास घनी आबादी है, जिनके पुनर्वास की व्यवस्था किये बिना खनन कार्य किया जा रहा है. परियोजना अंतर्गत छोटकी नदी के एक किलोमीटर एरिया को भी बंद कर उसमें ओबी (ओवर बर्डन) डंप कर उसे भर दिया गया है, जिससे उस नदी का अस्तित्व ही मिटने की कगार पर पहुंच गया है. पूरे मामले में जिला-प्रशासन भी मौन है. वहीं आसपास रहनेवाले लोग विस्फोट व उड़ते धूल के कारण प्रदूषित वातावरण में रहने को मजबूर हैं. आम लोगों को प्रदूषण से राहत दिलाने के लिए एनटीपीसी और जिला प्रशासन द्वारा उचित प्रयास करने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन मामूली पानी छिड़काव कर आबादी वाले इलाके को खतरे में डाल खनन कार्य किया जा रहा है. कोई अनहोनी होने पर घटना को दबाने का प्रयास किया जाता है.

## ब्रीफ खबरें

### 13.66 हजार किसानों को मिली सहायता राशि

रांची। झारखंड सरकार ने राज्य के 24 में से 22 जिलों के 226 प्रखंडों को सूखाग्रस्त घोषित 2022-23 में सीएम की अध्यक्षता में रांची में हुई झारखंड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकार की बैठक में यह फैसला लिया गया था. इसमें 13.66 लाख किसानों को सरकार की ओर से सहायता राशि के रूप में 478.8 करोड़ राहत के रूप में भुगतान किया गया. मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना के तहत राज्य के 33 लाख 63 हजार 201 किसानों ने आवेदन 2022-23 में किया था.

### 14 आईपीएस लोस चुनाव पर्यवेक्षक बनाये गये

रांची। लोसकभा चुनाव को लेकर निर्वाचन आयोग ने झारखंड के 14 आईपीएस को पर्यवेक्षक (ऑब्जर्वर्स) बनाया है. इसको लेकर 11 मार्च को शो मस्ट गो ऑन की तर्ज पर 2150 से ज्यादा ऑब्जर्वर्स की बैठक दिल्ली के विज्ञान भवन में हुई थी. इस बैठक में मुख्य चुनाव आयुक्त ने सभी ऑब्जर्वर्स को सख्त निर्देश दिये हैं. मुख्य चुनाव आयुक्त ने बताया कि निर्वाचन आयोग चुनाव से पहले पूरी प्रक्रिया यानी काला धन, नशीले पदार्थ या फिर नकदी की आवाजाही और वितरण को रोकने के लिए हर राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों में ऑब्जर्वर तैनात किए जाएंगे.

### भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी पीजीटी परीक्षा : भाजपा

रांची। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता रमाकांत महतो ने झारखंड स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षक (पीजीटी) परीक्षा में भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है. उन्होंने इसकी सीबीआई जांच की मांग की है. रमाकांत ने कहा कि इस परीक्षा में बोकारो जिला के एक परीक्षा केंद्र में सीरियल नंबर से विभिन्न विषयों के कुल 481 अभ्यर्थी पास हुए हैं, जो सीधे तौर पर व्यापक पैमाने पर धांधली होने का प्रमाण है. कहा कि जेएसएससी बार-बार जान बूझकर दागी एजेंसियों द्वारा परीक्षाएं आयोजित करती हैं. सरकार के संरक्षण में परीक्षा केंद्र को मैनेज करती है. भ्रष्टाचार को बढ़ावा देकर चहेतों को पास कराती है.

### 11 डीएसपी और नौ सब इंस्पेक्टर प्रतिनियुक्त

रांची। एसीबी डीजी अनुराग गुप्ता ने एसीबी में पदस्थापित 11 डीएसपी और नौ सब इंस्पेक्टर को अलग-अलग प्रमंडल में प्रतिनियुक्त किया है. इससे संबंधित अधिसूचना बुधवार को जारी कर दी गयी.

*11 डीएसपी को किया गया प्रतिनियुक्त*

परवेज आलम : रांची प्रमंडल
**विनोद कुमार महतो : थाना प्रभारी धनबाद प्रमंडल**
शा मुर्मू - रांची प्रमंडल
**अनिल एक्का : जमशेदपुर प्रमंडल**
अटल सांडिल : रांची प्रमंडल
**अजीत अरुण एक्का : पलामू प्रमंडल**
मुनू टुडू : धनबाद प्रमंडल
**अलबिनुस इंदवार : पलामू प्रमंडल**
जितेन्द्र कुमार सिंह : थाना प्रभारी दुमका प्रमंडल
**अरुण कुमार तिर्की : रांची प्रमंडल**

*नौ सब इंस्पेक्टर को किया गया प्रतिनियुक्त*

अभिषेक कुमार भारती : डीआईजी गोपनीय
**शशिकांत : अपराध शाखा**
रितु रानी : आईआर सेल
**दीपक ओझा : आईआर सेल**
लुईस मिंज : रांची प्रमंडल गोपनीय कोषांग
**महावीर उरांव : अभियोजन कोषांग**
गोमेश सोरेन : दुमका प्रमंडल
**जोगेश्वर हेंब्रम : दुमका प्रमंडल**

## ड्रॉपआउट स्कूली बच्चों में हुआ सुधार

# तीन वर्ष में झारखंड में बच्चों की साक्षरता दर राष्ट्रीय स्तर से बढ़ी

**खास बातें**

- 2011 की तुलना में 2024 में बच्चों की संख्या बढ़ी
- राज्य की कुल साक्षरता दर 73.1% से बढ़कर 83.3% हुआ

कौशल आनंद। रांची

राज्य की साक्षरता दर विशेषकर महिला साक्षरता दर में अपेक्षित सुधार हो रहा है. झारखंड में बच्चों की शिक्षा की स्थिति यहां की साक्षरता दर से नापी जा सकती है. लेकिन राष्ट्रीय औसत की तुलना में राज्य में अधिक सुधार देखा गया है. पीएलएफएस की ताजा रिपोर्ट के अनुसार 2012-22 की तुलना में राज्य की कुल साक्षरता दर 73.1 प्रतिशत से बढ़कर 2022-23 में 83.3 प्रतिशत हो गयी है, जबकि राष्ट्रीय साक्षरता दर इस अवधि में 79.2 प्रतिशत से बढ़कर 80.3 प्रतिशत हुई है.

**प्राथमिक शिक्षा में झारखंड बेहतर प्रदर्शन की ओर :** प्राथमिक शिक्षा (कक्षा 1 से 5) तक में झारखंड, बिहार, ओडिशा और राष्ट्रीय औसत के जीईआर की तुलना करने पर झारखंड की स्थिति बेहतर है. लड़कों के लिए 95.1 प्रतिशत और लड़कियों के लिए 97.4 प्रतिशत के जीईआर के साथ झारखंड बिहार और ओडिशा से आगे है.

जबकि राष्ट्रीय औसत 99.3 (पुरुष) और 101.1 (महिला) है. ओडिशा में झारखंड और बिहार की तुलना में जीईआर अधिक है. विशेषकर माध्यमिक और उच्च माध्यमिक शिक्षा में यह राष्ट्रीय औसत 79.7 (पुरुष), 79.4 (महिला) से अधिक है. तीनों राज्यों में उच्च माध्यमिक शिक्षा के लिए झारखंड में जीईआर सबसे अधिक है. इसमें लड़कों (44.9) और लड़कियों (48) दोनों में बिहार और ओडिशा की तुलना में नामांकन दर अपेक्षाकृत अधिक है, जो झारखंड में यह उच्च जीईआर राज्य के भीतर उच्च माध्यमिक शिक्षा तक बेहतर पहुंच और भागीदारी को दिखाता है.



### ड्रॉपआउट बच्चों को लेकर अभी झारखंड में है चुनौतियां

ड्रॉपआउट वर्ग 1 से 4 की बात करें तो राष्ट्रीय औसत की तुलना में झारखंड की दर अधिक है. पुरुषों की ड्रॉपआउट दर 2.4 प्रतिशत है और महिलाओं की ड्रॉपआउट दर का 1.1 प्रतिशत है. हालांकि बिहार और ओडिशा दोनों राज्यों में पुरुषों और महिलाओं के लिए ड्रॉपआउट दर 0 प्रतिशत है.

### माध्यमिक शिक्षा में बिहार और ओडिशा से बेहतर

माध्यमिक स्तर (कक्षा 9 व 10) पर झारखंड में लड़कों के लिए स्कूल छोड़ने की दर 13 प्रतिशत और लड़कियों के लिए 12.3 प्रतिशत है. हालांकि ये दरें भारत के राष्ट्रीय स्तर से अधिक है, लेकिन बिहार और ओडिशा की तुलना में कम है.

### उच्च प्राथमिक शिक्षा में सुधार के संकेत

उ.प्रा. स्तर (वर्ग 6 से 8) में झारखंड ने पुरुषों के लिए 3.2% और महिलाओं के लिए 4 % की ड्रॉपआउट दर दर्ज की है. तुलनात्मक रूप से बिहार और ओडिशा में ड्रॉपआउट दर झारखंड से अधिक है. बिहार में पुरुषों के लिए 3.7% व महिलाओं के लिए 4% है. ओडिशा में पुरुषों के लिए 4% व महिलाओं के लिए 5.2 % है, जो झारखंड की शिक्षा व्यवस्था में सुधार के संकेत हैं.

### 2011 की तुलना में 2024 में झारखंड में बच्चों की संख्या बढ़ी

2011 की तुलना में झारखंड में 2024 में बच्चों की संख्या में काफी बढ़ने के आसार हैं. 2011 में 0-18 वर्ष के बच्चों की कुल आबादी 146 लाख है, जो कुल आबादी का 44.25 प्रतिशत है. जनवरी 2024 में अनुमानित जनसंख्या के अनुसार यह बढ़कर 179 लाख हो गया है, जिसमें लड़कियों की आबादी 86 लाख है और लड़कों की आबादी 92 लाख है यानि कि कुल 18 वर्ष के बच्चों की कुल आबादी 41.61 प्रतिशत है. अगर भारत की बात करें तो 2011 में 0-18 वर्ष के बच्चों की कुल आबादी 4721 लाख थी जो कुल आबादी 39 प्रतिशत है.

**2011 में बच्चों की संख्या**

| एज ग्रुप | पुरुष | महिला |
|---|---|---|
| एक से कम | 3.24 | 3.01 |
| 0-2 वर्ष | 10.67 | 10.00 |
| 3-5 वर्ष | 12.52 | 11.93 |
| 6-11 वर्ष | 25.48 | 24.23 |
| 12-17 वर्ष | 22.84 | 20-69 |
| 0-18 वर्ष | 75.66 | 70.34 |
| कुल | 169.3 | 160.58 |

(लाख में)

**2024 में झारखंड में बच्चों की अनुमानित संख्या**

| एज ग्रुप | पुरुष | महिला |
|---|---|---|
| एक वर्ष से कम | 5 | 4 |
| 0-2 वर्ष | 14 | 12 |
| 3-5 वर्ष | 13 | 13 |
| 6-11 वर्ष | 30 | 29 |
| 12-17 वर्ष | 31 | 29 |
| 0-18 वर्ष | 92 | 86 |
| कुल | 219 | 210 |

**झारखंड व भारत में 7 वर्ष और उससे अधिक आयु के बच्चों की साक्षरता दर इस प्रकार है**

| वर्ष | भारत | पुरुष | महिला | झारखंड (%) | पुरुष | महिला |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2020-21 | 85.9 | 72. | 379.2 | 82.3 | 63.8 | 73.1 |
| 2021-22 | 86.1 | 73.2 | 79.7 | 83.8 | 68.7 | 76.2 |
| 2022-23 | 86.2 | 74.2 | 80.3 | 86.2 | 74.2 | 83.3 |

(कुल) - पुरुष-महिला (कुल)

## दुमका से सीता और गिरिडीह से कल्पना को उतार सकती है पार्टी





- अगर सीता जीती तो जामा से दुर्गा की बड़ी बेटी जयश्री से करेंगी राजनीति में इंट्री
- **राजमहल से विजय हांसदा तय, चाईबासा से दीपक बिरूआ, सुखराम उरांव, जोबा रेस में**
- लोहरदगा अगर झामुमो के खाते में आया तो चमरा लिंडा का लड़ना तय
- **जमशेदपुर से सविता महतो और दशरथ गगराई हैं रेस में**
- दुमका से सीता सोरेन, स्टीफन मरांडी, बसंत सोरेन के नाम की चर्चा

कौशल आनंद। रांची

आने वाले लोकसभा चुनाव 2024 में शिबू सोरेन परिवार से दो बहुओं की लोकसभा में इंट्री हो सकती है. झामुमो दुमका से स्व. दुर्गा सोरेन की पत्नी और जामा विधायक सीता सोरेन मुर्मू को चुनावी मैदान में उतार सकता है. वहीं हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन को पार्टी गिरिडीह से मैदान में उतार सकती है. सीता सोरेन दुमका से लोकसभा चली गयीं तो फिर जामा विधानसभा सीट से दुर्गा सोरेन की बड़ी बेटी जयश्री की सोरेन परिवार की तीसरी पीढ़ी के रूप में राजनीति में इंट्री हो सकती है. वैसे दुमका सीट से प्रो. स्टीफन मरांडी और बसंत सोरेन के नाम की भी चर्चा है. प्रो. स्टीफन मरांडी के स्वास्थ्य और उम्र पार्टी और खुद मरांडी के लिए रोड़ा बन रहा है. जबकि राजमहल से वर्तमान सांसद विजय हांसदा को फिर से टिकट मिलना तय माना जा रहा है. इस सीट से बोरियो विधायक लोबिन हेंब्रम भी टिकट के मजबूत दावेदार रहे हैं. मगर हेमंत सोरेन और उनकी सरकार के खिलाफ लगातार आग उगलने के कारण उनका पत्ता करीब-करीब कट गया है.

**चाईबासा से दीपक बिरूआ, सुखराम और जोबा पर दांव लगा सकती है पार्टी :** गीता कोड़ा के भाजपा में जाने के बाद चाईबासा लोकसभा सीट झामुमो के खाते में आ गयी है. अब इस सीट से झामुमो एक मजबूत प्रत्याशी उतारने के मूड में है. इसमें मंत्री दीपक बिरूआ और सुखराम उरांव का नाम सबसे आगे चल रहा है, जबकि जोबा मांझी भी इस सीट से रेस में हैं. अब देखना दिलचस्प होगा कि पार्टी गीता कोड़ा के खिलाफ किसे उतारती है.

**लोहरदगा झामुमो के खाते में आया तो चमरा लिंडा का लड़ना तय :** लोहरदगा सीट पर अभी पेंच फंसा हुआ है. झामुमो ने इस सीट पर मजबूत दावेदारी पेश की है. मगर कांग्रेस इस सीट को छोड़ने को राजी नहीं है. कांग्रेस भले ही चमरा लिंडा को अपनी पार्टी में शामिल करके उसे लड़ा दे, मगर यह सीट किसी भी कीमत पर छोड़ने को राजी नहीं दिख रही है. झामुमो की बात करें तो अगर यह सीट इनके खाते में आया तो विधायक चमरा लिंडा का लड़ना तय है. चमरा लिंडा ने पार्टी को स्पष्ट कर दिया है कि अगर यह सीट झामुमो के खाते में नहीं आती है तो निर्दलीय ही सही मगर वे चुनाव लड़ेंगे.

### जमशेदपुर से सविता महतो हैं रेस में

जमशेदपुर सीट की बात करें तो झामुमो से ईचागढ़ विधायक सविता महतो का नाम सबसे ऊपर चल रहा है. इस सीट से खरसावां विधायक दशरथ गगराई, निरल पूर्ति का नाम भी चर्चा में है. मगर इस गैर आरक्षित सीट से उम्मीद कम ही है कि पार्टी किसी आदिवासी को उतारेगा. इस सीट से गैर आदिवासी का नाम ही तय माना जा रहा है.

## पोषण, शिक्षा, पारंपरिक खानपान पर हुई चर्चा

संवाददाता। रांची

झारखंड में 9 मार्च से पोषण पखवाड़ा चलाया जा रहा है. पखवाड़े का आयोजन झारखंड समाज कल्याण विभाग के बैनर तले हो रहा है. हर दिन अलग अलग कार्यक्रम किये जा रहे हैं. इसके लिए जिला शिक्षा अधिकारी और जिला शिक्षा अधीक्षक समेत जिले के अन्य पदाधिकारियों की सहायता ली जा रही है. पोषण पखवाड़ा के लिए अलग अलग थीम तैयार की गयी है. हर दिन एक नए थीम पर काम किया जा रहा है. पखवाड़े में पोषण, शिक्षा, पारंपरिक खानपान समेत अन्य विषय शामिल किए गए हैं. पोषण पखवाड़ा 23 मार्च तक चलेगा.

### 23 मार्च को पोषण पखवाड़ा का समापन होगा

9 मार्च को शुरू हुए पोषण पखवाड़े के तहत, 11 मार्च को स्थानीय खाद्य प्रदर्शनी, 12 मार्च को वीएचएसएनडी और टीएचआर का वितरण किया गया. 13 मार्च को समुदाय आधारित गतिविधियों पर जोर दिया गया. 14 मार्च को वीएचएसएनडी और टीएचआर का वितरण, 15 से 22 मार्च तक वृद्धि निगरानी सप्ताह का आयोजन किया जाएगा. 16 मार्च को पोषण ट्रैकर एप की जानकारी दी जाएगी. 18 और 19 मार्च को कैंप मोड पर पोषण ट्रैकर संबंधित गतिविधियों का संचालन होगा.

## अंबा बताये, किसने बनाया था भाजपा से चुनाव लड़ने का दबाव : आदित्य साहू

संवाददाता। रांची

कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद ने आरोप लगाया है कि भाजपा उनपर चतरा या हजारीबाग लोकसभा सीट से पार्टी की टिकट पर चुनाव लड़ने का दबाव बना रही थी. इसको लेकर भाजपा के प्रदेश महामंत्री और राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू ने प्रेस कॉन्फ्रेंस किया. उन्होंने कहा कि अंबा प्रसाद ईडी की कार्रवाई के बाद अनर्गल बयानबाजी कर रही है. कहा कि अंबा प्रसाद यह बताये कि आखिर वह कौन लोग है जो उन पर भाजपा से चुनाव लड़ने का दबाव बना रहे थे. उन लोगों का नाम और चेहरा उजागर करें. बड़कागांव की जनता यह जानना चाहती है. आदित्य साहू ने कहा कि बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र में पिछले 15 साल से अंबा प्रसाद के परिवार के लोग चुनाव जीत रहे हैं. वहां की स्थिति इन्होंने खराब कर दी है. खुलेआम बालू की लूट हो रही है. पुलिस जब बालू लदे ट्रक को जब्त करती है तो उनके गुर्गे जबरदस्ती थाना से छुड़ा कर ले जाते हैं. उन्होंने अंबा प्रसाद पर पतरातू में कयूम अंसारी और जमील अंसारी की जमीन लूटने का आरोप लगाया.

**यूपी और बिहार जा रहा झारखंड का बालू :** आदित्य साहू ने कहा कि जब-जब झारखंड में कांग्रेस के समर्थन से सरकार बनती है. राज्य में खान, खनिज और जमीन की लूट होती है. झारखंड का बालू यूपी और बिहार जा रहा है, लेकिन यहां के लोगों को 50 रुपये बोरी बालू खरीदना पड़ रहा है.

### गलत बयान देकर ध्यान हटाना चाहती हैं : प्रतुल

रांची। बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद के आवास सहित 17 ठिकानों पर मंगलवार को ईडी ने 18 घंटे तक छापेमारी की थी. वहीं बुधवार को भी अंबा प्रसाद के हजारीबाग के हुरहुरु स्थित आवास पर ईडी ने दबिश दी है. इसको लेकर अंबा प्रसाद ने आरोप लगाया था कि भाजपा में शामिल नहीं हुई तो पार्टी दबाव बनाने के लिए छापेमारी करवा रही है. अंबा के इस आरोप पर भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने पलटवार किया है. प्रतुल शाहदेव ने कहा कि अंबा प्रसाद तथ्यहीन बयान देकर खुद पर लगे भ्रष्टाचार के आरोप से ध्यान हटाना चाहती हैं.

**प्रेसवार्ता** 76 छात्र-छात्राओं को गोल्ड मेडल मिलेंगे, जिनमें 41 बेटियां व 21 बेटे होंगे शामिल

# कल होगा रांची विवि का दीक्षांत समारोह : कुलपति

संवाददाता। रांची

रांची विश्वविद्यालय के 37वें दीक्षांत समारोह को लेकर कुलपति प्रो. अजीत कुमार सिन्हा ने बुधवार को प्रेस वार्ता की. उन्होंने बताया कि 15 मार्च को विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह होगा. इसके मुख्य अतिथि झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन और विशिष्ट अतिथि केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा होंगे. समारोह का आयोजन विश्वविद्यालय के दीक्षांत मंडप में होगा. कुल 76 छात्र-छात्राओं को गोल्ड मेडल दिया जाएगा. जिसमें 41 लड़कियां और 21 लड़के शामिल है. 76 गोल्ड मेडल में 61 विश्वविद्यालय के छात्र हैं और 15 स्पॉन्सर के लिए हैं. दीक्षांत समारोह में शामिल होने वाले छात्रों में लड़कों को सफेद कुर्ता पजामा, वहीं लड़कियों के लिए लाल पाड़ की सफेद साड़ी या सफेद सलवार कमीज के साथ लाल दुपट्टा निर्धारित किया गया है. बेस्ट ग्रेजुएट को भी मेडल दिया जाएगा. इस दीक्षांत समारोह में लड़कों की तुलना लड़कियों ने बाजी मारी है.



**खास बात**

- लड़कियों को लाल पाड़ की सफेद साड़ी या सफेद सलवार-कमीज व लाल दुपट्टा पहनना होगा

**प्रेस वार्ता में ये रहे मौजूद :** प्रेस वार्ता में रजिस्ट्रार डॉ. विनोद नारायण, परीक्षा नियंत्रक डॉ. आशीष झा, प्रोक्टर डॉ. मुकुंद चंद मेहता, एफओ डॉ. प्रीतम कुमार, सीसीडीसी डॉ. पीके झा और रांची विश्वविद्यालय की प्रवक्ता डॉ. स्मृति सिंह समेत अन्य शामिल थे.

**किन विषयों के कितने विद्यार्थी**

| | |
|---|---|
| गोल्ड मेडल | 6 |
| पीएचडी की उपाधि | 106 |
| एमफिल | 30 |
| एमएससी | 630 |
| एमकॉम | 649 |
| एमबीए | 152 |
| एमसीए | 50 |
| एलएलएम | 14 |
| एमडी | 39 |
| एमएस | 10 |
| एमएड | 40 |
| एमए | 2262 |
| टोटल | 4043 |

### लोस चुनाव और होली को लेकर पुलिस कर्मियों की छुट्टी रद्द

रांची। लोकसभा चुनाव और होली को लेकर रांची जिला बल के पुलिसकर्मियों की छुट्टी रद्द कर दी गयी है. विधि-व्यवस्था के मद्देनजर यह फैसला लिया गया है. विशेष मामलों में जरूरत के अनुसार अवकाश स्वीकृत किया जा सकता है. रांची एसएसपी ने इसको लेकर आदेश जारी कर दिया है. जारी आदेश के मुताबिक, आगामी लोकसभा चुनाव और होली की विधि-व्यवस्था को देखते हुए सभी तरह के अवकाश अगले आदेश तक स्थगित कर दिए गए हैं. पूर्व से अवकाश स्वीकृत होने की स्थिति में भी अधोहस्ताक्षरी के अनुमति के बिना कोई भी पुलिस पदाधिकारी और कर्मी अवकाश में नहीं जा सकते हैं.

CLASSIFIED









राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार




www.lagatar.in | गुरुवार 14 मार्च 2024 ● फाल्गुन शुक्ल पक्ष 04, संवत 2080 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ ~~6~~ ● वर्ष : 1, अंक : 326 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र


### पूर्व सीएम हेमंत सोरेन के समर्थन में आगे आए विभिन्न आदिवासी संगठनों के लोग, राजधानी रांची में निकाला न्याय आक्रोश मार्च

# चेताया : हेमंत सोरेन को रिहा नहीं किया तो खनिज राज्य से बाहर जाने नहीं देंगे

**विशेष संवाददाता। रांची**

पूर्व सीएम हेमंत सोरेन के समर्थन में बुधवार को विभिन्न आदिवासी संगठनों ने राजधानी रांची में न्याय आक्रोश मार्च निकाला. इसमें विभिन्न संगठनों के लोगों ने अपने-अपने तरीके से कार्यक्रम किए. इस मार्च के जरिए केंद्र सरकार और ईडी को चेतावनी दी गयी. कहा गया कि अगर हेमंत सोरेन जल्द रिहा नहीं किया गया तो झारखंड से खनिज संपदा बाहर जाने नहीं देंगे. इसको लेकर झारखंड बंद और आर्थिक नाकेबंदी की जाएगी. जरूरत पड़ी तो महिलाएं जनी शिकार का रूप धारण करके सड़क पर उतरेंगी. कोकर से निकाला गया मार्च राजभवन पहुंचा.

मौके पर केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष अजय तिर्की ने कहा कि भाजपा सत्ता हथियाने के लिए स्वतंत्र एजेंसी का दुरुपयोग कर रही है. केंद्र सरकार तानाशाही नीति पर चल रही है. देश में एकमात्र आदिवासी सीएम को केंद्र की भाजपा सरकार ने सीएनटी एक्ट जमीन पर फंसाया. जिस तरह से मात्र 8 एकड़ भुईंहरी जमीन खरीद-बिक्री के झूठे मामले में जेल भेजा है, वह बर्दाश्त नहीं करेंगे. हमलोग ईंट से ईंट बजा देंगे. मार्च में शामिल महिलाओं ने कहा कि अगर हमारे आदिवासी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जल्द से जल्द नहीं छोड़ा गया तो जल्द ही हम लोग जनी शिकार करके जेल का फाटक तोड़ कर उन्हें रिहा करेंगे.

**चेतावनी दी**

- झारखंड बंद का आह्वान व आर्थिक नाकेबंदी की जाएगी
- महिलाएं जनी शिकार का रूप धारण करके सड़क पर उतरेंगी




फोटो : रमीज

### अलग-अलग गुट में मार्च निकाला कार्यक्रम भी अलग-अलग हुए

हेमंत के न्याय के लिए निकाला गया न्याय आक्रोश मार्च आगे चलकर अलग-अलग गुट और अलग-अलग कार्यक्रम के स्वरूप में बदला गया. केंद्रीय सरना समिति अजय तिर्की गुट ने कोकर समाधि स्थल से मार्च आयोजित किया, जो लालपुर, अलबर्ट एक्का चौक, कचहरी होते हुए राजभवन पहुंचा. वहीं अलबिन लकड़ा गुट ने मोरहाबादी स्थित सिदो-कान्हू पार्क से एक बाइक रैली निकाला. जो सिदो कान्हू पार्क, हरमू रोड, अरगोड़ा चौक,अशोक नगर, सुजाता चौक, अलबर्ट एक्का चौक, रेडियम रोड होते हुए मोरहाबादी गेस्ट हाउस पहुंचा. इसमें सोनू उरांव, राजेश लिंडा, संजय लोहरा, अजीत लकड़ा सहित कई लोग शामिल थे. वहीं अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद के जिला अध्यक्ष कुंदरसी मुंडा के नेतृत्व मोरहाबादी मैदान से मार्च निकाला गया, जो कचहरी रोड होते हुए अलबर्ट एक्का चौक पहुंचा, जहां से फिर वापस मोरहाबादी मैदान पहुंचा.

### रंगदारों के खिलाफ रणनीति : एसएसपी कार्यालय में हुई अहम बैठक

# विधि व्यवस्था तोड़ने वाले 900 से अधिक हुए चिह्नित

**संवाददाता। धनबाद**

कोल डंप व आउटसोर्सिंग में बवाल काटने वालों के खिलाफ सख्त एक्शन लिया जाएगा. धनबाद में विधि व्यवस्था को बिगाड़ने वाले 900 से अधिक वांछितों को चिह्नित किए गए हैं. इनमें बीसीसीएल कोल डंप और आउटसोर्सिंग स्थलों में रंगदारी करने वाले, उन्हें रकम देकर बवाल कराने वाले, धरना प्रदर्शन की आड़ में विधि व्यवस्था तोड़ने वाले सारे लोग शामिल हैं. इनमें जो लोग भी तीन से अधिक मुकदमों में नामजद हो चुके हैं, ऐसे लोगों के खिलाफ सीसीए के तहत कार्रवाई तय है, ऐसे तत्वों के खिलाफ अन्य निरोधात्मक कार्रवाई भी की जाएगी. उक्त निर्णय बुधवार को एसएसपी धनबाद के कार्यालय में आयोजित बैठक में ली गई है.

इस बैठक में एसएसपी एचपी जर्नादनन ने बीसीसीएल क्षेत्र के 12 जीएम, डायरेक्टर टेक्निकल, सीआइएसएफ डीआईजी और आउटसोर्सिंग कंपनी के निदेशकों को भी बुलाया था. बैठक में धनबाद के सारे वरीय पुलिस पदाधिकारी भी शामिल थे. एसएसपी जर्नादनन ने बताया कि हाल के दिनों में कोल डंप और आउट सोर्सिंग स्थलों पर बवाल हुए थे. इन मामलों में विधि व्यवस्था को लेकर कई बातें सामने आई थीं. इन मुद्दों पर होने वाली समस्या और उनके समाधान को लेकर व्यापक चर्चा हुई. बीसीसीएल डायरेक्टर टेक्निकल, 12 एरिया के जीएम, आउट सोर्सिंग स्थलों के निदेशक, सीआईएसएफ के डीआईजी सभी के साथ वार्ता हुई. उनसे हर समस्या के बारे में व्यापक चर्चा की गई. इस दौरान कई बातें सामने निकल आई हैं, इनका समाधान निकाला जा रहा है ताकि कोई भी रंगदार अब विधि व्यवस्था के साथ खिलवाड़ नहीं कर सकें.



**सख्त कार्रवाई के निर्देश** : *सीआईएसएफ डीआईजी, बीसीसीएल के 12 एरिया के जीएम, आउटसोर्सिंग कंपनी के निदेशक, डायरेक्टर टेक्निकल के साथ धनबाद की पुलिस टीम ने बनाई रणनीति.*

- कोल डंप व आउटसोर्सिंग में रंगदारी करने वालों की सूची बनाएं, कहा आप एफआईआर करें या फिर हमें दें सूची
- सीआईएसएफ की गश्ती को पुलिस टीम भी करेगी सपोर्ट, कोयला चोरी पर पूरी तरह अंकुश लगेगा

#### जेल से आने वालों व उनके जमानतदारों पर नजर

एसएसपी ने बताया कि रंगदारी के मामलों में पुलिस ने ऐसे लोगों की भी सूची तैयार की है, जो हाल के दिनों में जेल से छूट कर आए हैं और फिर से सक्रिय होकर धनबाद में विधि व्यवस्था को बिगाड़ने का काम कर रहे हैं. ऐसे लोगों को किन लोगों ने जमानत करायी है, इनके पीछे कौन-कौन चेहरे हैं, इन सब पर भी नजर रखी जा रही है. ऐसे लोगों के साथ-साथ इनके जमानतदारों की भी सूची तैयार हो रही है यदि ऐसे तत्वों रंगदारी के मामलों में संलिप्त पाए जाते हैं, इनपर सीसीए के तहत कार्रवाई तय है.

#### थाना व डीएसपी लेबल पर भी होंगी बैठकें

कोलडंप व आउटसोर्सिंग स्थलों पर रंगदारी एक गंभीर मुद्दा है, ऐसे में इस मामले में कड़ी मेहनत की आवश्यकता है. उन्होंने कहा कि न सिर्फ आज बल्कि अब थाना व डीएसपी लेबल पर भी बीसीसीएल अधिकारियों के साथ लगातार बैठकें होंगी. ये बैठकें खासकर रंगदारी व उत्पादन को प्रभावित करने वाले तत्वों के खिलाफ एक्शन निर्धारित करने के लिए होंगी. थानों में भी ऐसे लोगों के खिलाफ त्वरित सूचना दी जा सकती है, ताकि बवाल होने से पूर्व ही उसे दबोच कर सलाखों में डाला जा सके. किसी भी धरना प्रदर्शन में मुंह ढंक कर रखने वालों को देखते ही दबोचा जाएगा.

#### हरेंद्र जैसों शातिरों को नहीं बख्शा जाएगा

एसएसपी ने बताया कि विधि व्यवस्था को बिगाड़ने में कुछ ऐसे लोग भी हैं, जो राजनैतिक चोला पहन कर रंगदारी वसूलने का काम कर रहे हैं. उन्होंने नाम लेते हुए कहा कि हरेंद्र चौहान जैसे लोगों के खिलाफ हत्या समेत दर्जनों मुकदमे हैं, ये लोगों को नौकरी व मुआवजा दिलाने के बहाने अपनी रोटी सेंक रहा था. ऐसे तत्व राजनीति की आड़ में अपनी करतूतों को छिपा लेते हैं. पुलिस हरेंद्र चौहान की तलाश कर रही है, फिलहाल वह फरार चल रहा है. ऐसे तत्वों के खिलाफ एक्शन लिया जाएगा. जल्द ही उसे पकड़कर जेल भेजने का काम किया जाएगा. हरेंद्र चौहान, राम-रहीम जैसे तत्वों के बारे में कहा कि किसी को भी रंगदारी करने की इजाजत नहीं है.

**संवेदनशील स्थलों पर बढ़ेगी पुलिस की गश्ती** : एसएसपी ने बताया कि सीआईएसएफ की बीसीसीएल क्षेत्र में तैनाती है, उन्हें रंगदारी व कोयला चोरी रोकना है,लेकिन उनकी एक सीमा है. यदि ऐसे में कहीं भी ऐसा लगे कि यहां पर पुलिस की आवश्यकता है, तो उन क्षेत्रों की सूची उपलब्ध करा दें, ताकि उन क्षेत्रों में पुलिस पार्टी की गश्ती की जा सके. यहां पर सीआईएसएफ को पुलिस की तरफ से हरसंभव मदद देने का वादा एसएसपी ने किया है. साथ ही उन्हें क्षेत्र में सक्रिय रहने की भी बात कही है

### मुख्य आरोपी समेत दो वांछित हुए गिरफ्तार

**जमशेदपुर ।** जमशेदपुर के टाटानगर स्टेशन के एंट्री गेट से आरपीएफ और जीआरपी ने संयुक्त रूप से अ भिय ान चलाकर दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार अपराधियों में अ भिज ीत मंडल उर्फ कांडी और गौरव कुमार राम शामिल हैं. दोनों के पास से पुलिस ने एक देसी कट्टा, एक देसी पिस्टल और चार गोली बरामद किए हैं. दोनों अपराधी बीते एक फरवरी को सीतारामडेरा में हुए टकलू लोहार हत्याकांड मामले में मुख्य आरोपी हैं. कोलकाता जाने की तैयारी में थे दोनों जानकारी देते हुए रेल डीएसपी हेडक्वार्टर-वन जयश्री कुजूर ने बताया कि मंगलवार रात दोनों संदिग्ध अवस्था में टाटानगर स्टेशन मुख्य एंट्री गेट के पास घूम रहे थे. इसी दौरान दोनों को पकड़कर पूछताछ की गई.

- टकलू लोहार हत्याकांड में पुलिस को मिली बड़ी सफलता
- एक फरवरी को सीतारामडेरा में टकलू लोहार की हुई थी हत्या

### परिजनों ने सामूहिक दुष्कर्म का लगाया आरोप

# किशोरी की हत्या का प्रयास, आरोपी धराया

**16** फरवरी की रात 11 बजे लड़की घर से निकली

**17** फरवरी को स्वर्णरेखा नदी तट पर बेहोश मिली

**संवाददाता। चांडिल**

नाबालिग लड़की को जहर खिलाकर जान से मारने का प्रयास करने के आरोप में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया. जानकारी के अनुसार चांडिल थाना क्षेत्र के एक गांव की एक नाबालिग लड़की 16 फरवरी की रात लगभग 11 बजे घर से कहीं चली गई थी. लड़की के पिता ने बताया कि दूसरे दिन 17 फरवरी को सुबह गांव से दो-तीन किलोमीटर दूर स्वर्णरेखा नदी के पास लड़की बेहोशी की हालत में मिली. परिजनों ने उसे इलाज के लिए तत्काल एमजीएम अस्पताल जमशेदपुर में भर्ती कराया. पीड़िता के पिता ने बताया कि 20 फरवरी को लड़की के होश में आने पर उसने कहा कि गांव का एक युवक उसे रात में बहला-फुसलाकर जंगल ले गया और जहर पिला दिया.

#### घटना के 25 दिन बाद हुई गिरफ्तारी

इस संबंध में लड़की के पिता ने चांडिल थाना में 22 फरवरी को लिखित आवेदन देकर घटना की जांच पड़ताल करते हुए कानूनी कार्रवाई करने का आग्रह किया था. चांडिल थाना कि पुलिस ने अनुसंधान के दौरान घटना के 25 दिनों बाद आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया. इस मामले पर चार मार्च को बड़ी संख्या में महिलाओं ने चांडिल थाना का घेराव किया था. उस समय ग्रामीण महिलाओं व परिजनों ने आरोप लगाया था कि नाबालिग पीड़िता के साथ सामूहिक दुष्कर्म भी किया गया है. इस संबंध में चांडिल थाना प्रभारी ने बताया कि मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद सारी चीजों का खुलासा हो जाएगा. इसके बाद नियमानुसार कार्रवाई होगी. पुलिस घटना के सभी बिंदुओं पर गहन जांच कर रही है.



चांडिल थाना प्रभारी ने बताया कि मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद सारी बातों का खुलासा हो जाएगा

### मझगांव के के एक गांव में हुई घटना, थाने में केस

# छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म

**संवाददाता । मझगांव**

मझगांव थाना क्षेत्र के एक गांव में 13 वर्षीय नाबालिग छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म का मामला थाना में दर्ज कराया गया है. बुधवार को पीड़ित छात्रा की मां ने इसकी सूचना मझगांव थाना को दी. पीड़ित छात्रा की मां ने बताया कि मंगलवार सुबह 11 बजे बेटी नहाने के लिए गांव से कुछ दूरी पर स्थित तालाब गई थी. उस दौरान वहां कोई नहीं था. जल्दी से बेटी नहा कर घर आने वाली थी. तभी गांव के पांच लड़कों ने उनकी बेटी से सामूहिक दुष्कर्म किया. उन्होंने किसी को नहीं बताने की धमकी दी. काफी देर बाद बेटी अर्धनग्न अवस्था में घर पहुंची. डर के कारण उसने घर में कुछ नहीं बताया. शाम को जब हम और उसके पिता जंगल से घर आए तो काफी पूछने के बाद घटना के बारे में उसने विस्तार से सारी बात बतायी. धमकी के कारण हम लोग भी डरे हुए थे. काफी हिम्मत कर बुधवार सुबह 10 बजे मझगांव थाना प्रभारी को घटना की जानकारी दी. सूचना के अनुसार छात्रा गांव के ही एक स्तूल में पढ़ी कर रही है. थाना प्रभारी विनोद तिर्की ने पुलिस वाहन भेज कर पीड़ित छात्रा का मेडिकल कराया और मामला दर्ज कर अनुसंधान में जुट गए हैं.

मझगांव के थाना प्रभारी विनोद तिर्की ने बताया कि स्कूली छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म की सूचना परिजन ने दी है. पुलिस टीम भेज कर बच्ची को घर से लाकर उनका मेडिकल कराया गया है और मामला दर्ज किया गया है. मामले का अनुसंधान जारी है. एक भी आरोपी नहीं बच पाएगा.



फाइल फोटो

**खास बातें**

- पीड़ित नाबालिग छात्रा का कराया गया मेडिकल टेस्ट
- आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस कर रही छापामारी

### वीडी राम के खिलाफ शहर में लगे पोस्टर



**पलामू ।** लोकसभा चुनाव से पहले पलामू से भाजपा के लिए चिंता वाली खबर सामने आ रही है. पलामू में जगह-जगह पर पोस्टरबाजी कर पलामू के वर्तमान सांसद वीडी राम का विरोध किया जा रहा है. सासंद वीडी राम का विरोध पलामू जिले के पड़वा, नवाबाजार थाना क्षेत्र और चैनपुर थाना क्षेत्र में पोस्टरबाजी कर इसका विरोध जाहिर किया है. पोस्टर में पलामू में बाहरी सासंद नहीं चलेगा, नहीं चलेगा, क्षेत्रीय उम्मीदवार की घोषणा करो, बाहरी भगाओ स्थानीय के उम्मीदवार बनाओ, फर्जी जाति प्रमाण पत्र उम्मीदवार नहीं चलेगा, मोदी तुमसे बैर नहीं, बाहरी वीडी राम का खैर नहीं...जैसे नारे लिखे गए हैं.

### लॉटरी का खेल चाय-पान की दुकानों से गायब हुए हॉकर, बंधे बंधाए ग्राहकों को बेची जा रही लॉटरी

# गांधी रोड के लालबाबू ने बदला कारोबार का ठिकाना



अवैध लॉटरी का **कारोबार** 8

**संवाददाता। धनबाद**

गांधी रोड के रहने वाले लॉटरी माफिया लालबाबू सिंह ने कारोबार का ठिकाना बदल लिया है. साथ ही काम करने के तरीके में बदलाव लाया है. उसकी लॉटरी अब चाय-पान की दुकानों के बजाय सीधे हाथों-हाथ पार्टी को बेची व खरीदी जा रही है. लॉटरी के अवैध कारोबार को लेकर शुभम संदेश में चलाई जा रही मुहिम के महत लालबाबू सिंह पर छपी खबर के बाद लालबाबू सिंह ने अपने सभी हॉकर को एक सप्ताह की लॉटरी एक बार में ही दे दी है. यानि वो एक सप्ताह तक लॉटरी हॉकर से दूर रहेगा. सिर्फ इतना ही नहीं उसे सोशल मीडिया से भी अपने सारे खाते हटा लिए हैं ताकि उसकी कोई निशानदेही न हो सके. बता दें कि लालबाबू सिंह धनबाद में लॉटरी का कारोबार कर अकूत संपत्ति बना ली है. कभी लॉटरी खेलने में उसकी गाड़ी बिकी थी, बाद में उसने लॉटरी बेच और बिकवा कर कई गाड़ियां खरीदी और गांधी रोड में शानदार घर भी बना लिया है.

- पूरे सप्ताह की एक बार में ही दे दी जा रही है लॉटरी की टिकटें, हॉकरों से मिलना-जुलना किया कम
- एलबी के मार्का से बिकती है लालबाबू की लॉटरी, पश्चिम बंगाल में होती है लालबाबू के टिकट की छपाई

#### तीन साल पहले पकड़ाया था, रकम देकर छूटा

लालबाबू सिंह को बैंकमोड़ पुलिस ने करीब तीन साल लॉटरी के अवैध कारोबार करने में दबोचा था. उसके घर से लाखों रुपये की लॉटरी भी बरामद हुई थी, इस बरामदगी को लेकर पुलिस ने कहा कि उसके पास से बीती हुई तारीखों की लॉटरी बरामद हुई थीं, इस कारण उसके खिलाफ कोई मुकदमा दर्ज नहीं किया गया, जबकि सच्चाई कुछ और थी, पुलिस द्वारा मोटी रकम लेकर उसे छोड़ने की बात तक चर्चे में रही थी. हालांकि इस छापेमारी के बाद लालबाबू के रिश्तेदारों और उनके बेटों ने इस कारोबार से उसे दूरी बनाने की सलाह दी थी. करीब डेढ़ माह तक उसने खुद को कारोबार से दूर भी रखा लेकिन फिर अवैध कमाई की लालच ने उसे लॉटरी बिकवाने पर मजबूर कर दिया.



लालबाबू सिंह.

**पुलिस की रडार पर लालबाबू** : लालबाबू सिंह पुलिस की भी रडार पर है. क्योंकि उसका एक हॉकर बीते रविवार को लॉटरी बेच रहा था, तभी एक पुलिस कर्मी ने उसे पकड़ा, नाम आदि पूछने के बाद उसे छोड़ दिया, क्योंकि उसके पास महज कुछ टिकट ही थे.

**भूली के मुकेश ने भी उगला था नाम** : बैंकमोड़ के नगर निगम कार्यालय के समक्ष से पुलिस ने भूली के मुकेश नामक हॉकर को अवैध लॉटरी की टिकटों के साथ पकड़ा था. पूछताछ में मुकेश ने भी कहा था कि वह लालबाबू सिंह की टिकट बेचता है.

**झारखंड में प्रतिबंधित है लॉटरी** : झारखंड में लॉटरी पूरी तरह से प्रतिबंधित है. बावजूद इसके लॉटरी का अवैध कारोबार करने वाले बिना खौफ कारोबार कर रहे हैं. स्थानीय पुलिस से सेटिंग-गेटिंग कर गरीबों को अमीर बनाने का सपना दिखाते हैं.

### दुकान में चोरी, लाखों के मोबाइल ले उड़े चोर

**जमशेदपुर ।** जमशेदपुर के बागबेड़ा थाना अंतर्गत रोड नंबर वन स्थित सीएस इलेक्ट्रॉनिक में बीती रात चोरों ने फिर से चोरी की घटना को अंजाम दिया है. दूसरी बार घटी इस घटना से पीड़ित दुकानदार ने बागबेड़ा थाना की कार्यशैली पर सवाल खड़ा किया है. बताया जा रहा है कि दुकानदार चंदन कुमार मंगलवार रात 10 बजे अपनी दुकान को बंद कर घर चले थे, सुबह जब दुकान खोलने आए तो देखा कि दुकान के शटर का दोनों ताला टूटा हुआ था. अंदर जाकर उन्होंने पाया कि उनके दुकान के अंदर लगभग रखे 11 नए स्मार्ट फोन, छह से सात रिपेयर वाले फोन और एसेसरीज गायब है. देर ना करते हुए पीड़ित दुकानदार ने इसकी जानकारी बागबेड़ा थाने को दी. जानकारी मिलते ही बागबेड़ा पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और सीसीटीवी फुटेज को खंगालने लगी है.

# नक्सली टुनेश उरांव छत्तीसगढ़ से गिरफ्तार, एके 47 बरामद

**संवाददाता। गढ़वा**

गढ़वा जिले का कुख्यात नक्सली पांच लाख का इनामी टुनेश उरांव सहित 6 नक्सली को छत्तीसगढ़ के जशपुर पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार किया. नक्सलियों के पास से एके 47, गोला बारूद और हथियार बरामद किया गये है. जशपुर पुलिस ने उसके साथ अन्य पांच नक्सली को भी गिरफ्तार किया है. गढ़वा एसपी, बलरामपुर एसपी और जशपुर संभाग के आईजी ने संयुक्त रूप से प्रेसवार्ता में इसकी जानकारी दी. गढ़वा एसपी दीपक पांडेय मौके पर मौजूद थे. छत्तीसगढ़ के सरगुजा आईजी अंकित गर्ग ने बताया की झारखंड और छत्तीसगढ़ में टुनेश उरांव पर 31 मामले दर्ज हैं. लगातार पुलिस ऑपरेशन चलाकर कुख्यात नक्सली टुनेश उरांव के साथ उसके दस्ते को धर दबोचने की प्रयास जारी था. इसी बीच गुप्त सूचना के आधार पर गढ़वा पुलिस और छत्तीसगढ़ पुलिस ने मिलकर ये सफलता पाई है. टुनेश उरांव 10 वर्ष जेल की सजा काटकर निकलने के बाद फिर से नक्सली धारा में काम शुरू किया था. वह पुलिस मुठभेड़ सहित आगजनी, लेवी सहित कई मामले में शामिल था. गढ़वा पुलिस में मार्च 2024 में टुनेश उरांव पर पांच लाख का इनाम भी रखा था.

**खास बातें**

- छत्तीसगढ़ की जशपुर पुलिस ने किया गिरफ्तार
- गोला -बारूद और हथियार भी बरामद किए गए

## ब्रीफ खबरें

### आग में झुलसे बच्चे की इलाज के दौरान मौत

**लातेहार।** शहर के बहेराटांड़ में गत मंगलवार को संदीप भुईयां का चार वर्षीय पुत्र खेलने के दौरान पुआल में लगी आग से झुलस गया था. सदर अस्पताल में प्राथमिक इलाज के बाद उसे रिम्स रेफर कर दिया गया था. रिम्स में इलाज के दौरान मंगलवार की रात उसकी मौत हो गयी. चिकित्सकों के अनुसार वह 90 प्रतिशत जल चुका था. घटना के बाद से परिजन सदमे में हैं.

### रंकागढ़ में कुएं में गिरने से विक्षिप्त की हुई मौत

**गढ़वा।** रंका गढ़ परिसर स्थित कुएं में गिरने से कईल चौधरी, उम्र- 40 वर्ष की मौत हो गई. रंका गढ़ परिवार के लोग कुएं में डूबे युवक को निकालने के लिए रस्सी पकडाते रहे पर विक्षिप्त युवक ने रस्सी नहीं पकड़ा. देखते ही देखते वह कुएं की गहराई में समा गया. इसके बाद लोगों ने घटना की जानकारी रंका थाना प्रभारी अनिल कुमार नायक को दी. उसके बाद मौके पर पुलिस पहुंची और शव को बाहर निकाला.

### केंद्रीय विद्यालय प्रबंध समिति की बैठक 18 को

**लातेहार।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय प्रबंध समिति, लातेहार की बैठक आगामी 18 मार्च को विद्यालय परिसर में उपायुक्त सह समिति की अध्यक्ष गरिमा सिंह की अध्यक्षता में पूर्वाह्न 11.30 बजे से आयोजित की जायेगी. यह जानकारी विद्यालय के प्राचार्य शैलेंद्र प्रताप सिंह ने दी. उन्होने बैठक में भाग लेने की अपील समिति के सदस्यों से की है.

### प्रवेश परीक्षा अब परीक्षा 22 मार्च को

**लातेहार।** मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय, लातेहार में कक्षा छह से नौ तक के लिए प्रवेश परीक्षा अब आगामी 22 मार्च को आयोजित की जायेगी. इस आशय की जानकारी विद्यालय के वरीय शिक्षक नरेंद्र पांडेय ने दी. उन्होंने बताया कि परीक्षा के तीन दिन पूर्व विद्यालय में आ कर प्रवेश पत्र प्राप्त किया जा सकता है.

### चोरी के आरोपी को पुलिस ने धर दबोचा

**कांडी।** थाना क्षेत्र के खरौंधा गांव निवासी उमेश यादव के 21 वर्षीय पुत्र बबन यादव को चोरी के इल्जाम में कांडी पुलिस ने घर से गिरफ्तार कर स्थानीय मझिआंव रेफरल अस्पताल में कोविड जांच के पश्चात जेल भेज दिया है. इस संबंध में पूछने पर बबन ने अपनी गलती स्वीकार करते हुए बताया कि सुंडीपुर गांव में लगा टेंट से लोहे का चोरी किया था. इस संबंध में कांडी थाना प्रभारी गुलशन कुमार गौतम ने बताया कि अनिल पाल का टेंट का सामान चोरी गया था. अनिल पाल के द्वारा दिए गए लिखित आवेदन के आलोक में थाना कांड संख्या 23/24 के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज किया गया.

### भवनाथपुर के मजदूर की ओडिशा में हुई मौत

**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र का एक और युवक पलायन की भेंट चढ़ गया. बाहर कमाने गए मकरी के निमिया टोला निवासी स्व. संतर राम के 47 वर्षीय पुत्र अक्षयवर राम की मौत इलाज के दौरान उड़ीसा के कटक हॉस्पीटल में हो गई. बुधवार सुबह मृतक का शव उसके पैतृक आवास पहुंचते ही परिजनों के चीत्कार से माहौल गमगीन हो गया. मृतक का दाह संस्कार बगही नदी के श्मशान घाट पर किया गया. परिजनों के अनुसार अक्षयवर राम सात माह पूर्व ही उड़ीसा राज्य एक निजी कम्पनी में काम करने गया था. कई दिनों से बीमार था.

### पलामू प्रमंडल में तीनों जिलों में एग्जाम के लिए 11 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे

# सीबीएसई 10वीं की परीक्षा संपन्न, परीक्षार्थियों में दिखी खुशी

**संवाददाता। मेदिनीनगर**



सीबीएसई 10वीं की परीक्षा बुधवार को पलामू प्रमंडल के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर कदाचार मुक्त शांतिपूर्ण संपन्न हो गई. परीक्षा के अंतिम दिन विद्यार्थियों में उत्साह देखा गया. परीक्षा देकर परीक्षा केंद्रों से निकले विद्यार्थी तनाव मुक्त दिखे. पलामू प्रमंडल के सिटी कोऑर्डिनेटर डॉ जीएन खान ने बताया कि इस परीक्षा में पलामू प्रमंडल के तीनों जिलों में कुल 11 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे, जिनमें पलामू जिले में एम.के.डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल डालटेनगंज, रोटरी स्कूल चैनपुर, हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल चियांकी डालटनगंज व आदित्य बिरला पब्लिक स्कूल रेहला पलामू, गढ़वा जिले में बीएनटी सेंट मेरी पब्लिक स्कूल, बीपीडीएवी पब्लिक स्कूल, सरस्वती विद्या मंदिर भवनाथपुर व डीएवी पब्लिक स्कूल भवनाथपुर तथा लातेहार जिले में जवाहर नवोदय विद्यालय लातेहार, केंद्रीय विद्यालय लातेहार व नेतरहाट आवासीय विद्यालय लातेहार को केंद्र बनाया गया था. इन सभी केंद्रों पर यह परीक्षा 19 फरवरी से शुरू हुई थी. उन्होंने बताया कि तीनों जिलों में कहीं से भी किसी भी अप्रिय घटना की जानकारी नहीं मिली है. इन केंद्रों पर मोबाइल इत्यादि इलेक्ट्रॉनिक गैजट लाना वर्जित था. इस बार फ्रिस्किंग दल का भी गठन हुआ था. इस दल के सदस्यों ने बालक - बालिकाओं का अलग-अलग शारीरिक जांच- पड़ताल की. उन्होंने बताया कि अंतिम दिन इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी विषय की परीक्षा थी. प्रश्न पत्र में प्रश्न संतुलित थे. प्रश्नों के चयन में कठिनाई स्तर का ध्यान रखा गया था. स्थानीय एमकेडीएवी पब्लिक स्कूल केंद्र पर कुल 849 छात्र परीक्षा देने हेतु पंजीकृत थे, जिसमें 839 उपस्थित एवं 10 अनुपस्थित थे. यहां वीक्षण कार्य हेतु नगर के विभिन्न विद्यालयों रोटरी स्कूल चैनपुर, गुरु गोविंद सिंह पब्लिक स्कूल, ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, हेरिटेज इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल, विमला पांडे ज्ञान निकेतन पब्लिक स्कूल के शिक्षकों ने योगदान दिया.

**खास बातें**

- परीक्षा केंद्रों से निकले विद्यार्थी तनाव मुक्त दिखे
- अंतिम दिन विद्यार्थियों में उत्साह देखा गया

### साढ़े 36 करोड़ की लागत से मेराल में बनेगा सर्व सुविधा युक्त डिग्री कॉलेज

# उच्च शिक्षा के लिए भटकेंगे नहीं गढ़वा के विद्यार्थी:मंत्री

**संवाददाता। गढ़वा**



गढ़वा के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा ग्रहण करने के लिए अब दूर दराज में भटकना नहीं पड़ेगा. विद्यार्थियों को अपने-अपने क्षेत्र में ही उच्च शिक्षा की बेहतर सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है. इसके तहत गढ़वा ज़िला अंतर्गत मेराल प्रखंड के लातदाग में एक बहुमंज़िला एवं सर्वसुविधा युक्त डिग्री कॉलेज का निर्माण किया जाएगा. राज्य कैबिनेट ने इसकी स्वीकृति प्रदान कर दी है. यह कॉलेज 36.5 करोड़ रुपए की लागत से झारखंड भवन निर्माण निगम द्वारा बनाया जाएगा. निविदा की प्रक्रिया पूर्ण कर शीघ्र ही इसका कार्य प्रारंभ होगा.

जानकारी देते हुए गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता व उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बताया कि यह डिग्री कॉलेज चार मंज़िला होगा. जिसमें लगभग 1.5 लाख स्क्वायर फीट में प्रशासनिक भवन एवं कॉलेज होंगे. कॉलेज में लाइब्रेरी, डिस्कशन हॉल, इंडोर स्पोर्ट्स एरीना, लेबोरेट्री, कंप्यूटर लैब, सेमिनार हॉल, ओपन एयर थियेटर, स्टडी लाउंज, कैंटीन, स्टूडेंट लाउंज, डिजिटल लाइब्रेरी, लिफ्ट आदि की बेहतर सुविधा होगी. इसमें प्रिंसिपल क्वार्टर के साथ साथ स्टाफ क्वार्टर का भी प्रावधान इसके कैंपस में ही किया गया है. पूरा कॉलेज सीसीटीवी के दायरे में होगा. हर फ्लोर लगभग 40 हज़ार स्क्वायर फीट का होगा. इसमें साइंस, आर्ट्स एवं कॉमर्स तीनों स्ट्रीम की पढ़ाई होगी. उन्होंने कहा कि यह कॉलेज मेराल प्रखंड के विद्यार्थियों की शिक्षा में मील का एक पत्थर साबित होगा. अब यहां के छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए कहीं बाहर जाने की ज़रूरत नहीं पड़ेगी. मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि गढ़वा वासियों के प्यार, आशीर्वाद एवं स्नेह से ही गढ़वा में ऐसे ऐतिहासिक कार्य हो रहे हैं. इन कार्यों को वर्षों पहले हो जाना चाहिए था, परंतु जनप्रतिनिधियों की उदासीनता या उनकी अदूरदर्शिता हमारे विकास में बाधा बनी.

**खास बातें**

- राज्य कैबिनेट से मिल चुकी है पहले ही स्वीकृति
- अपने क्षेत्र में ही मिलेगी बेहतर सुविधा

## केंद्र की घटिया राजनीति से उब चुकी है जनता : मिथिलेश

### दो दर्जन से अधिक लोगों ने थामा झामुमो का दामन



गढ़वा विधायक सह मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के रांची स्थित आवास पर बुधवार को दो दर्जन से अधिक लोगों ने झामुमो का दामन थाम लिया. मंत्री श्री ठाकुर ने सभी को माला एवं पार्टी का पट्टा पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर पार्टी में शामिल कराया. पार्टी में शामिल होने वालों में गढ़वा के हरैया ग्राम निवासी संजीव कुमार सिंह लक्की, धीरज सिंह सोनू, अंकुर सिंह, मन्नू सिंह, आशुतोष कुमार, दिलीप सिंह, अमरेश पासवान, मन्नू जायसवाल, सचिन सिंह, जयप्रकाश सिंह, दिनेश कुमार, अमितेश सिंह, शिवम सिंह, रवि कुमार, सुचुन सिंह, सत्यम सिंह, परिहारा निवासी कुणाल सिंह, दीपक कुमार, अरविंद कुमार, तिवारी मरहटिया निवासी ब्रजेश कुमार आदि का नाम शामिल है. मौके पर पार्टी में शामिल होने वालों ने कहा कि वे लोग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के कार्यों से प्रभावित होकर पार्टी में शामिल हो रहे हैं. झामुमो ही एकमात्र झारखंड एवं झारखंड वासियों की हितैशी पार्टी है. इस सरकार से पूर्व राज्य में जितनी भी सरकारें बनी, सभी ने झारखंड को चारागाह समझकर लूटा. अब राज्य का सही मायने में विकास हो रहा है. मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि राज्य में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृ त्व में चौतरफा विकास हुआ है. अब चंपाई सोरेने के नेतृत्व में विकास की एक नई गति मिल रही है.

### आम बागवानी में लगी आग, मंजर जल कर राख

**गुमला।** गुमला थाना क्षेत्र के कतरी गांव में किसान शकीना बीबी के आम बागवानी में मंगलवार की रात आग लग गई. जिससे लगभग पचास आम पेड़ जल गया. आम बागवानी में आगजनी की सूचना मिलने पर रात में ही शकीना का पूरा परिवार खेत पहुंच गए और ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पा लिया गया लेकिन आगजनी की घटना से हुए नुकसान को देखकर शकीना व उसके परिवार के आंखों से आंसू थमने का नाम नहीं ले रहा है. रो-रोकर घटना को अंजाम देने वाले को कोष रहे हैं. शकीना के अनुसार 54 डिसमिल जमीन में लगभग एक सौ आम का पौधा लगाया है. सभी पौधा में मंजर लगे थे. आगजनी की घटना से आम का मंजर पूरी तरह से नष्ट हो गया. पेड़ भी जल गए. शकीना ने कोटाम पीकेट में लिखित शिकायत कर प्राथमिकी दर्ज करते हुए कार्रवाई की मांग की है.

### पारा शिक्षक पर चाकू से हमला, जख्मी

**गुमला।** गुमला से अपना घर तेलगांव जा रहे बाइक सवार पारा शिक्षक बिगु बड़ाईक को मंगलवार की देर शाम अज्ञात अपराधियों ने चाकू मारकर घायल कर दिया. अपराधियों ने बिगु बड़ाईक के बाइक को पीछा करते हुए अपने बाइक से गए और तेलगांव पहुंचने से पहले जांघ और बांह में चाकू से हमला कर दिया. बिगु बड़ाईक कुछ समझ पाता की अपराधी भाग गए. बिगु बड़ाईक के शोर मचाने से ग्रामीण जुट गए और घायल बिगु बड़ाईक को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया है.

# दो सड़क दुर्घटनाओं में एक महिला और बच्चे की मौत

### ग्रामीणों ने चंदवा- बालूमाथ सड़क जाम की




**संवाददात। बालूमाथ(लातेहार)**

थाना क्षेत्र में दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में एक महिला व एक 10 वर्षीय बच्चे की घटनास्थल पर मौत हो गई. पहली घटना मंगलवार देर शाम बालूमाथ प्रखंड कार्यालय के समीप स्थित टीवीएस शोरूम के पास घटी. यहां सड़क में खड़ी बालूमाथ निवासी शांति देवी (55) को तेज रफ्तार में आ रही अज्ञात हाइवा वाहन अपने चपेट में ले लिया. मौके पर ही महिला की मौत हो गई. घटना के बाद स्थानीय पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर अग्रेतर कार्रवाई में जुट गयी. उधर, आक्रोशित ग्रामीणों ने बुधवार को चंदवा- बालूमाथ मुख्य सड़क को तकरीबन दो घंटे तक जाम कर दिया. सूचना मिलने पर प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमा उरांव एवं मकईयाटाड़ पुलिस पिकेट प्रभारी रामजी ठाकुर जाम स्थल पहुंचें. उन्होंने ग्रामीणों को समझाया और तत्काल बीस हजार रुपए नगद एवं राशन उपलब्ध कराया. कहा कि सरकारी प्रावधान के तहत हर संभव मदद की जायेगी. इसके बाद ग्रामीणों ने जाम हटा लिया गया.

# बिहार जा रही शराब की बड़ी खेप को पुलिस ने जब्त की

**संवाददाता। हुसैनाबाद/पलामू**



दंगवार ओपी पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है. पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बिहार तस्करी कर ले जा रही शराब की बड़ी खेप पकड़ी है. दंगवार ओपी के प्रभारी संजय कुमार यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम ने पुलिस ने एक बोलेरो गाड़ी से 1344 बोतल शराब बरामद किया है. हालांकि रात के अंधेरे का फायदा उठाकर शराब तस्कर भागने में सफल रहे.

**गांव के रास्ते ले जा रहे थे शराब :** दंगवार ओपी के प्रभारी संजय कुमार यादव ने बताया कि शराब तस्कर मुख्य सड़क छोड़कर गांव के रास्ते का इस्तेमाल कर रहे थे. गुप्त सूचना के आधार पर इलाके में छापेमारी कर पुलिस ने भारी मात्रा में अवैध शराब जब्त की है. कहा कि जब्त बोलेरो के जरिये पुलिस तस्करों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है. जिस जगह से शराब पकड़ी गयी, वहां से बिहार की सीमा करीब एक किलोमीटर है. अंतरराज्यीय सीमा पर निगरानी बढ़ा दी गयी है. कहा कि अवैध शराब के तस्करी करने वालों को किसी कीमत पर बक्सा नहीं जायेगा.

**खास बातें**

- अंधेरे का लाभ उठाकर सभी तस्कर मौके से हुए फरार
- पुलिस ने बोलेरो समेत 1344 बोतल अवैध शराब जब्त की

**ग्रामीण इलाकों में निगरानी बढ़ायी गयी**

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अंतरराज्यीय सीमा पर विशेष निगरानी शुरू कर दी गयी है. शराब तस्करी के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है. अंतरराज्यीय सीमा पर निगरानी बढ़ाये जाने के बाद शराब तस्कर ग्रामीण इलाकों की सड़कों से शराब की खेप ले जाने की फिराक में हैं. पुलिस ने ग्रामीण इलाकों में भी निगरानी बढ़ा दी है.

**मांग** | पलामू प्रमंडल की जनता को इस बार रेल मंत्रालय ने जोर का झटका दिया

# पलामू से होकर वंदे भारत ट्रेन नहीं चलने पर लोगों में निराशा

**आशीष टैगोर। लातेहार**



पलामू प्रमंडल वासियों को एक बार फिर निराशा हाथ लगी है. हमेशा से पिछड़ेपन का दंश झेल रही पलामू प्रमंडल की जनता को इस बार रेलवे मंत्रालय ने जोर का झटका दिया है. पहले तो रेल मंत्रालय ने घोषणा की थी कि 12 मार्च से रांची से वाराणसी वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन चलायी जायेगी और इसका परिचालन बरकाकाना-बरवाडीह रेलखंड के पलामू प्रमंडल से होकर किया जायेगा. पीएम नरेंद्र मोदी ऑनलाइन हरी झंडी दिखा कर इसे रवाना करेंगे.

रेलवे की इस घोषणा के बाद पलामू प्रमंडल के लोगों में खुशी की लहर थी. उन्हें लगा था कि अब वाराणसी पहुंचना आसान होगा. महज कुछ घंटों में ही पलामू से वाराणसी की दूरी तय कर लेंगे. लेकिन ऐन मौके पर रेलवे ने अपना निर्णय बदल लिया. 12 मार्च को पीएम मोदी ने तो वंदे भारत एक्सप्रेस को रवाना तो किया, लेकिन ट्रेन पलामू प्रमंडल से ना होकर रांची से गया रेलवे लाइन होकर वाराणसी गयी. इसके बाद से पलामू के लोगों में घोर निराशा है.

लोगों का कहना है कि अगर इस रूट से ट्रेन नहीं चलाया जाना था तो इसकी घोषणा नहीं की जानी चाहिए थी. लोग अब पलामू रूट से होकर वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को रवाना करने की मांग कर रहे हैं.

**खास बातें**

- पहले परिचालन बरकाकाना-बरवाडीह रेलखंड से होना था
- ट्रेन का परिचालन रांची-गया मार्ग से किया गया

**सांसद को करना चाहिए प्रयास**


लातेहार जिला के लोगों का कहना है कि चतरा सांसद सुनील सिंह को इस दिशा में पहल करनी चाहिए. उन्हें रेल मंत्री से मिल कर क्षेत्र की समस्याओं को रखने और वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को पलामू रूट से चलाने की मांग करनी चाहिए. हालांकि पलामू सांसद वीडी राम ने कहा कि वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को सप्ताह में तीन दिन पलामू रूट से चलाने का प्रयास किया जा रहा है.

### एसपी ने इंटर स्टेट चेक पोस्ट का किया निरीक्षण

**मेदिनीनगर।** लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष एवं भयमुक्त कराने को लेकर पुलिस-प्रशासन कई स्तरों पर तैयारी कर रहा है. इसी क्रम में पलामू एसपी रीष्मा रमेशन ने हरिहरगंज में बिहार के इंटरस्टेट चेकपोस्ट का निरीक्षण किया. इस दौरान एसपी ने छतरपुर एसडीपीओ नौशाद आलम और हरिहरगंज पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार को इंटरस्टेट चेकपोस्ट पर सुरक्षा के व्यापक प्रबंध करने, तकनीकी तौर पर भी दक्ष रहने और वोटरों का किसी तरह से भयादोहन न हो यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है. साथ ही अंतरराज्यीय सीमा पर कानून व्यवस्था बनाये रखने और अवैध सामग्रियों के परिवहन पर रोकथाम लगाने के लिए भी कई दिशा-निर्देश दिये.

## न्यूज अपडेट

### घर का ताला तोड़ कर नगद व जेवर की चोरी



**बालूमाथ (लातेहार)।** थाना क्षेत्र के रहमत नगर मुहल्ले में चोरों ने घर का ताला तोड़कर घर में रखे नगद व जेवर की चोरी कर ली. घटना सोमवार की रात बारियातू डाढ़ा निवासी मो साबीर के घर घटी. उन्होंने बताया कि वे बारियातू प्रखंड कार्यालय के समीप एसबीआई का ग्राहक सेवा केंद्र चलाते हैं. उन्होंने भारतीय स्टेट बैंक, बालूमाथ की शाखा से दो लाख रुपये की निकासी की थी. शाम अधिक हो जाने के कारण वे रहमत नगर स्थित अपने नवनिर्मित मकान में पैसे को रखकर अपने पैतृक निवास स्थान बरियातू प्रखंड के डाढ़ा अपने घर बाइक से चला गया था.

### आग से सैकड़ों एकड़ में लगी गन्ने की फसल हुई बर्बाद

**पांकी।** पांकी प्रखंड के परसांवा गांव में बुधवार की दोपहर गन्ने की फसल में अचानक आग लग गई. जिससे सैकड़ो एकड़ में लगी गन्ने की फसल जलकर पूरी तरह नष्ट हो गई, मौके पर मौजूद किसानों ने बताया कि शॉर्ट सर्किट की वजह से अचानक खेत में आग लग गई, आग लगने के बाद ग्रामीणों ने आग बुझाने का काफी प्रयास किय, आग के विकराल रूप लेने के कारण सैकड़ों एकड़ में लगी गन्ने की फसल को अपनी चपेट में ले लिया हालांकि शाम करीब 5:00 तक ग्रामीणों एवं पांकी थाना पुलिस के जवानों ने कड़ी मशक्कत कर आग पर पूरी तरह काबू पाया. मामले की जानकारी होने के बाद मौके पर पहुंचे प्रशिक्षु आईपीएस गौरव गोस्वामी जिप सदस्य पति मुकेश सिंह चंदेल मुखिया, पंसस सुनील चौहान ने मौके पर मौजूद होकर आग बुझाने में अपना योगदान दिया. इस अगलगी से सैकड़ो किसानों के सैकड़ो एकड़ में लगे गन्ने की तैयार फसल पूरी तरह नष्ट हो गई, जिससे उनके समक्ष विकट स्थिति उत्पन्न हो गई है. किसानों ने मुआवजे हेतु अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों से गुहार भी लगाई है.

### डॉक्टर रहमान अपहरण कांड का मुख्य अभियुक्त धराया

**मेदिनीनगर।** हुसैनाबाद थाना पुलिस ने डॉक्टर रहमान अपहरण कांड एक और आरोपी मुख्य अभियुक्त दिग्विजय सिंह उर्फ डिक्कु को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है. मास्टर माइंड दिग्विजय सिंह उर्फ डिक्कु(26) पिता श्रवण सिंह ग्राम सिंहपुर थाना पांचाडुमर जिला गढवा की गिरफ्तारी तरहसी थाना क्षेत्र से हुई है. पुलिस ने इस घटना में प्रयुक्त किये गये स्वीफट कार जेएच01एम 1212 को भी बरामद किया है. हुसैनाबाद थाना प्रभारी शशि शेखर पाण्डेय ने बताया कि पुलिस इस कांड के तीन अभियुक्त प्रिंस कुमार सिंह उर्फ चिकु सिंह, चन्दन कुमार सिंह व अभय कुमार सिंह उर्फ मिकु को गिरफतार कर पहले ही न्यायिक हिरासत में भेज चुकी है. उन्होंने बताया कि अपहृत डॉक्टर रहमान की पत्नी नाज प्रवीण के आवेदन पर हुसैनाबाद थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई थी. अपहृत डॉ० रहमान को सकुशल बरामद किया गया तथा अनुसंधान के दौरान मिली सूचना के आधार पर चार अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है. गिरफ्तार मुख्य अभियुक्त दिग्विजय सिंह उर्फ डिक्कु का अपराधिक इतिहास रहा है .

### प्रमंडलीय आयुक्त बाल किशुन मुंडा ने ग्रहण किया पदभार



**मेदिनीनगर।** प्रमंडलीय आयुक्त के पद पर बुधवार को बाल किशुन मुंडा ने पदभार ग्रहण किया. इसके पूर्व वे दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल, रांची के प्रमंडलीय आयुक्त के रूप में पदस्थापित थे. पदभार ग्रहण के बाद गढ़वा के उपायुक्त शेखर जमुआर, आयुक्त के सचिव बिजय वर्मा ने गुलदस्ता भेंट कर उनका स्वागत किया. आयुक्त सभी पदाधिकारियों और कर्मचारियों से उनका परिचय प्राप्त किया .आयुक्त कार्यालय भवन में अवस्थित प्रमंडलीय जनसंपर्क कार्यालय, क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक का कार्यालय, क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार कार्यालय, उपनिदेशक कल्याण कार्यालय, उपनिदेशक पंचायती राज्य कार्यालय सहित नजारत शाखा, सचिव कक्ष, सभागार , कांफ्रेंस रूम आदि का भी निरीक्षण किया.

### मनरेगा में कार्यरत 17 सहायक अभियंता स्थानांतरित

**मेदिनीनगर।** मनरेगा से संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन एवं अनुश्रवण में लगे 17 प्रखंडों में पदस्थापित सहायक अभियंता का स्थानान्तरण कर दिया गया है. स्थानान्तरित सहायक अभियंता में विकास कुमार रवि को विश्रामपुर से मनातू, अविनाश कुमार को छतरपुर से मोहम्मदगंज, ओम प्रकाश राम को हैदरनगर से नौडीहा बाजार, शिवशंकर चौधरी को हरिहरगंज के अलावा पीपरा का अतिरिक्त प्रभार, अमित कुमार मेहता को हुसैनाबाद से चैनपुर अतिरिक्त प्रभार रामगढ़, अभिमन्यु कुमार को मनातू से विश्रामपुर, बिरबल कुमार चौरसिया को मेदिनीनगर से पॉकी, बसंत कुमार को मोहम्मदगंज से छत्तरपुर, आनन्द प्रकाश को नौडीहा बाजार से हैदरनगर, विकास कुमार को नावा बाजार से नीलाम्बर-पीताम्बरपुर, विपुल कुमार को नीलाम्बर-पीताम्बरपुर से नावाबाजार, अश्विनी कुमार सिह को पाण्डू से पण्डवा, राजेन्द्र कुमार सिंह को पण्डवा से पाटन, जतीन कुमार को पांकी से हुसैनाबाद, सुनील कुमार यादव को रामगढ़ से सतबरवा (अतिरिक्त सदर मेदिनीनगर), शशि शेखर को तरहसी से पाण्डू (अतिरिक्त उंटारी रोड) व योगेन्द्र मंडल को उंटारी रोड से तरहसी प्रखंड में स्थानांतरित किया गया है. सभी स्थानांतरित सहायक अभियंता को निदेश दिया गया है कि वे दो दिनों के अन्दर अपना प्रभार संबंधित प्रखण्ड सहायक अभियंता (मनरेगा) को देते हुए अपने स्थानान्तरित प्रखण्ड में योगदान देंगे.

### पलामू में ईंट सप्लायर से 89 हजार रुपये की ठगी

**मेदिनीनगर ।** शहर थाना क्षेत्र के बारालोटा बाईपास रोड निवासी अविनाश कुमार को झांसा देकर फोन पे के माध्यम से 89 हजार 660 रुपये की ठगी कर ली गयी. इस संबंध में उन्होंने साइबर थाना में आवेदन दिया है. अविनाश कुमार भवन निर्माण के लिए ईंट सप्लाई करने का काम करते हैं. 9 मार्च को दोपहर में फोन नं 7970443601 पर 7643074804 नंबर से फोन आया और बताया कि डालटनगंज जीएलए कॉलेज से सीआरपीएफ 112 बटालियन का कमांडेंट बोल रहा हूं. भवन निर्माण के लिए ईट की जरूरत है. इसके बाद विभिन्न प्रकार के सामान के लिए एक लाख रुपए का एस्टीमेट बनाया गया है. अग्रिम भुगतान बीस हजार रुपये फोन पे के माध्यम से देने को बोला. बीस हजार रुपये भुगतान करने के बाद फोन पे पर उनके द्वारा लिंक दिया गया और लिंक को क्लिक करने को कहा गया. ताकि अग्रिम राशि खाते में आ सके. लिंक को क्लिक किया गया.

### डीसी ने किया सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण



**लातेहार।** उपायुक्त गरिमा सिंह ने बुधवार को सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने अस्पताल के सभी वार्डों का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिया. उन्होंने अस्पताल में उपलब्ध संसाधानों के अलावा दवाइयों के स्टॉक का भी निरीक्षण किया. कहा कि चिकित्सा सेवा को बेहतर बनाना है, ताकि लोगों को बेहतर चिकित्सीय सुविधायें मिल सके. उन्होंने कहा कि अस्पताल में अल्ट्रासाउंड शीघ्र ही शुरू की जायेगी. इस दौरान उन्होंने गर्भवती महिलाओं के वार्ड का निरीक्षण किया. यहां मेन्यू के अनुसार गर्भवती महिलाओं को भोजन नहीं दिये जाने पर नाराजगी जाहिर की. उन्होने मेन्यू के अनुसार ही भोजन देने का निर्देश सिविल सर्जन डा अवधेश सिंह एवं अस्पताल उपाधीक्षक को दिया.

### 181 महिला हेल्पलाइन जागरूकता वाहन को रवाना किया



**मेदिनीनगर।** समाहरणालय परिसर से बुधवार को पलामू उपायुक्त शशि रंजन ने 181 महिला हेल्पलाइन जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. इस वैन के माध्यम से सखी वन स्टॉप सेंटर के जरिये होने वाले कार्यों के बारे में आमजनों को जागरूक किया जायेगा. मौके पर उपायुक्त श्री रंजन ने कहा कि जिले में संचालित वन स्टॉप सेंटर के माध्यम से घर के भीतर या बाहर किसी भी रूप में पीड़ित व संकटग्रस्त महिला को आपातकालीन सुविधा तत्काल उपलब्ध करवाया जाता है. इसके अलावे वन स्टॉप सेंटर में जरूरतमंद महिलाओं को कानूनी सहायता, मानसिक सहायता के लिए काउंसलिंग, चिकित्सा सहायता, घरेलु हिंसा से पीड़ित महिलाओं की सहायता, 5 दिन का अस्थायी आश्रय आदि की सुविधा एक ही छत के नीचे उपलब्ध करवायी जाती है.

## ब्रीफ खबरें

### दुचा टोप्पो के परिजन को गीता कोड़ा ने दी सांत्वना

**नोवामुंडी।** इंटक गुवा के जोनल सेक्रेटरी दुचा टोप्पो के निधन का समाचार मिलने पर सांसद गीता कोड़ा, विधायक सोनाराम सिंकु ने गुवा स्थित दुचा टोप्पो के घर जाकर परिजनों से मिली. दोनों ने दुचा टोप्पो के पार्थिव शरीर पर श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन किया. साथ ही उनके बेटे भादों टोप्पो एवं उनकी पत्नी एवं बच्चों को सांत्वना देते हुए इस दुख की घड़ी में दुख सहने की ढ़ाढस बढ़ाया.उनकी अंतिम संस्कार आज बुधवार को कारो नदी पर की जाएगी. ज्ञात हो कि बोकारो स्टील वर्कर्स यूनियन इंटक गुवा के जोनल सेक्रेटरी दुचा टोप्पो की मंगलवार देर शाम निधन हो जाने से पूरे गुवा के साथ-साथ सेल कर्मियों में शोक की लहर व्याप्त है.

### मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया

**चाईबासा।** नप कार्यालय चाईबासा परिसर में आम निर्वाचन 2024 के तहत मतदाता जागरूकता के लिए स्वीप एक्टिविटी के तत्वावधान से शपथ ग्रहण किया गया. साथ ही सिग्नेचर अभियान तथा वाहन फ्लैगशिप कार्यक्रम का आयोजन किया गया. मौके पर स्वीप नोडल पदाधिकारी अनिमेष रंजन, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद श्रुति राजलक्ष्मी अधिसूचित कार्यपालक पदाधिकारी प्रतिभा रानी, प्रभारी नोडल पदाधिकारी स्वीप, लेखापाल संतोष प्रसाद, सहित नप कार्यालय के सफाईकर्मी, ड्राइवर चालक सहित अन्य कर्मचारी मुख्य रूप से मौजूद रहे.

### होली व रमजान को लेकर शांति समिति की हुई बैठक

**बहरागोड़ा।** बहरागोड़ा थाना क्षेत्र तथा बरसोल थाना क्षेत्र मिलाकर बुधवार को होली और रमजान को लेकर शांति समिति की बैठक हुई. होली तथा रमजान को मनाने के लिए कई सारे दिशा निर्देश दिये गये. बैठक में बीडीओ केशव भारती ने कहा कि बहरागोड़ा क्षेत्र में कभी भी धार्मिक उन्माद न हुई है और ना ही इसके लिए कोई कोशिश करता है. यह क्षेत्र के लिए मिसाल है, जहां सभी संप्रदाय के लोग एकजुट होकर पर्व मनाते हैं.उन्होंने कहा कि त्योहार में बच्चों पर निगरानी करनी होगी ताकि हाई स्पीड बाइक ना चलाएं .

### सांसद निधि से तीन गांवों में चौपाल का शिलान्यास

**घाटशिला।** प्रखंड के बाकी, चकदोहा, केंदडंगा गांव में सांसद निधि से चौपाल का शिलान्यास बुधवार को सांसद प्रतिनिधि किया. मौके पर सांसद प्रतिनिधि सत्यनारायण पुष्टि ने कहा कि ग्रामीणों की पुरानी मांग थी कि गांव में चौपाल का निर्माण किया जाए. सांसद ने अपने निधि से तीन गांव में चौपाल का निर्माण कराया जाएगा. मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित जिला परिषद सदस्य देवयानी मुर्मू, प्रमुख सुशीला टुडू, उप मुखिया सुजन कुमार मन्ना, गोपाल कोइरी, प्रशांत महतो, लखी महतो समेत काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे.

### किरीबुरु मेन मार्केट में खुला एसबीआई का सीएसपी केन्द्र

**किरीबुरु।** मेन मार्केट, किरीबुरु में भारतीय स्टेट बैंक का नया ग्राहक सेवा केन्द्र खोला गया. इस सीएसपी का संचालन हेतु बडाज़ामदा निवासी रजनीश कुमार चौरसिया को सीएसपी कोड देकर अधिकृत किया गया. इस केन्द्र के खुलने से आम उपभोक्ताओं को पैसों का लेन-देन, नया बैंक खाता खोलने समेत अन्य कार्यों में आसानी होगी. रजनीश ने बताया की वह ग्राहकों के विश्वास पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे तथा सभी तबके के खाता धारकों को बेहतर सेवा प्रदान कर बैंक की विश्वसनीयता को साबित करेंगे.

## घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद दमकल कर्मियों ने पाया आग पर काबू

# शॉर्ट सर्किट से बिजली विभाग के गोदाम में लगी आग

**संवाददाता। जमशेदपुर**

जमशेदपुरः परसुडीह थाना क्षेत्र के करनडीह स्थित बिजली विभाग के गोदाम में बुधवार की सुबह अचानक आग लग गई, जिससे पूरे इलाके में अफरा- तफरी का माहौल बन गया. आग इतनी भयावह थी कि उससे उठते धुएं को दूर से भी देखा जा सकता था. इधर आग की सूचना मिलते ही बिजली विभाग के कर्मचारियों ने पहले आग बुझाने का काफी प्रयास किया, मगर आग का विकराल रूप को देखते हुए बिजली विभाग के कर्मचारियों एवं स्थानीय लोगो द्वारा पहले पुलिस को सूचना दी गई, जिसके बाद अग्निशमन विभाग को इसकी सूचना दी गई. आग



लगने की सूचना पाकर अग्निशमन विभाग की दमकल मौके पर पहुंची और आग बुझाने में जुट गई. अग्निशमन विभाग के कर्मी भी काफी सतर्कता बरत रहे थे, क्योंकि सामने ही ट्रांसफार्मर रखे थे, अगर आग ट्रांसफार्मर में लगती तो बड़ा विस्फोटक हो सकता था. मगर, समय रहते आग पर काबू पा लिया गया. वैसे आग पर काबू पाने में अग्निशमन विभाग के कर्मियों को काफी मशक्कत करनी पड़ी. अनुमान लगाया जा रहा है

**हुआ नुकसान**

- आग इतनी भयावह थी कि धुएं को दूर से भी देखा जा सकता था
- आला अधिकारियों ने आग लगने के कारणों जांच के आदेश दिए है

कि केबल में आग शॉर्ट सर्किट से लगी होगी, फिलहाल बिजली विभाग के आला अधिकारियों को इसकी सूचना दे दी गई है. विभाग के आला अधिकारियों ने आग लगने के जांच के आदेश दे दिए है. जांच के उपरांत ही पता चल पाएगा कि आग कैसे लगी है. फिलहाल आग पर पूरी तरह से काबू पाया जा चुका है.

## विश्वविद्यालय में पर्यावरणीय मुद्दे और सतत विकास पर एकदिवसीय संगोष्ठी आयोजित

# सतत विकास का उद्देश्य प्राकृतिक संसाधनों संरक्षित करना: डॉ प्रतिमा

**मुख्य संवाददाता। जमशेदपुर**

अरका जैन यूनिवर्सिटी में अंग्रेजी और जैव प्रौद्योगिकी विभाग ने संयुक्त रूप से पर्यावरणीय मुद्दों और सतत विकास पर एकदिवसीय सेमिनार का आयोजन किया. पर्यावरणीय मुद्दे और सतत विकास परस्पर जुड़ी हुई दो अवधारणाएं हैं, जिन्होंने हाल के दशकों में सबका ध्यान आकर्षित किया है. सेमिनार का उद्घाटन स्वास्थ्य और संबद्ध विज्ञान के डीन डॉ ज्योतिर्मय साहू एवं अंग्रेजी व जैव प्रौद्योगिकी विभाग के संकाय सदस्यों वने संयुक्त रूप से किया. इसमें रिसोर्स पर्सन के रूप में जैव प्रौद्योगिकी विभाग की डॉ प्रतिमा श्रीवास्तव और आईआईटी भुवनेश्वर के डॉ विश्वरंजन प्रधान शामिल हुए. सेमिनार की संयोजक डॉ राजकुमारी घोष और डॉ संतोष कुमार सिंह ने प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण की आवश्यकता पर चर्चा की. उन्होंने कहा कि टिकाऊ प्रथाओं और नीतियों को अपनाकर, समाज लोगों और ग्रह दोनों के लिए अधिक लचीले और समृद्ध भविष्य की दिशा में प्रयास कर सकते हैं. डॉ मनोज पाठक ने परिचयात्मक भाषण में कहा कि सतत विकास एक समग्र दृष्टिकोण है, जो भविष्य की पीढ़ियों को अपनी जरूरतों को पूरा करने की क्षमता से समझौता किए बिना वर्तमान पीढ़ी की जरूरतों को पूरा करने के उपाय बताता है.



### छात्रों ने पोस्टर प्रस्तुति सत्र में हिस्सा लिया

छात्रों ने पोस्टर प्रस्तुति सत्र में हिस्सा लिया और सर्वश्रेष्ठ दो प्रस्तुतकर्ताओं को पुरस्कृत किया गया .उद्घाटन सत्र में स्वास्थ्य एवं संबद्ध विज्ञान के डीन डॉ ज्योतिर्मय साहू ने कहा कि पर्यावरणीय मुद्दे मानवीय गतिविधियों से उत्पन्न होने वाली समस्याओं को संदर्भित करते हैं, जो प्राकृतिक दुनिया पर नकारात्मक प्रभाव डालते हैं . ये मुद्दे न केवल पर्यावरण के लिए बल्कि मानव स्वास्थ्य, अर्थव्यवस्था और सामाजिक स्थिरता के लिए भी खतरा उत्पन्न करते हैं . डॉ प्रतिमा ने अपने वक्तव्य में कहा कि सतत विकास में आर्थिक, सामाजिक और पर्यावरणीय विचारों को संतुलित करना शामिल है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके .

### टिकाऊ कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देना होगा

डॉ विश्वरंजन प्रधान ने कृषि में टिकाऊ प्रयासों पर बात करते हुए कहा कि टिकाऊ कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देना, भोजन की बर्बादी को कम करना और स्थानीय खाद्य प्रणालियों का समर्थन करना खाद्य सुरक्षा में योगदान देता है . खाद्य उत्पादन से जुड़े पर्यावरणीय प्रभावों को कम करता है .

उन्होंने हरित प्रौद्योगिकियों और नवाचार पर भी बल दिया . कहा कि स्वच्छ प्रौद्योगिकियों और नवाचार में निवेश करने से पर्यावरणीय गिरावट और संसाधनों की कमी को कम करते हुए आर्थिक विकास को बढ़ावा मिल सकता है .

### व्यापक और एकीकृत दृष्टिकोण की जरूरत

डॉ संतोष सिंह ने समापन भाषण में कहा कि पर्यावरणीय मुद्दों को संबोधित करने और सतत विकास को बढ़ावा देने के लिए एक व्यापक और एकीकृत दृष्टिकोण की आवश्यकता है जो पर्यावरण, सामाजिक और आर्थिक प्रणालियों के बीच अंतर्संबंधों को पहचाने . निर्णायक प्रोफेसर शाहीन फातमा और डॉ प्रतिमा श्रीवास्तव द्वारा घोषित पोस्टर प्रस्तुति में कनुप्रिया को प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया, जबकि प्रतिभा और नयनतारा की जोड़ी को द्वितीय पुरस्कार प्रदान किया गया . सेमिनार में करीब 10 प्रतिभागियों ने पोस्टर प्रस्तुत किया और 40 से अधिक विद्यार्थी शामिल हुए .

### सीएम चंपाई की संकल्प यात्रा सफल बनाने का निर्णय

**डुमरिया।** छोलागोड़ा स्थित विधायक कार्यालय परिसर में बुधवार को झामुमो प्रखंड कमेटी की बैठक प्रखंड अध्यक्ष मिर्जा सोरेन की अध्यक्षता में आयोजित हुई. बैठक में 15 मार्च को पोटका में प्रस्तावित सीएम चंपई सोरेन के संकल्प यात्रा में डुमरिया से भारी संख्या में कार्यकर्ताओं के शामिल होने को लेकर विचार विमर्श किया गया.बैठक के उपरांत झामुमो कार्यकर्ताओं ने मुसाबनी - डुमरिया - आस्ता - कोईमा सड़क राइडिंग क्वालिटी सुधार योजना झारखंड कैबिनेट में स्वीकृति देने की खुशी में लड्डू का वितरण किया गया. प्रखंड अध्यक्ष मिर्जा सोरेन ने कहा कि विधायक के अथक प्रयास से सड़क मरम्मती कार्य की स्वीकृति मिली है. मौके पर शंकर चंद्र हेंब्रम, जयपाल सिंह मुर्मू, भागात बास्के, अर्जुन मुर्मू, रामदास हेंब्रम, भगत हांसदा, समेत अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे.

### भ्रष्टाचार और गुणवत्ता पर कोई समझौता नहीं : मधुश्री

**चांडिल।** जिप उपाध्यक्ष मधुश्री महतो ने कुकड़ू प्रखंड कार्यालय के समीप निर्माणाधीन गोदाम भवन के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्य में उपयोग किए जा रहे सामग्रियों की जांच किया और मजदूरों से बात की. निरीक्षण के बाद उन्होंने बताया कि संवेदक द्वारा प्राक्कलन के विपरित फाउंडेशन के लिए गड्ढा की खुदाई कम किया गया है. बेसिक राफ्ट लेबल को डेढ़ से दो फीट चारों तरफ ऊंचा-नीचा में ईंटा देकर मात्र कहीं एक तो कहीं दो ईंच का ढलाई किया गया है. रड़ भी दूरी-दूरी पर बांधा गया है. सीमेंट मिश्रण की मात्रा भी कम दिया जा रहा है. जिप उपाध्यक्ष ने बताया कि गोदाम भवन निर्माण में मजदूरों को सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम मजदूरी भी नहीं दिया जा रहा है.

# परोपकार : 50वें एनिवर्सरी पर भाजपा नेत्री ने किया नेत्रदान



**संवाददाता। आदित्यपुर**

अपनी 50वें एनिवर्सरी पर वरिष्ठ भाजपा नेत्री उषा पांडेय ने पूजा पाठ कर नेत्रदान किया है. उन्होंने बताया कि नेत्रदान एक महायज्ञ है जिसमें आज उन्होंने अपनी आहुति दी है. बता दें कि उषा पांडेय भाजपा संगठन में करीब 30 वर्षों से सक्रिय हैं और संगठन में महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष से लेकर कई पदों और दायित्व को सुशोभित कर चुकी हैं. नेत्रदान की प्रक्रिया कराने आयी रोशनी संस्था की सदस्य ललिता सरायवाला ने बताया कि रोशनी संस्था का मूल उद्देश्य अंधों के लिए काम करना. जिनके आंखों में रोशनी नहीं है उनके लिए संसार अंधकारमय है. जमशेदपुर के ऐसे 10 नेत्रहीन को आंखों की रोशनी दिलवा चुकी हूं. 5 साल से रोशनी संस्था एक्टिव है यहां के नेत्रहीनों को आंखों की रोशनी लौटाने के लिए. उनका संस्था लोगों को मरणोपरांत नेत्रदान करने के लिए प्रोत्साहित करती है. आज उनके साथ रोशनी संस्था की सुशीला ख़िरवाल भी आई थी. दोनों सदस्या उषा पांडेय के आवास पर आकर नेत्रदान की प्रक्रिया को पूरा की. इस मौके पर पूर्व पार्षद रिंकू राय के साथ आसपास की कई महिलाएं मौजूद रहीं. मौके पर उषा पांडेय ने कहा कि उन्हें नेत्रदान करते हुए खुशी महसूस हो रही है की उनके मरने के बाद भी उनकी आंखों से कोई इस संसार को देख सकेगा.

# अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में पांच लोग घायल, तीन गंभीर

**संवाददाता | तांतनगर**

तांतनगर प्रखंड क्षेत्र में बुधवार को अलग अलग सड़क दुर्घटना में पांच लोग घायल हो गये है. जिसमें से तीन की स्थिति गंभीर बनी हुई है. तीनों को बेहतर इलाज के लिए चाईबासा सदर अस्पताल रेफर किया गया है. प्राप्त जानकारी के अनुसार पहली घटना चाईबासा - भरभारिया सड़क पर तांतनगर ओपी क्षेत्र के रूतासाई के पास घुमावदार के पास तेज रफ्तार अनियंत्रित बाइक पेड़ को धक्का मार दिया. धक्का इतना जोर से मारा कि बाइक का परखच्चे उड़ गया. बाइक में सवार तीन व्यक्ति दूर दूर पेंका गया. फेंका जाने वाले में राकेश हाईबुरू (20), हाबरू निवासी हासिंग हेम्ब्रम (18), बड़ा तोलको निवासी तथा असमान गोप (20), हाबरू निवासी सभी खूंटपानी प्रखंड क्षेत्र के रहने वाले हैं. जिसमें से राकेश तथा हासिंग सिर में गंभीर चोट लगी है. दोनों बेहोशी की स्थिति में है. तीनों घायलों को एम्बुलेंस से तांतनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद राकेश तथा हासिंग को बेहतर इलाज के चाईबासा रेफर किया गया. तीनों ने हेलमेट नहीं पहना था. हेलमेट पहना होता तो सिर की चोट से बच जाते.

दूसरा घटना चाईबासा -भरभारिया सड़क पर हेस्साडीह (उरांवसाई) के पास बाइक से चाईबासा जा रहे दो व्यक्ति पीकपवेन को ठक्कर मार दिया. ठक्कर इतना जोरदार था कि बाइक परखच्चे उड़ गया. बाइक में सवार सुरेश सामड (25), गुमदा पोखर निवासी तथा पांडू सावैंया (18) बोंगासिंदी निवासी घायल हो गया. दोनों तांतनगर प्रखंड क्षेत्र के रहने वाले हैं. प्राप्त जानकारी के अनुसार दोनों बाइक से चाईबासा जा रहे थे. हेस्साडीह के पास स्कूल मध्याह्न भोजन पहुंचने वाला पीकपवेन गाड़ी लापरवाही से अचानक घुमाये जाने से बाइक चालक का संतुलन बिगड़ा पीकपवेन गाड़ी को ठक्कर मार दिया. जिससे दोनों गिर गया.

### हाई टेंशन तार की चपेट में आने से मजदूर झुलसा

**डुमरिया।** डुमरिया प्रखंड के केंदुआ बुरुडीह स्थित टांगीनाला में पुल निर्माण में कार्यरत एक मजदूर हाई टेंशन तार की चपेट में आ गया . घटना बुधवार सुबह की है .पुल निर्माण कार्य में काम करने के दौरान मजदूर एक पाइप हटा रहा था . पाइप उपर हाईटेंशन तार से सट गया . जिससे मजदूर करंट की चपेट में आ गया . उसके दोनों हाथ और जांघ जल गये है . साथ ही दाहिने हाथ की हड्डी टूट गई . ग्रामीण लखन जोंकों और साथी मजदूरों ने उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डुमरिया पहुंचाया . चिकित्सा प्रभारी डॉ सायबा सोरेन ने उसका प्राथमिक इलाज किया .

### पेयजल समस्या को लेकर सीएम से मिली संध्या प्रधान

**आदित्यपुर।** उत्क्रमित उच्च विद्यालय न्यू कॉलोनी के पूर्व प्राचार्या संध्या प्रधान बुधवार को राज्य के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन से रांची स्थित आवास पर उनसे भेंट की. संध्या प्रधान ने उनसे उड़िया मध्य विद्यालय आदित्यपुर के भवन एवं शौचालय का मरम्मतीकरण, सौंदर्यीकरण तथा उत्क्रमित न्यू कॉलोनी उत्क्रमित उच्च विद्यालय न्यू कॉलोनी के क्षतिग्रस्त चारदीवारी का पुनर्निर्माण के लिए उन्हें एक ज्ञापन सौंपा. मुख्यमंत्री ने दोनों कार्य को यथाशीघ्र पूरा करने का आश्वासन दिया. संध्या प्रधान ने मुख्यमंत्री से ने वार्ड नंबर 17 की पेयजल समस्या के बारे में भी चर्चा की तथा उनसे तत्काल वैकल्पिक व्यवस्था करने का आग्रह किया. मुख्यमंत्री ने क्षेत्रीय भाषा तथा जनजातीय भाषा से पठन-पाठन के बारे में संध्या प्रधान से चर्चा किया .

## उपलब्धि | चाईबासा का नोवामुंडी प्रखंड बना शत-प्रतिशत बाल श्रम मुक्त क्षेत्र

# अब जगन्नाथपुर प्रखंड को भी बाल श्रम मुक्त करना : गीता कोड़ा

**संवाददाता। नोवामुंड़ी**

बाल श्रम मुक्त हमारा देश कैसे हो, हमारे झारखंड राज्य कैसे हो इसका कानून 1986 में बन गया.लेकिन अभी तक पूरा देश अभी तक बाल श्रम मुक्त नहीं हो पाया है.अभी भी बाल श्रम देखने को मिल रहा है. यह सब कहीं ना कहीं जानकारी के अभाव में माता-पिता समझ नहीं पा रहे हैं.इसलिए बाल श्रम की समस्या हम लोगों के बीच बनी हुई है. यह बातें पश्चिमी सिंहभूम के सांसद गीता कोड़ा ने नोवामुंड़ी पचायसाई मैदान में टाटा स्टील फाउंडेशन के तत्वाधान में आयोजित बाल श्रम मुक्त घोषणा कार्यक्रम बतौर मुख्य





अतिथि बोल रहे थे. श्रीमति कोड़ा ने आगे कहा कि इस बाल श्रम का सबसे बड़ा कुप्रभाव उसके माता-पिता, उसके परिवार तथा उसके गांव पर पड़ता है. जब बच्चे स्कूल जाने की स्थिति में है और वह काम पर जाएगा तों हम उसे शिक्षा से वंचित कर रहे हैं.ऐसे में बच्चे शिक्षित ही नहीं होंगे. इस पर हम सभी को मिलकर काम करने की जरूरत है.तभी हम इस बाल श्रम को पूरी तरह से मुक्त कर पाएंगे. और यह मिसाल आज नोवामुंड़ी प्रखंड में देखने को मिल रहा है. यहां की एस्पायर टीम ने अपनी कड़ी मेहनत से पूरे नोवामुंडी प्रखंड में शत् प्रतिशत बाल श्रम मुक्त बना दिया है.

इसी तरह अब जगन्नाथपुर प्रखंड को भी बाल श्रम मुक्त बनाने का हम सभी संकल्प लेते हैं. कार्यक्रम का शुभारंभ सांसद गीता कोड़ा ने दीप प्रज्वलन कर किया. उसके बाद स्कूली बच्चों ने स्वागत गीत गाकर अतिथियों का स्वागत किया. साथ ही कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बच्चों को शिक्षित करने का अलख जगाया.इस कार्यक्रम में बाल अधिकार सुरक्षा समिति अध्यक्ष सुरेंद्र चातोम्बा, सचिव पदमा केशरी, मुखिया गुवा चांदमनी लागुरी,उप मुखिया दुधबिला बुधराम चाम्पिया, नोवामुंड़ी प्रमुख पूनम गिलुवा, एस्पायर डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर जी नरेश, शंकर चातोम्बा, डीसीपीओ पुनिता तिवारी, एससीपीसीआर विकास दोदाराजका, एडीसी एस्पायर से आरभी रमना,बीसी राजेश लागुरी, निसार अहमद, जेएसएलपीएस जेंडर सीआरपी गीता देवी, असदुद्दीन खान सहित अन्य मौजूद थे.

## न्यूज अपडेट

### महंगाई भता राज्य कर्मियों को होली का तोहफा : गांगुली



**आदित्यपुर ।** झारखंड सरकार का 4 फीसदी महंगाई भत्ता का एलान राज्य के लाखों राज्यकर्मियों के लिए होली का तोहफा है. उक्त बातें महासंघ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष शशांक गांगुली ने कहा है. उन्होंने बताया कि झारखंड कैबिनेट ने 4 प्रतिशत मंहगाई भत्ता पारित कर दी है, जिसकी मांग उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा पारित महंगाई भत्ते के एलान के बाद ही झारखंड सरकार के मुख्यमंत्री चम्पई सोरेन से की थी. उन्होंने कहा कि 4 प्रतिशत महंगाई भत्ता पारित होने से परिवहन भत्ता भी राज्य कर्मियों का बढ़ जाएगा. उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री चंपई सोरेन हमेशा मजदूरों और कर्मचारियों के हित में काम किया है. शशांक गांगुली ने मुख्यमंत्री को होली से पूर्व राज्यकर्मियों को दिए महंगाई भत्ता के रूप में तोहफे देने पर धन्यवाद दिया है. गांगुली ने कहा कि मुख्यमंत्री के इस घोषणा से राज्यकर्मियों में काफी खुशी है.

### इंटक गुवा के जोनल सेक्रेटरी दुचा टोप्पो का निधन



**नोवामुंडी।** बोकारो स्टील वर्कर्स यूनियन इंटक गुवा के जोनल सेक्रेटरी दुचा टोप्पो की मंगलवार देर शाम निधन हो गया . उनके निधन की खबर से पूरे गुवा के साथ-साथ सेल कर्मियों में शोक की लहर व्याप्त है. जानकारी के अनुसार दुचा टोप्पो दिल की बीमारी से ग्रसित थे. सात माह पूर्व ही हार्ट का ऑपरेशन भुवनेश्वर में करवाया था.ऑपरेशन के बाद वे पूरी तरह से स्वस्थ थे. 29 फरवरी 2024 को वह गुवा सेल से सेवानिवृत्त हो गए थे. 12 मार्च मंगलवार सुबह उन्हें सांस लेने में तकलीफ होने लगी. तुरंत ही उन्हें गुवा सेल अस्पताल में भर्ती कराया गया. उनकी स्थिति बिगड़ते देख डॉक्टरों ने रेफर कर दिया. तुरंत ही उन्हें रांची स्थित रिम्स ले जाने लगा. जहां डॉक्टरों ने उसकी जांच कर कहा कि इसकी हार्ट में पानी भर गया है. मात्र एक घंटा अस्पताल में एडमिट रहने के बाद उन्होंने दुनिया को अलविदा कह दिया.

### सीजीएम व एसडीओ आवास वाले रोड का निर्माण शुरू



**किरीबुरु।** सेल की किरीबुरु प्रबंधन द्वारा किरीबुरु टाउनशिप क्षेत्र की तमाम जर्जर सड़कों का निर्माण कार्य युद्ध स्तर पर प्रारम्भ कर दिया है.यह सड़क दशकों से खराब व जर्जर स्थिति में था. वर्तमान में सीजीएम व एसडीपीओ आवास वाली सड़क का निर्माण कराया जा रहा है. इससे पहले डी टाइप, थाना रोड, नर्स क्लोनी, क्लब रोड, नेताजी चौक, पार्क लाइन आदि सड़कों का निर्माण कार्य पूर्ण कराया जा चुका है. इसके बाद चर्च रोड, मैदान रोड, मुर्गापाडा.आदि क्षेत्र की जर्जर सड़क का निर्माण होगा. हालांकि इस जर्जर सड़क का निर्माण हेतु पहले चरण में गिट्टी डालने का कार्य हो चुका है. वर्षों बाद एक साथ टाउनशिप की प्रायः सड़कों का निर्माण कार्य होने से शहरवासियों में हर्ष का माहौल है.

### कुमुद रंजन भकत की द्वितीय पुण्यतिथि मनाई गई



**घाटशिला।** प्रखंड के लालडीह स्थित माटी कला भवन में बुधवार को कुंभकार प्रगतिशील समिति के संस्थापक सदस्य कुमुद रंजन भकत की द्वितीय पुण्यतिथि मनाई गई. मौके पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया. श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए विधायक प्रतिनिधि सह समिति के केंद्रीय अध्यक्ष जगदीश भकत ने कहा कुमुद बाबू माटी कला भवन के संस्थापक सदस्य, शिक्षाविद, समाजसेवी थे. श्रद्धांजलि सभा में मुख्य रूप से प्रताप दास, दीपक बारिक, चंदन कुंडू, धनंजय भकत, श्याम नारायण भकत, कौशिक भकत, एवं अन्य उपस्थित थे.

### 20 सूत्री क्रियान्वयन समिति की बैठक विकास कार्यों पर चर्चा



**घाटशिला।** प्रखंड कार्यालय सभागार में बुधवार को प्रखंड 20 सूत्री क्रियान्वयन समिति की बैठक हुई . बैठक में 20 सूत्री क्रियान्वयन समिति के अध्यक्ष की अनुपस्थिति को लेकर बीडीओ युनिका शर्मा ने सदस्यों से जानकारी लिया.उन्होंने कहा कि अध्यक्ष की अनुपस्थिति में किसी भी बिंदु पर चर्चा नहीं हो सकती है. इसके अलावा सदस्यों ने प्रखंड क्षेत्र में चल रही योजनाओं के संबंध में विस्तृत बीडीओ से जानकारी लिया. सदस्यों ने कहा कि खास कर अबुआ आवास योजना को लेकर इस समय लोगों में काफी विरोधाभास है. सदस्य रसराज भगत ने बैठक में चर्चा किया कि गालूडीह क्षेत्र के पाठ महुलिया गांव में आज भी कई घरों में शौचालय नहीं बना है उसकी जांच कर अभिलंव शौचालय निर्माण कराया जाए. बैठक में मुख्य रूप से प्रखंड बीस सूत्री क्रियान्वयन समिति के सदस्य विमान विश्वास, अमित राय, मोहम्मद जलील, रतन महतो, दसमत सोरेन सहित और सदस्य उपस्थित थे.

### झारखंड राज्य निर्माण आंदोलनकारी ने सीएम को सौंपा ज्ञापन

**घाटशिला।** झारखंड राज्य निर्माण आंदोलनकारी सेनानी पूर्वी सिंहभूम की ओर से मुख्यमंत्री चंपई सोरेन को जिला अध्यक्ष दुखीराम मार्डी ने मंगलवार को रांची में 11 सूत्री मांग पत्र सौंपा. इस संबंध में जानकारी देते हुए दुखीराम मार्डी ने बताया कि आंदोलनकारी की मुख्य 11 सूत्री मांग मुख्यमंत्री चंपई सोरेन को सौपा गया है. मुख्यमंत्री से मांग किया गया है कि आंदोलनकारी को मिलने वाली पेंशन राशि को बढ़ाकर 30,000 प्रतिमाह किया जाए, राज्य निर्माण आंदोलनकारी को ताम्रपत्र या प्रतीक चिन्ह 15 नवंबर 2024 को देकर सम्मानित किया जाए, आश्रितों को सरकारी नौकरी दिया जाए, कई आंदोलनकारी की पहचान नहीं हुई है उसे पहचान कर आंदोलनकारी घोषित किया जाए सहित अन्य मांग शामिल है. ज्ञापन सौंपने वालों में दांदू राम बेसरा, लक्ष्मीकांत हंसदा, राजकुमार सिंह, बादल चंद्र हेंब्रम ,सुबोध मंडल ,मंगल हसदा ,बासित मुर्मू सहित अन्य शामिल थे.

### महिला सशक्तिकरण केंद्र का डीसी ने किया उदघाटन



**चाईबासा।** चाईबासा प्रखंड कार्यालय परिसर में बुधवार को उपायुक्त कुलदीप चौधरी के द्वारा महिलाओं के सशक्तिकरण हेतु निर्मित केंद्र का फीता काटकर शुभारंभ किया गया. महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए इस केंद्र के माध्यम से महिलाओं को महिलाओं से संबंधित योजनाओं, सुरक्षा कानूनों के अलावा मिशन शक्ति अंतर्गत संचालित योजनाएं जैसे वन स्टॉप सेंटर, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, महिला हेल्पलाइन, शक्ति सदन आदि से संबंधित जानकारी प्रदान की जाएगी. इस अवसर पर बताया गया कि महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग-झारखंड सरकार के मार्गदर्शन पर महिलाओं के कल्याणार्थ, सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं से समन्वय स्थापित कर महिलाओं के सशक्तिकरण हेतु एवं मिशन शक्ति के तहत संचालित विभिन्न योजनाओं का सुचारू क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए जिला स्तरीय केंद्र का गठन किया गया है.

### अधिवक्ता उमेश सहित 18 वकील नोटरी बने



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर बार एसोसिएशन के अधिवक्ता उमेश साव समेत 18 अधिवक्ता नोटरी बने हैं. भारत सरकार के लॉ एंड जस्टिस, डिपार्टमेंट ऑफ लीगल अफेयर्स नोटरी सेल की और से इनकी नियुक्ति की गई है. इन्हें भारत सरकार नोटरी सेल द्वारा लिखित एवं परिवीक्षा के आधार के पर नियुक्ति दी गई है. जमशेदपुर बार एसोसिएशन के वरीय अधिवक्ता रतन चक्रवर्ती के सान्निध्य में प्रेक्टिस करने वाली कमला कुमारी एवं मौसमी चौधरी, अधिवक्ता उमेश साव, अधिवक्ता सुरोजित कुमार दत्ता दोलन, अधिवक्ता अनिल कुमार, अधिवक्ता बसंत तिवारी, अधिवक्ता विनोद अग्रवाल, अधिवक्ता जितेंद्र कुमार सिंह एवं नोटरी के पद पर नियुक्त किये गये हैं.

### अंबा प्रसाद के आवास पर ईडी की छापेमारी दूसरे दिन भी जारी, केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी बोलीं

# जनप्रतिनिधि के घर लंबे समय से छापेमारी से शर्मसार हो रहा राज्य

**संवाददाता। हजारीबाग**

बड़कागांव से कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद के हुरुहुरु स्थित आवास पर दूसरे दिन भी ईडी की छापेमारी जारी रही. इस छापेमारी में कुछ अहम दस्तावेज हाथ लगने की सूचना है. वह चुनावी मौसम में कांग्रेस विधायक के ठिकानों पर ईडी की छापेमारी को लेकर राजनीतिक गलियारों में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही है. महागठबंधन के नेताओं द्वारा इसे केंद्र की सोची-समझी साजिश बताई जा रही है, तो भाजपा नेता इसे जांच एजेंसी की औचक कार्रवाई बता रहे हैं.



इसी बीच कोडरमा सांसद एवं केंद्रीय राज्य शिक्षा मंत्री अन्नपूर्णा देवी का बयान आया है. उन्होंने कहा है कि झारखंड में जो घटनाएं घट रही हैं, वह शर्मसार करने वाली हैं. जनप्रतिनिधि के घर पर लंबे समय से छापेमारी चल रही है. झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री समेत कई आईएएस जेल में हैं. यह भ्रष्टाचार को दर्शाता है. किन वर्तमान में झारखंड के सत्ता पक्ष के नेता-मंत्री सिर्फ आरोप लगाना जानते हैं. वहीं, हजारीबाग व चतरा लोकसभा सीट को लेकर भाजपा द्वारा संपर्क साधने वाले अंबा प्रसाद के बयान का अन्नपूर्णा देवी ने खंडन किया. उन्होंने कहा कि जांच अधिकारी अपना काम कर रहे हैं. जांच एजेंसी जहां भी उंगली रखती है, वहीं दलदल मिलता है. अंबा प्रसाद और उनके रिश्तेदारों के यहां छापेमारी में जांच अधिकारी को क्या मिलता है, उस पर सभी की नजर रहेगी.

**राजनीतिक प्रतिक्रिया**

- हेमंत सोरेन का जेल में होना भ्रष्टाचार को दर्शाता है
- चुनाव को लेकर अंबा प्रसाद के बयान का किया खंडन

**जिसने गलत किया, उस पर हो कार्रवाई : निर्मला**

बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद की मां निर्मला देवी और भाई सुमित कुमार से भी ईडी के अधिकारी पूछताछ कर रहे हैं. जो भी दस्तावेज बरामद किए गए हैं, उसके बारे में जानकारी ली जा रही है. इस बीच सुमित और निर्मला देवी की कुछ पल के लिए मुलाकात भी हुई है. इसके बाद सुमित अंदर कमरे में चले गए और मां दूसरे आवास में जाने के लिए निकल गईं. बाहर निकलने के बाद 'शुभम संदेश' के संवाददाता से बात करते हुए निर्मला देवी ने कहा कि उन्होंने ईडी को भरपूर मदद किया है. जो भी पूछा गया, उनका सही जवाब दिया गया है. ईडी लगातार पूछताछ कर रही है. समय-समय पर पदाधिकारी भी बदले जा रहे हैं. उन्होंने यह भी कहा कि जिसने भी गलत किया है, उसके खिलाफ कार्रवाई भी होनी चाहिए. बेटी को बदनाम करने की कोशिश की जा रही है. लेकिन, बदनाम कौन कर रहा है, इस सवाल पर उन्होंने चुप्पी साध ली.



# समस्याओं के समाधान के लिए प्रबंधन तत्पर : वी. मोहन

**संवाददाता। रामगढ़**

रजरप्पा वाशरी परियोजना के मजदूरों की समस्याओं को लेकर बुधवार को कोल वाशरी कार्यालय में परियोजना पदाधिकारी वी. मोहन बाबू की अध्यक्षता में यूनियन पदाधिकारियों की बैठक हुई. इस दौरान वाशरी पीओ को मजदूरों से संबंधित 19 समस्याओं से अवगत कराया गया. यूनियन नेताओं ने कहा कि रजरप्पा वाशरी के चालकों, ऑपरेटरों तथा सुरक्षा प्रहरियों को उनकी वर्दी और जूता नियमित रूप से दिया जाए.

वहीं मजदूरों को प्लांट के अंदर पीने का स्वच्छ पानी और शौचालय का व्यवस्था यथाशीघ्र किए जाने की बात कही. सीसीएल अधिकारियों ने आश्वस्त किया कि समस्याओं के समाधान की कोशिश की जाएगी. तत्पश्चात यूनियन के नेताओं ने मजदूरों से संबंधित 19 बिंदुओं पर मांग पत्र सौंपा. बैठक का संचालन राजेंद्र नाथ चौधरी व धन्यवाद ज्ञापन हाजी अख्तर आजाद ने किया. मौके पर प्रबंधन प्रशिक्षु उदय शेखर बरी, सीनियर मैनेजर (ई एंड एम) एसएन प्रसाद के अलावा दर्जनों यूनियन नेता मौजूद थे.

**यूनियन वार्ता**

- रजरप्पा वाशरी मजदूरों की समस्याओं को लेकर बैठक
- यूनियन नेताओं ने अधिकारियों को 19सूत्री मांग पत्र सौंपा

## ब्रीफ खबरें

### 23 उपभोक्ताओं का विद्युत कनेक्शन काटा

**टाटीझरिया।** बिजली विभाग द्वारा सहायक अभियंता अरविंद कुमार के नेतृत्व में बिजली चोरी और बकाएदारों के खिलाफ मंगलवार को छापेमारी की गई. इस क्रम में प्रखंड क्षेत्र के बेड़म और कोल्हू के कुल 23 उपभोक्ताओं के घरों से विद्युत कनेक्शन काटा गया है. इनमें चार पर चोरी की बिजली उपयोग करने का आरोप है. प्रति अवैध कनेक्शन 10,800 रुपये का जुर्माना लगाया गया है. वहीं, 19 उपभोक्ताओं का काफी समय से बिजली बिल बकाया था. प्रति बकायेदार 840 रुपये आर्थिक दंड लगाया गया है. छापेमारी अभियान में कनीय अभियंता प्रभाष कुमार, राकेश कुमार समेत अन्य विद्युत कर्मी थे. सभी उपभोक्ताओं से प्रतिमाह बिजली बिल जमा करने और बकाएदारों से शीघ्र बकाया राशि का भुगतान करने कहा गया.

### अतिक्रमण के खिलाफ गोलबंद हुए ग्रामीण

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के बरकट्ठा दक्षिणी पंचायत अंतर्गत ग्राम कोनहरा कलां में स्थानीय मुखिया अब्बास अंसारी ने अतिक्रमण के खिलाफ ग्रामीणों के साथ आवाज बुलंद की. बुधवार को मुखिया के नेतृत्व में ग्रामीणों ने स्थल को चिह्नित कर एक सप्ताह के अंदर अतिक्रमणमुक्त करने की अपील की, अन्यथा बुलडोजर चलवाकर अतिक्रमण मुक्त कराए जाने की बात कही गई. अभियान में पूर्व मुखिया मुंशी पासवान, जीवन यादव, रहमत अंसारी, कलाम अंसारी, मुकेश सोनी, सुरेश दास, राजू यादव, मनी यादव, मुकेश यादव, अयूब अंसारी, वकील अंसारी, बब्लू अंसारी, महावीर यादव, धानेश्वर पासवान, राजकुमार यादव, सदर हाफिज अंसारी, सबजूल अंसारी, मो. अंसारी समेत अन्य शामिल थे.

### फंदे से लटका मिला पंचर दुकानदार का शव

**चौपारण।** जीटी रोड दनुआ स्थित पेट्रोल पंप के पास एक टायर पंचर दुकान में फंदे से लटका शव मिलने से सनसनी फैल गई. स्थानीय लोगों की सूचना पर थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह दल-बल के साथ पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेज दिया. मृतक की पहचान सिंघरावां पंचायत के केवला गांव निवासी मो. आफताब खान के पुत्र मो. रियाज खान (20) के रूप में हुई है. बताया जाता है कि रियाज काफी समय से टायर का पंचर बनाने की दुकान चला रहा था. परिजन व उपमुखिया प्रतिनिधि मो. नौशाद असगर ने कहा है कि युवक की हत्या कर गुमराह करने के लिए फांसी के फंदे से लटका दिया है. मो. रियाज का एक पैर चौकी पर और दूसरा जमीन पर था. पैर से खून भी निकला हुआ था.

### सरकारी दुकानों में एमआरपी से भी ज्यादा कीमत पर बेची जा रही शराब


# अवैध वसूली का गोरखधंधा

**रंजना कुमारी। हजारीबाग**

जिले में एक बार फिर से सरकारी शराब दुकानों में एमआरपी से अधिक कीमत पर शराब बेचने का मामला सामने आ रहा है. हर बोतल पर 10 से 20 रुपये अधिक वसूला जा रहा है. इस बारे में पूछने पर दुकानदार द्वारा कहा जाता है कि लेना है तो लीजिए, नहीं तो जाइये, पैसा अधिक देना ही पड़ेगा. हैरत की बात तो यह है कि ग्राहकों को दिए जाने वाले कंप्यूटराइज बिल में भी 10 रुपये अधिक कीमत दर्ज रहती है.

बता दें कि एमआरपी से अधिक कीमत पर शराब बेचने के मामले में पूर्व में कार्रवाई भी हो चुकी है. बीते साल तत्कालीन सहायक उत्पाद आयुक्त अरविंद कुजूर को सस्पेंड कर दिया गया था. इसके बाद शराब बिक्री में ज्यादा कीमत वसूलने पर रोक लगी थी. लेकिन, एक बार फिर से शराब दुकानदारों द्वारा सभी ब्रांड में एमआरपी से 10 रुपये ज्यादा वसूलने का गोरखधंधा शुरू कर दिया गया है. कार्रवाई के बाद भी इन शराब दुकानदारों की मनमानी कम नहीं हो रही है. कभी शराब में पानी मिलाने का वीडियो वायरल होता है, तो कभी फर्जी रसीद देने की बात सामने आती है.

वर्तमान में सरकारी शराब दुकानों में ग्राहकों से प्रति बोतल एमआरपी से 10 रुपये अधिक कीमत वसूली जा रही है. इसे लेकर शराब के शौकीन परेशान हैं और उत्पाद विभाग पर कई सवाल उठा रहे हैं. विरोध करने पर ग्राहक और दुकानदार के बीच नोकझोंक भी हो जाती है और कभी-कभी तो नौबत मारपीट तक पहुंच जाती है. शराब के शौकीनों का कहना है कि सरकार के निर्धारित रेट से आखिर दुकानदार ज्यादा कीमत क्यों लेते हैं. क्या उन्हें किसी को नजराना देना पड़ता है या फिर सरकार शराब पर कम कमीशन दे रही है. इस गोरखधंधे में अनुमानित तौर पर जिले भर से एक माह में 20-22 लाख रुपये की अवैध वसूली हो रही है.



शराब की एक ब्रांड में अंकित एमआरपी और ज्यादा कीमत लेने की रसीद.

> शराब की बोतल पर अंकित एमआरपी ही दुकानदार को दें. अगर दुकानदार अधिक रुपये लेता है, तो इसकी शिकायत उत्पात विभाग से करें. ऐसे दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी.
>
> **- सुनील कुमार चौधरी, सहायक उत्पाद आयुक्त, हजारीबाग**

**विभाग मौन**

- प्रति बोतल 10 रुपये अवैध वसूली, रसीद में भी अंकित
- पूर्व में कार्रवाई होने के बाद कुछ दिनों तक लगी थी रोक
- शिकायत करें, होगी कार्रवाई : सहायक उत्पाद आयुक्त

**शिकायत करने के बावजूद नहीं होती कार्रवाई**

झारखंड सरकार द्वारा संचालित शराब दुकानों में काम करने वाले कर्मियों को प्रत्येक महीना वेतन दिया जाता है. इसके बावजूद दुकानदार प्रत्येक बोतल पर एमआरपी से 10 रुपये अधिक कीमत वसूलते हैं. ग्राहकों का कहना है कि उत्पाद विभाग से शिकायत करने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं होती है. विभाग लिखित शिकायत मिलने का इंतजार करती है. वहीं शराब दुकानदार खुलेआम अधिक कीमत वसूल रहे हैं. एक ग्राहक ने एमआरपी से 10 रुपये अधिक कीमत वसूलने का बिल उपलब्ध कराया है. बोतल पर एमआरपी 310 लिखा है और ऑनलाइन पेमेंट 320 रुपये लिया गया है.

**ग्राहकों का आरोप- सबका हिस्सा पहले से है तय**

ग्राहकों ने बताया कि हजारीबाग में शराब की कुल 72 सरकारी दुकानें है. अगर हर दुकानदार 100 बोतल भी शराब बेचता है, तो एक दिन की उपरी आमदनी 1000 रुपये होती है. 72 दुकानों के हिसाब से 72 हजार रुपये रोज और महीने में लगभग 22 लाख रुपये उपरी आमदनी होती है. इसमें कलेक्शन अधिकारी, उत्पाद विभाग और दुकानदार सबका हिस्सा पहले से तय रहता है. अगर ऐसा नहीं होता, तो संबंधित अधिकारी शिकायत करने के बाद स्थल पर जाकर जांच करते और अधिक कीमत वसूलने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाती. लेकिन, यहां तो सब मौन धारण किए हुए हैं.

### रामगढ़ विधायक ने विभिन्न योजनाओं की आधारशिला रखी, कहा

# चेकडैम बनने से किसानों को लाभ

**संवाददाता। रामगढ़**

गोला प्रखंड में विभिन्न जगहों पर रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी ने बुधवार को कई योजनाओं का शिलान्यास किया. इस दौरान गोला के बेटूलकलां, तिरला, कुस्टेगढ़ा, भुभई एवं कोरांबे पंचायत में जनकल्याणकारी योजनाओं की आधारशिला रखी. मुख्य अतिथि रामगढ़ विधायक के अलावा विशिष्ट अतिथि जिप अध्यक्ष सुधा देवी, पार्षद सरस्वती देवी, प्रमुख गीता देवी, हेसापोड़ा मुखिया गीतांजलि तिर्की ने संयुक्त रूप से शिलापट्ट का अनावरण किया.

इस अवसर पर विधायक सुनीता चौधरी ने कहा कि चेक डैम के निर्माण से किसानों का लाभ होगा. वहीं पीसीसी सड़क एवं नाली निर्माण से लोगों को आने जाने में सुविधा होगी और किचन सेड निर्माण से खाना बनाने में सुविधा होगी. मौके पर विधायक के आप्त सचिव सुजीत कुमार, आजसू पार्टी के गोला प्रखंड सचिव नित्यानंद महतो, सुरेश रजक, गोला प्रखंड उपाध्यक्ष संतोष महतो, महेंद्र महतो, पंसस रानी देवी, पंसस मनोरंजन महतो, बच्चू मुंडा, विनोद बेदिया, अंगद महतो, रणधीर बसेरिया, राजु कुमार महतो, इदरीश अंसारी, काली देवी, फूल देवी, बबीता देवी सहित कई ग्रामीण थे.



**विकास कार्य**

- पीसीसी सड़क, नाली, किचन शेड का किया शिलान्यास
- बेटूलकलां, तिरला, कुस्टेगढ़ा, भुभई व कोरांबे में रखी नींव

# रामगढ़ छावनी परिषद का नगर निकाय में होगा विलय

**संवाददाता। रामगढ़**

रामगढ़ छावनी परिषद को नगर निकाय में विलय करने की अधसूचना जारी कर दी गई है. अब बहुत जल्द छावनी परिषद का नगर निकाय में विलय हो जाएगा. इस कार्य से छावनी क्षेत्र का दुगनी रफ्तार से विकास हो पाएगा. इस कार्य के लिए क्षेत्र की जनता और भाजपा कार्यकर्ताओं ने हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा का आभार जताया है.

बता दें कि रामगढ़ छावनी परिषद का नगर निकाय में विलय करने को लेकर सांसद सह वित्त संबंधी संसदीय स्थाई समिति के अध्यक्ष जयंत सिन्हा काफी वर्षों से प्रयासरत थे. उन्होंने वर्ष 2021 में ही रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को पत्र लिखने के साथ ही मुलाकात कर इस संबंध में अधिसूचना जारी करवाने के लिए आग्रह किया था. उनके प्रयास से अब यह कार्य सफल हो गया है और विलय को मंजूरी मिल गई है.

**मिली मंजूरी**

- अधिसूचना जारी, वर्षों से प्रयासरत थे सांसद जयंत सिन्हा
- जनता व भाजपा कार्यकर्ताओं ने सांसद का आभार जताया

### 18 किसानों के बीच बकरियों का वितरण

**रामगढ़।** गोट बैंक परियोजना के तहत मंगलवार को गोला में लाभुकों के बीच बकरियों का वितरण किया गया. कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जिला पशुपालन पदाधिकारी कमलेश कुमार पिंगले, भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी राजेश कुमार, डीएमएफटी टीम से गौरव कुमार उपस्थित थे. इस दौरान 18 लाभुकों को बकरियां दी गई. जल्द ही परियोजना के 200 अन्य लाभुकों को भी बकरियों का वितरण किया जाएगा. गौरतलब हो कि गोट बैंक मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के अंतर्गत चलने वाली एक परियोजना है, जिसमें किसान को लोन के रूप में बकरियां दी जाती हैं. वहीं, लाभुक को ब्याज के रूप में बकरी का मेमना लौटाना होता है.

### भू-अर्जन, राजस्व कार्यों व भारतमाला परियोजना की डीसी ने की समीक्षा

# भूमि अधिग्रहण का कार्य करें पूरा

**संवाददाता। रामगढ़**

भू-अर्जन, राजस्व संबंधित कार्यों व विभिन्न परियोजनाओं को लेकर बुधवार को उपायुक्त चंदन कुमार ने समीक्षा बैठक की. इस दौरान भारतमाला परियोजना के तहत गोला-ओरमांझी एवं कोलकाता-वाराणसी एक्सप्रेस-वे अंतर्गत पैकेजवार एवं मौजावर वर्तमान स्थिति की जानकारी ली. उन्होंने भूमि अधिग्रहण में आने वाली समस्याओं का निष्पादन कर मुआवजा भुगतान को लेकर महत्वपूर्ण निर्देश दिए.

उपायुक्त ने भारतमाला परियोजना अंतर्गत एनएच 32 पर चल रहे कार्यों में कुछ एक मामलों में आ रही समस्याओं के मद्देनजर सर्वे पूरा कर जल्द से जल्द निर्माण कार्य शुरू करने को कहा. वहीं, मांडू प्रखंड अंतर्गत मांडूडीह क्षेत्र में सड़क निर्माण के दौरान पाइपलाइन फटने के कारण जलापूर्ति बाधित होने संबंधित मामले में अधिकारियों को कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, रामगढ़ के साथ समन्वय करते हुए जल्द से जल्द मरम्मति का कार्य कराने का निर्देश दिया. मांडू प्रखंड के ही केदला दक्षिणी क्षेत्र में रेलवे लाइन डायवर्सन कार्यों को जल्द से जल्द कार्य पूर्ण करने को कहा गया.

उपायुक्त ने पथ निर्माण विभाग, सीसीएल सहित अन्य परियोजनाओं के अधिकारियों से उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की भी समीक्षा की. इस क्रम में एफआरए, एनओसी, जमीन अधिग्रहण सहित लंबित मामलों का जल्द से जल्द निष्पादन करने का निर्देश दिया. वहीं सभी परियोजनाओं के अधिकारियों को किए जा रहे कार्यों के दौरान आने वाली समस्याओं से जिला प्रशासन को नियमित रूप से अवगत कराने को कहा.



**दिए निर्देश**

- सर्वे पूरा कर एनएच 32 पर जल्द शुरू कराएं निर्माण कार्य
- केदला दक्षिणी क्षेत्र में डायवर्सन कार्यों को जल्द पूरा करें

### सूरज कुमार कुशवाहा बने झापा के जिलाध्यक्ष

**हजारीबाग।** शहर के रिंग रोज होटल में झारखंड पार्टी का पदभार ग्रहण सह मिलन समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया. इसमें बतौर मुख्य अतिथि पार्टी के केंद्रीय प्रधान महासचिव सह पूर्व राज्य मंत्री अशोक कुमार भगत और विशिष्ट अतिथि केंद्रीय उपाध्यक्ष एनुअल हक अंसारी शरीक हुए. इस दौरान जिला कमेटी का गठन किया गया. इसमें जिला अध्यक्ष सूरज कुमार कुशवाहा और अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष मो. फारूक के नाम की घोषणा की गई. वहीं, राजकुमार कुशवाहा उर्फ बबलू कुशवाहा को जिला प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई. समारोह में सैकड़ों लोगों ने झारखंड पार्टी की सदस्यता ग्रहण की. मौके पर अशोक कुमार भगत ने कहा कि संगठन के विस्तार को लेकर संगठित होकर काम करें. झारखंड पार्टी, माटी की पार्टी है. इस दौरान आगामी लोकसभा चुनाव में झारखंड की सभी 14 लोकसभा सीटों पर पार्टी द्वारा प्रत्याशी उतारने की घोषणा की गई.

### भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने विष्णुगढ़ में किया जनसंपर्क, कहा

# बेटा-भाई बन कर सेवा करूंगा

**संवाददाता। विष्णुगढ़**

सदर विधायक और हजारीबाग लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल जनसंपर्क अभियान के क्रम में बुधवार को विष्णुगढ़ पहंचे. सुबह सात मिल चौक पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया. अपने कार्यक्रम में तहत भाजपा प्रत्याशी ने प्रखंड के पूर्वी और उत्तरी क्षेत्र के गांवों में आमजनों से मुलकात कर लोकसभा चुनाव में जीत का आशीर्वाद मांगा.

जनसंपर्क के दौरान मनीष जायसवाल ने लोगों से कहा कि सशक्त, खुशहाल व विकसित भारत के लिए एकबार फिर से देश में भारी बहुमत से मोदी सरकार बनाएं. इसके लिए आपसबों से जीत का आशीर्वाद चाहिए. उन्होंने यह भी कहा कि सदर विधानसभा की तरह ही पूरे हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र की जनता के लिए नेता नहीं, बल्कि बेटा और भाई बन कर सेवा करूंगा. अपने निर्धारित कार्यक्रम के तहत सदर विधायक ने प्रखंड क्षेत्र के बनासो, करगालो, अलचजामो, सिरय, सारुकूदर, ऊंचा घाना, चटकरी, जोबर, गालहोबार, खरकी, बलकमक्का, बंदखारो, चानो, नावातांड, नवादा, विष्णुगढ़ अखाड़ा चौक, हॉस्पिटल चौक, आठ माइल चौक में जनसंपर्क किया. अखाड़ा चौक पर समर्थकों ने गाजे-बाजे के साथ उनका स्वागत करते हुए फूल-मालाओं से लाद दिया.

वहीं, महिलाओं ने उनकी आरती उतार कर लोकसभा चुनाव में भारी मतों से विजयी होने की कामना की. जनसंपर्क कार्यक्रम के दौरान के दौरान जायसवाल के साथ मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल और कार्यकर्ताओं का कारवां था.



**चुनावी दौरा**

- देशहित में फिर से मोदी सरकार बनाने की अपील की
- अखाड़ा चौक पर स्वागत, महिलाओं ने उतारी आरती

**सूरते हाल** 15 साल से शोभा की वस्तु बनी हुई है जलमीनार, आज तक योजना का उद्घाटन नहीं हुआ

# 50 लाख की लागत से बनी जलमीनार में एक बूंद पानी तक नहीं

**शुभम संदेश ग्राउंड रिपोर्ट**

**प्रमोद उपाध्याय। हजारीबाग**

आम लोगों को सरकारी योजनाओं लाभ दिलाने एवं क्षेत्र के विकास के लिए सरकार प्रत्येक साल अच्छी खासी राशि रकम खर्च करती है. लेकिन कई योजनाएं धरातल पर उतरती ही नहीं हैं और इंजीनियर, ठेकेदार के स्वार्थ हित की भेंट चढ़ जाती हैं. ऐसे में विकास कार्य अधूरा ही रह जाता है, जबकि सरकार का कोष खाली होता जाता है. यह राशि आम जनता की गाढ़ी कमाई से ट्रैक्स के रूप में सरकार लेती है.



जर्जर हालत में जलमीनार और पम्प हाउस.

आए दिन सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के नाम पर अधिकारियों और ठेकेदारों से मिलीभगत से सरकारी राशि की बंटरबांट की खबरें भी सामने आती रहती हैं. हजारीबाग जिले में भी कई तरह का योजनाएं चल रही हैं, जो कि केवल कागज पर ही सिमट कर रह जाती हैं. ऐसा ही मामला खनन विभाग से सामने आया है. जानकारी के मुताबिक, खनन विभाग की भूमि पर 15 साल पहले 50 लाख की लागत से जलमीनार बनाई गई थी. जलमीनार जैसे-तैसे बना दी गई, मगर आज तक उसमें एक बूंद पानी नहीं आया और योजना का उद्घाटन भी नहीं हो सका.

अब पानी के अभाव से बोरिंग करवा कर छोटा मोटर लगाया गया है. लेकिन, 50 लाख की लागत से बनी जलमीनार आज भी खनन विभाग की जमीन पर शोभा की वस्तु बनी हुई है. आसपास झाड़ियां उग आई हैं, जबकि मोटर रूम की हालत की भी काफी बदतर हो गई है. सरकार की योजना के तरह शहर में बनी इस जलमीनार के पास से कई पदाधिकारियों का भी आना-जाना लगा रहता है. नजदीक में ही सर्किट हाउस है, जहां महीने में एक-दो बार नेता-मंत्री का भी आगमन हो जाता है. इसके बावजूद आज तक 15 साल से अधूरी पड़ी इस योजना पर किसी की नजर नहीं पड़ी. अगर इस योजना का क्रियान्वयन सही तरीके से होता, तो खनन विभाग के अलावा आसपास के लोग भी इस जलमीनार का लाभ उठा पाते.

**भ्रष्ट तंत्र**

- आसपास उग आई झाड़ियां, मोटर रूम की हालत बदतर
- भ्रष्टाचार के कारण धरातल पर नहीं उतर पाती हैं योजनाएं

**योजना को निगल गए इंजीनियर, ठेकेदार: कर्मी**

खनन विभाग के कर्मचारी बाबूलाल पासवान ने बताया कि 30 वर्ष से इसी विभाग में नौकरी कर रहे हैं. 15 साल पहले पानी का घोर अभाव था. इसे दूर करने के लिए सरकार यह योजना लाई थी. लेकिन इस योजना को इंजीनियर और ठेकेदार मिल कर निगल गए और जलमीनार से आज तक एक बूंद पानी भी बाहर नहीं आया.

**पदाधिकारी के लिए होती हैं योजनाएं: मनोज गुप्ता**

समाजसेवी मनोज गुप्ता ने बताया कि सरकार द्वारा योजनाएं लाई जाती हैं, मगर इंजीनियर और ठेकेदार उसमें पलीता लगाने में कोई कसर नहीं छोड़ते हैं. जमीन पर कम और कागत पर काम ज्यादा होता है. ऐसा प्रतीत होता है कि सरकार की योजनाएं आम जनता के लिए नहीं, बल्कि पदाधिकारी के लिए ही बनती हैं.

# स्वास्थ्य शिविर में टीबी मुक्त ग्राम पंचायत बनाने पर जोर


**संवाददाता। रामगढ़**

जिले के मांडू प्रखंड के बड़गांव पंचायत सभागार में टीबी मुक्त ग्राम पंचायत को लेकर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया. उपायुक्त के निर्देश पर जिला यक्ष्मा विभाग के पदाधिकारी डॉ. स्वराज और पीरामल स्वास्थ्य टीम द्वारा हर सप्ताह मंगलवार एवं शुक्रवार के दिन पंचायत स्तर पर टीबी स्क्रीनिंग अभियान चलाया जा रहा है.

इसी क्रम में बड़गांव पंचायत भवन के सभागार में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं एवं अन्य ग्रामीण महिलाओं को पीरामल स्वास्थ्य टीम के अजय नारायण दुबे ने टीबी रोग, इसके लक्षण, इससे बचाव के उपाय और मुफ्त जांच व इलाज की व्यवस्था के बारे में बताया. इस दौरान टीबी मुक्त ग्राम पंचायत कार्य योजना के संबंध में सभी वार्ड सदस्यों एवं उपस्थित ग्रामीणों को जानकारी दी. स्वास्थ्य शिविर का पंचायत के 143 लोगों ने लाभ उठाया. इस कार्य में मुखिया बुलबुल कुमारी, उप मुखिया महेश प्रसाद और वार्ड सदस्यों ने भी सहयोग किया. इसके अलावा पीवीयूएनएल, पतरातू के अस्पताल में टीबी फ्री वर्क पॉलिसी के तहत पीवीयूएनल में कार्यरत श्रमिकों का स्क्रीनिंग व बलगम जांच की गई.

**स्वास्थ्य जागरूकता**

- टीबी के लक्षण, बचाव, जांच व इलाज की दी गई जानकारी
- पतरातू अस्पताल में कर्मियों की स्क्रीनिंग व बलगम जांच



## राशिफल
आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष** समय बहुत ही उत्तम है, बस मेहनत की आवश्यकता है. साथ ही कोई धन फंसा हो तो प्रयास करें, इसमें लाभ होगा. वरिष्ठों से संबंध मधुर होंगे, परन्तु सहकर्मियों से मनमुटाव व टकराहट हो सकती है, इसलिए असावधानी न बरतें.

**वृषभ** गलत धन नुकसान देगा, पर बाहरी आवरण से लाभ होगा. खर्च में वृद्धि होगी, पर बाहर से कोई शुभ समाचार मिलेगा. आपकी सृजनात्मकता आपको अन्य साथियों से आगे ले जायेगी. किसी करीबी से धोखा मिल सकता है.

**मिथुन** समय बहुत ही अच्छा है. आय के लिए किया गया सार्थक प्रयास लाभ देगा. आर्थिक स्थिति पूरी तरह से सामान्य रहेगी, धन की आवक सामान्य तौर पर बनी रहेगी वहीं खर्च भी बढ़ सकते हैं. अपना धन किसी को उधार न दें.

**कर्क** धर्म में मन लगेगा. समय लाभ का मौका देगा. बस कर्म पर ध्यान दें. समाज में मान-सम्मान मिलेगा. परिवार में सुख शांति भरपूर रहेगी. किसी शुभ कार्य के होने का भी संकेत सितारे दे रहे हैं. किसी विवाद में न पडें.

**सिंह** धार्मिक यात्रा सुखद और मनोरंजक होगी. जीवनसाथी से संबंध थोड़े बेहतर होंगे. आज कहीं पैसा फंसने का भी योग बन रहा है. इसलिए कोई भी जोखिम भरा कार्य न करें. माता दुर्गा को लाल फूल अर्पण करें.

**कन्या** किसी से विवाद होगा. दिल के बदले दिमाग से कार्य करें. आप कार्य में अपनी पसंदीदा चीजों की तरफ ध्यान देंगे. किसी करीबी से धोखा मिल सकता है, अतः आंखें बंद करके किसी पर विश्वास न करें. माता दुर्गा पर अनार का भोग लगावें.

**तुला** राहु गलत कार्य के लिए प्रेरित करता है. इससे बचें. व्यापार में नये कार्य का योग है. किसी नए शौक की तरफ रुझान रहेगा, जबकि स्पोर्ट्स, योग आपको तरोताजा होने में मदद करेंगे. कुछ गुप्त शत्रु नुकसान पहुंचा सकते हैं, अतः सतर्क रहें.

**वृश्चिक** कोई उदर विकार हो तो उपचार करावें. ऋण लेने की नौबत आएगा. आपको एकाग्र होने में मदद मिलेगी और आप खुद को तरोताजा महसूस करेंगे. अपने रुझान में कूटनीतिक रहने की कोशिश करें और विवाद न करें.

**धनु** कार्य नहीं बनने से क्रोध बढ़ेगा. प्रेम में धोखा मिलेगा. गलतफहमियां दूर कर सकेंगे और नए वादे किए जाएंगे. कार्य को लेकर सतर्क रहें. मेहनत एवं अनुभव द्वारा कुछ नवीन स्थिति को पाएंगे. विषम परिस्थितियों में साहस न खोएं.

**मकर** किसी महिला से मानहानि हो सकती है. सोच विचार कर ही बोलें. विदेशी कारोबार से जुड़े लोगों को अच्छे लाभ का योग है. पिता और उच्च अधिकारियों का सहयोग मिलेगा. बिना बात के किसी से भी उलझना भारी पड़ सकता है.

**कुंभ** भाई से किसी गलतफहमी को लेकर विवाद हो सकता है, पर आपके परिश्रम को उचित सम्मान मिलेगा एवं नयी जिम्मेदारी का भार भी आपके कंधों पर डाला जायेगा. नियमित जीवनचर्या एवं संयमित खानपान में कोताही न बरतें.

**मीन** पिता और पैतृक संपत्ति का लाभ होगा. गलत धन और आय से बचें. अपने कामकाज को बढ़ाने में सफल होंगे. कार्य से सम्बंधित यात्राओं का लाभ मिलेगा. किसी वाद-विवाद के कारण किसी प्रकार का नुकसान होने से बचें.

## 85 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाता कर पाएंगे पोस्टल बैलेट से मतदान

**धनबाद।** आगामी लोकसभा चुनाव में 85 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाताओं को पोस्टल बैलट से मतदान करने की सुविधा मिलेगी. धनबाद जिला प्रशासन के डाक मतपत्र कोषांग के वरीय पदाधिकारी महेश्वर महतो ने बताया कि चुनाव आयोग ने इस संबंध में दिशा-निर्देश जारी किए हैं, जिसके अनुसार, 85 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्ग, चलने-फिरने में असमर्थ दिव्यांग व कोविड से पीड़ित क्वारेंटाइन मरीज जैसे विशेष श्रेणी के मतदाताओं को डाक मतपत्र से मतदान करने की सुविधा के हकदार होंगे. इसके लिए सभी सहायक निर्वाचक पदाधिकारी, सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, बीडीओ, सीओ को अपने-अपने क्षेत्र में विशेष श्रेणी के मतदाताओं को चिह्नित कर इसकी सूचना डाक मतपत्र कोषांग को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है.

## ट्रक ने स्कूटी सवार दो युवकों को रौंदा, दोनों की घटनास्थल पर मौत

**किरीबुरु।** किरीबुरु थाना क्षेत्र के बराईबुरु गांव के समीप ट्रक व स्कूटी की सीधी टक्कर में दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गई. मृतकों की पहचान सोना राम चाम्पिया (17 वर्ष) पिता दुर्गा चाम्पिया एवं गोपाल दास (15 वर्ष) पिता पदु दास के रूप में हुई है. यह घटना शाम लगभग 6 बजे के करीब की बताई जा रही है. घटना को लेकर मुखिया मंगल सिंह गिलुवा ने बताया कि बराईबुरु क्षेत्र स्थित वन विभाग का गेस्ट हाउस से पहले एक तीखे मोड़ पर तेज रफ्तार ट्रक ने विपरीत दिशा से आ रही स्कूटी को सीधी टक्कर मार दी. दुर्घटना के बाद ट्रक दोनों युवकों को रौंदते हुये पार हो गई. जिससे दोनों युवकों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई. इसके बावजूद उसे बचाने की आस लिये ग्रामीण दोनों युवकों को वाहन से नोवामुंडी अस्पताल ले गये, जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया. इस घटना से गांव में शोक की लहर है. उल्लेखनीय है कि बुधवार को बराईबुरु में मागे पर्व का शुभारंभ मुंडा के घर में पूजा के साथ हुआ था. गांव में खुशी व उत्साह का माहौल था. यह मागे पर्व 13, 14 एवं 15 मार्च तक होना था. यहां मागे पर्व का भव्य आयोजन होता है जिसमें झारखंड-ओडिशा के विभिन्न शहरों से सैकड़ों लोग शामिल होते हैं. लेकिन इस घटना के बाद मागे पर्व के आयोजन को रद्द कर दिया गया.

### 31 अंतर जिला और आठ अंत: जिला शिक्षकों को स्थानांतरण की दी गई है अनुमति

# ट्रांसफर आदेश के बाद भी विभाग मौन, अधर में 41 शिक्षक

भाषा। हजारीबाग

जिले में 2018 से अंतर और अंतः जिला स्थानांतरण की बाट जोह रहे शिक्षकों को निदेशालय की अनुमति और स्थानांतरित होने वाले शिक्षकों की सूची जारी करने के बाद भी लंबी प्रतीक्षा करनी होगी. वहीं इसके विपरीत डेढ़ माह पूर्व जारी आदेश के आलोक में कई जिलों में यह प्रक्रिया विधि पूर्ण तरीके से कर ली गई है. अन्य जिलों की तरह हजारीबाग में भी निदेशालय की ओर से चार प्रक्रिया के तहत शिक्षकों को स्थानांतरण की अनुमति नाम सहित प्रदान की है, परंतु हजारीबाग में अबतक यह मामला स्थापना समिति में ही नहीं जा सका है.

**खास बातें**
- आठ शिक्षक का स्थानांतरण जिले में ही होना है
- शिक्षकों के स्थानांतरण की सूची मांगी गई थी

शिक्षा सचिव के जारी पत्र में 31 शिक्षक ऐसे है, जो विभिन्न जिलों से स्थानांतरित होकर हजारीबाग आए है. वहीं, आठ शिक्षक ऐसे है जिनका स्थानांतरण जिले में ही होना है. हजारीबाग शिक्षा विभाग के इस निर्णय से विभिन्न जिलों से स्थानांतरित होकर आए शिक्षकों के सामने विकट परिस्थिति पैदा हो गई है. कई शिक्षक विरमित हो गए है और कई अन्य शिक्षकों का मतदान प्रक्रिया से नाम भी हट चुका है.

**उपायुक्त को निदेशालय ने भेजा था पत्र**

पूरे प्रकरण में 31 जनवरी को 2024 को शिक्षा विभाग ने राज्य स्तर पर विभिन्न जिलों के लिए स्थानांतरित होने वाले विभिन्न जिलों की शिक्षकों की सूची जारी की थी. निदेशालय की ओर से उपायुक्त को पत्र जारी कर स्थापना समिति की बैठक आयोजित कर शिक्षकों को स्थानांतरित करना था. शिक्षा सचिव के आदेश के आलोक में हजारीबाग के सीमावर्ती और अन्य जिलों के शिक्षकों का स्थानांतरण की प्रक्रिया पूरी कर दी गई है. जबकि हजारीबाग में यह अधर में लटका हुआ है. इस मामले में जिला शिक्षा पदाधिकारी को फाइल बढ़ाने और उपायुक्त के माध्यम से स्थापना समिति की बैठक बुलाने का निर्णय लेना था, परंतु यह कार्य नहीं हो सका. ज्ञात हो कि राज्य स्तर पर चार कैटेगरी तय कर शिक्षकों का स्थानांतरण की सूची मांगी गई थी. यह प्रक्रिया 2023 से राज्य स्तर पर स्क्रीनिंग की जा रही थी.

> अभी संभव नहीं है, जून के प्रथम सप्ताह में शिक्षकों का स्थानांतरण संभव हो सकेगा. किस विद्यालय में कितने तथा किस विषय के स्वीकृत पद है, इसकी सूची ना होने के कारण गड़बड़ी हो सकती है. इसलिए शिक्षकों को अभी इंतजार करना होगा.
>
> प्रवीण रंजन, जिला शिक्षा पदाधिकारी, हजारीबाग

> पूर्व शिक्षा पदाधिकारी के स्थानांतरण के बाद इस मामले में विभाग ने आंख बंद कर लिया है, जबकि इसे प्राथमिकता सूची में स्थापना समिति में ले जाना था. जून माह में शिक्षकों का स्थानांतरण जिला होने की सूचना है, जबकि सचिव के आदेश के बाद यह प्रक्रिया फरवरी के प्रथम में हीं पूरी होनी थी. ऐसे में जून तक यह आदेश प्रभावी रहेगा की नहीं यह भी चिंता का विषय है. विभाग को शिक्षक और छात्रहित में सोचना चाहिए. यह सीधा लापरवाही को दर्शाता है.
>
> कृष्ण कुमार, अध्यक्ष, झारखंड माध्यमिक शिक्षक संघ

### सीएम ने जमीन के अवैध कारोबार व अवैध माइनिंग पर रोक लगाने के निर्देश दिए

# रांची में ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार कर ऑटो रिक्शा का रूट तय करें

विशेष संवाददाता। रांची

मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन धनबाद सहित राज्य की विधि-व्यवस्था, जमीन के अवैध कारोबार, अवैध माइनिंग और रांची में जाम की समस्या दूर करने को लेकर गंभीर दिखे. बुधवार को उन्होंने प्रोजेक्ट भवन में अफसरों के साथ बैठक कर अपराध पर हर हाल में लगाम लगाने, जमीन के अवैध कारोबार से जुड़े लोगों पर सख्त कार्रवाई करने के साथ ही साथ राजधानी रांची की ट्रैफिक व्यवस्था हर हाल में दुरुस्त करने करने का निर्देश दिया, ताकि आम लोगों को किसी तरह की परेशानी न हो.

**ऑटो और ई-रिक्शा का परमिट जारी कर रूट तय करें :** अफसरों को निर्देश दिया कि रांची शहर में संचालित ऑटो रिक्शा एवं ई-रिक्शा चालकों को परमिट देने जारी करने के साथ ही साथ रूट भी तय करें. बिना परमिट के बिना ऑटो रिक्शा एवं ई-रिक्शा चलानेवालों पर कार्रवाई करें. जो तय रुट पर परिचालन नहीं करते हैं, उनपर भी कार्रवाई करें, ताकि ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार हो सके. नगर निगम द्वारा संचालित सिटी बसों का स्टैंड और रुट के साथ समय तय करने को कहा, ताकि को सुविधा मिल सके.



**11 चिह्नित स्थानों पर वेंडिंग जोन बनाने की पहल**

अफसरों ने सीएम को बताया कि रांची शहर की यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए यह जरूरी है कि फुटपाथ दुकानों को वेंडिंग जोन का निर्माण कराकर व्यवस्थित किया जाए. रांची नगर निगम ने शहर के 11 चिह्नित स्थानों पर वेंडिंग जोन बनाने की पहल की है. इस पर सीएम ने अफसरों से कहा कि वेंडिंग जोन निर्माण में अगर कोई समस्या उत्पन्न हो रही है, तो मुख्य सचिव के साथ बैठक कर विभिन्न विभागों से समन्वय स्थापित करते समस्याओं को जल्द दूर कर लें.

**शहर में ट्रैफिक व्यवस्था को सुगम किया जाए**

मुख्यमंत्री ने अफसरों को निर्देश दिया कि राजधानी रांची के आम लोगों की सुविधा के लिए यह जरूरी है कि शहर में ट्रैफिक व्यवस्था को सुगम किया जाए. शहर में विभिन्न तरह के निर्माण कार्य जैसे फ्लाईओवर निर्माण, वॉटर पाइपलाइन बिछाने का कार्य, नाला का निर्माणहो रहा है, जिस कारण आये दिन ट्रैफिक जाम की समस्या हो रही है. शहर की प्रमुख सड़कों पर लंबा जाम लग जाता है. ऐसे में वैकल्पिक व्एयवस्ता कर लोगों को जाम की समस्या से निजात दिलाएं.

**सीएम ने ये भी निर्देश दिए**
- धार्मिक स्थलों में तोड़फोड़ में शामिल असामाजिक तत्वों को गिरफ्तार किया जाए
- अवैध माइनिंग रोकें, अवैध खनन में शामिल लोगों पर कार्रवाई सुनिश्चित करें
- बिना चालान कोयला लोड करनेवाले वाहनों पर कोयला कंपनियों की जिम्मेवारी तय हो
- अफीम की खेती रोकने के लिए लोगों को जागरूक करें
- हर हाल में आपराधिक घटनाओं पर लगाम लगाएं
- जमीन की अवैध खरीद-बिक्री से लोगों पर करें कड़ी कार्रवाई
- धनबाद जिला में विधि-व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए विशेष नजर रखें.

**बैठक में ये अफसर थे शामिल :** मुख्य सचिव एल ख्यांग्ते, डीजीपी अजय कुमार सिंह, प्रधान सचिव वंदना दाडेल, सचिव परिवहन कृपानंद झा, मुख्यमंत्री के सचिव अरवा राजकमल, सचिव खनन जितेंद्र कुमार सिंह, सचिव उत्पाद एवं मद्य निषेध मुकेश कुमार, डीजी, विशेष शाखा अनुराग गुप्ता, एडीजी, अभियान संजय आनंद लाटकर, निदेशक खान शशि रंजन समेत कई अफसर मौजूद थे.

## दुमका से लोस चुनाव लड़ सकते हैं पूर्व सीएम हेमंत

विशेष संवाददाता। रांची

झामुमो लोकसभा चुनाव के लिए बड़ा फैसला कर सकती है. विचार किया



जा रहा है कि झामुमो जमीन घोटाले में जेल में बंद पूर्व सीएम व पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन को दुमका से चुनाव मैदान में उतार सकती है. झामुमो खेमे और सत्ता की गलियारे से आ रही जानकारी के अनुसार हेमंत को दुमका लोकसभा सीट से पार्टी चुनावी समर में उतारने की तैयारी कर रही है. वे जेल में रहकर ही चुनाव लड़ सकते हैं. हालांकि अभी तक सोरेन परिवार या खुद हेमंत का अप्रूवल इसको लेकर नहीं मिला है. पिछले दिनों जब मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन होटवार जेल में हेमंत से मिले तो इस विषय पर चर्चा हुई थी.

**झामुमो की यह है रणनीति**

झामुमो के रणनीतिकार यह रणनीति बना रहे हैं कि अगर हेमंत को दुमका से उतारा जाए तो इसका असर पूरे झारखंड के आदिवासी वोट बैंक पर पड़ेगा. जनता के बीच यह मैसेज देने की कोशिश होगी कि भाजपा के षड्यंत्र की वजह से हेमंत सोरेन जेल में बंद हैं. साथ ही साथ उनको वोट देकर जीत दिलाएं ताकि भाजपा को यह मैसेज जाए कि हेमंत सोरेन जेल में बंद होने के बावजूद चुनाव लड़ सकते हैं और जीत भी सकते हैं. झामुमो हेमंत को जेल भेजने को एक भावनात्मक मुद्दा बनाकर झारखंड में चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहा है. हेमंत सोरेन के दुमका से चुनाव लड़ने पर अंतिम फैसला पार्टी अध्यक्ष शिबू सोरेन, हेमंत सोरेन और उनकी पत्नी कल्पना सोरेन को लेना है.

## सेमीकंडक्टर निर्माण कार्य से तेजी से आगे बढ़ेगा भारत : डॉ अमर

आनंद मिश्रा। जमशेदपुर

भारत में हाल ही में तीन सेमीकंडक्टर चिप निर्माण सुविधाओं का शिलान्यास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया गया है. ये तीन सेमीकंडक्टर सुविधाएं गुजरात के धोलेरा व साणंद तथा असम के मोरीगांव में हैं. इस कार्यक्रम के अनुरूप जमशेदपुर को-ऑपरेटिव कॉलेज में बुधवार को भारत की तकनीक-विकासशील भारत के लिए चिप्स विषय पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य डॉ अमर सिंह ने की. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने शिक्षा जगत में चिप शिक्षा के महत्व पर चर्चा की. इस क्षेत्र में रोजगार प्राप्त करने के लिए इसके महत्व के बारे में भी अवगत कराया.

## एसडीपीओ अजय केरकेट्टा के आदेश पर सेल बस में छापेमारी

### स्कूली छात्र के पास मिलीं अंग्रेजी शराब की खाली बोतलें

संवाददाता। किरीबुरु

किरीबुरु के एसडीपीओ अजय केरकेट्टा ने अवैध शराब कारोबारियों के खिलाफ कार्यवाही तेज कर दी है. सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बड़ाजामदा पुलिस ने किरीबुरु सेल की एक बस को रोक कर तलाशी ली. तलाशी के दौरान बस में सवार किरीबुरु के एक नाबालिक स्कूली छात्र के पास से अंग्रेजी शराब की खाली बोतलें मिली. सूत्रों का कहना है कि बड़ाजामदा क्षेत्र से कुछ लोग झारखंड व ओडिशा राज्य की खाली बोतलें किरीबुरु क्षेत्र में लाकर उसमें नकली अंग्रेजी शराब भरकर महंगे दामों में ग्राहकों को बेचते हैं. इसी सूचना पर पुलिस ने कार्यवाही करते हुए बस के चालक, खलासी एवं उक्त छात्र से घंटों पूछताछ की. देर शाम सभी को छोड़ दिया गया. पुलिस की इस कार्यवाही की जनता प्रशंसा कर रही है. लोगों का कहना है कि इससे शहर में होने वाले अनेक गलत गतिविधियों पर रोक लगेगी. गौरतलब है कि एसडीपीओ अजय केरकेट्टा ने 12 मार्च को हीं किरीबुरु थाना में आयोजित शांति समिति की बैठक में साफ शब्दों में जनता को भरोसा दिया था कि क्षेत्र में अवैध शराब कारोबारियों एवं सार्वजनिक जगहों पर नशापान व अड्डेबाजी करने वालों की अब खैर नहीं है. उन्होंने सभी थानों की पुलिस को निरंतर वाहन जांच अभियान चलाने का भी निर्देश दिए हैं.



**हुई कार्रवाई**
- सार्वजनिक जगहों पर नशापान व अड्डेबाजी करने वालों की अब खैर नहीं
- सभी थानों की पुलिस को निरंतर वाहन जांच अभियान चलाने के निर्देश

## जेल अधीक्षक ने गलत सूचना देकर किया गुमराह

सौरभ सिंह। रांची

पलामू डीसी ने जिस कैदी के पैरोल प्रस्ताव को अस्वीकृत कर दिया था, उसी को लेकर हजारीबाग जेल अधीक्षक जितेंद्र कुमार ने गलत सूचना देकर जेल आईजी को गुमराह करने का प्रयास किया. इसे लेकर जेल आईजी ने जेल अधीक्षक से स्पष्टीकरण मांगा है. जेल आईजी सुदर्शन मंडल ने हजारीबाग जेल में आजीवन कारावास की सजा काट रहे अनिल कुमार गुप्ता नाम के बंदी के त्रुटिपूर्ण पैरोल प्रस्ताव के संबंध में जेल अधीक्षक से स्पष्टीकरण की मांग की थी. हजारीबाग जेल अधीक्षक जितेंद्र कुमार सिंह ने 26 फरवरी 2024 को जेल आईजी को पत्र लिखकर स्पष्टीकरण से मुक्त करने का अनुरोध किया था. लिखे पत्र में कहा था कि 14 जून 2023 को पलामू डीसी द्वारा पैरोल और अस्वीकृति की अनुशंसा पर सुस्पष्ट अनुशंसाओं के साथ अविलंब प्रस्ताव की मांग की गई. इसे लेकर केंद्रीय कारा पलामू के द्वारा 15 जून 2023 को पलामू डीसी से सुस्पष्ट अनुशंसा के साथ प्रस्ताव की मांग की गई थी. इस आलोक में डीसी पलामू का पत्र 22 जून 2022 को अनुशंसा प्रतिवेदन प्राप्त हुआ. अतः इन तथ्यों के आलोक में मुझे स्पष्टीकरण से मुक्त करने की कृपा की जाए. हालांकि पलामू डीसी ने बंदी अनिल कुमार गुप्ता के पैरोल मिलने के प्रस्ताव को अस्वीकृत कर दिया था.

**खास बातें**
- जेल आईजी ने मांगा स्पष्टीकरण
- डीसी ने कैदी के पैरोल प्रस्ताव को किया अस्वीकृत

**अनिल कुमार को पैरोल देने के प्रस्ताव को कर दिया था अस्वीकृत**

जेल आईजी द्वारा दोबारा मांगे गए स्पष्टीकरण में कहा गया है कि पलामू डीसी ने अनिल कुमार गुप्ता को पैरोल देने के प्रस्ताव को अस्वीकृत कर दिया था. इसके बावजूद भी जेल अधीक्षक ने मुख्यालय को गलत सूचना देकर गुमराह करने का काम किया.

**पेज एक का शेष**

### सरकारी योजनाओं का ज्यादा...

जब मेरे पास आप जैसे भाई और बहन हैं? कार्यक्रम में शामिल लोगों में वंचित समूहों के लोग बड़ी संख्या में मौजूद थे. प्रधानमंत्री ने कहा कि शौचालय और रसोई गैस के लिए उनकी सरकार की योजनाओं से समाज के वंचित तबके को फायदा हुआ है. एससी, एसटी, ओबीसी गरीबों के लिए सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के सबसे बड़े लाभार्थी हैं. प्रधानमंत्री सामाजिक उत्थान और रोजगार आधारित जनकल्याण (पीएम-सूरज) राष्ट्रीय पोर्टल का उद्देश्य अनुसूचित जातियों और पिछड़े वर्गों और स्वच्छता श्रमिकों सहित देश भर में पात्र व्यक्तियों को ऋण सहायता प्रदान करना है. इस पहल का उद्देश्य समाज के सबसे वंचित वर्गों का उत्थान करना है. पिछली सरकार में लाखों-करोड़ रुपये के घोटाले किए गए. हमारी सरकार ये पैसा दलित, वंचित के कल्याण और देश के निर्माण के लिए खर्च कर रही है. उन्होंने कहा, आज वंचित वर्ग से जुड़े एक लाख लाभार्थियों के खातों में 720 करोड़ रुपये की सहायता राशि सीधे उनके बैंक अकाउंट में भेजी गई है. पहले की सरकारों में ऐसा कोई सोच भी नहीं सकता था कि इधर बटन दबाया और उधर पैसे गरीबों के बैंक खातों में पहुंच गए, लेकिन ये मोदी की सरकार है, गरीबों का पैसा सीधे उनके खातों में पहुंचता है. आज दलित, पिछड़े और वंचित समाज के कल्याण की दिशा में देश एक और बड़े अवसर का साक्षी बन रहा है. जब वंचितों को वरीयता की भावना हो, तो कैसे काम होता है, वो इस आयोजन में दिखाई दे रहा है. प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम के दौरान मशीनी स्वच्छता व्यवस्था के लिए राष्ट्रीय कार्रवाई (नमस्ते) योजना के अंतर्गत सफाई मित्रों (सीवर और सेप्टिक टैंक श्रमिकों) को आयुष्मान स्वास्थ्य कार्ड और पीपीई किट भी वितरित की.

### राहुल गांधी ने की 'महिला न्याय'...

साथ ही उनके मामले लड़ने के लिए एक नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाएगा. उन्होंने यह भी कहा कि देश के हर जिले में महिलाओं के लिए सावित्रीबाई फुले छात्रावास स्थापित किए जाएंगे. गांधी के भाषण से पहले पार्टी प्रमुख मल्लिकार्जुन खड़गे ने एक वीडियो बयान में कहा था कि महालक्ष्मी' गारंटी के तहत गरीब महिलाओं के बैंक खातों में सालाना एक लाख रुपये जमा कराए जाएंगे. आधी आबादी पूरा हक, जिसका मतलब है सरकारी नौकरियों में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण दिया जाएगा. कांग्रेस की गारंटी ''पत्थर की लकीर'' है और यह कोई ''जुमला'' नहीं है. उन्होंने कहा कि देश में बेरोजगारी, महंगाई और भागीदारी ऐसे महत्वपूर्ण मुद्दे हैं, जिनका देशवासी सामना कर रहे हैं. उन्होंने केंद्र सरकार पर इन महत्वपूर्ण मुद्दों से देश की जनता का ध्यान भटकाने का आरोप लगाया. देश में जाति आधारित जनगणना कराना एक ऐतिहासिक और क्रांतिकारी कदम साबित होगा. राहुल गांधी के साथ ही उनकी पार्टी का कहना है कि यदि वे सत्ता में आते हैं तो देश में जाति आधारित जनगणना कराएंगे. उन्होंने कहा कि जाति आधारित जनगणना के बाद आर्थिक और वित्तीय सर्वेक्षण अगला कदम होगा, जिससे दलितों, सामान्य वर्ग के गरीब लोगों, अल्पसंख्यकों और आदिवासियों को यह पता चल सकेगा कि वे कहां खड़े हैं.

### एनडीए में सीट बंटवारे पर मुहर...

खबर है कि पशुपति कुमार पारस को राज्यपाल बनाने का ऑफर भी मिला है. उधर, लोजपा (रामविलास) के प्रमुख चिराग पासवान ने कहा कि उनकी पार्टी ने लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा के साथ सीट बंटवारे के फॉर्मूले को अंतिम रूप दे दिया है. पासवान ने जेपी नड्डा से मुलाकात के बाद यह घोषणा की. उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कहा, भाजपा ने मेरी सभी चिंताओं का समाधान किया है. मैं संतुष्ट हूं. उन्होंने कहा कि बिहार में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के घटक दलों के बीच सीटों के तालमेल पर फैसला हो गया है और जल्द ही इसकी औपचारिक घोषणा की जाएगी. अपने चाचा पशुपति पारस के नेतृत्व वाले लोजपा गुट के भविष्य के बारे में पूछे जाने पर चिराग पासवान ने कहा, यह मेरी चिंता का विषय नहीं है.

**कार्यक्रम** छोटे-छोटे प्रयास महिलाओं के जीवन में बड़े बदलाव लाएंगे

# लैंगिक पक्षपात से बाहर आने की जरूरत : डॉ संदीप

संवाददाता। जमशेदपुर

सीएसआईआर-एनएमएल की महिलाओं की ओर से सीएसआईआर-एनएमएल में 'अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस समारोह' का आयोजन किया गया. यह कार्यक्रम एनएमएल स्टाफ क्लब की मदद से सीएसआईआर-एनएमएल के एग्रिको आवासीय परिसर में महिला क्रिकेट टूर्नामेंट के आयोजन के साथ शुरू हुआ.

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 2024 का मुख्य विषय 'समावेश को प्रेरित करें' था. इस समारोह में पूरे सीएसआईआर-एनएमएल परिवार और आमंत्रित लोगों ने हिस्सा लिया. स्वागत भाषण में मुख्य वैज्ञानिक डॉ संदीप घोष चौधरी ने प्रयोगशाला में काम करने वाली महिला कर्मचारियों की सराहना की. उन्होंने कहा कि कई मंचों पर अवचेतन लैंगिक पक्षपात है, लेकिन हमें इस पक्षपात से बाहर आने की जरूरत है.



**महिला सफाई कर्मचारियों को किया गया सम्मानित**

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रबंधन सलाहकार तथा रेकी ग्रैंड मास्टर रूपा महंती थीं. उन्होंने अपने संबोधन में पर्याप्त शिक्षा और अवसर प्राप्त करने के मामले में वंचित महिलाओं की भलाई के लिए सभी को मिलकर प्रयास करने पर बल दिया. उनके अनुसार, छोटे-छोटे प्रयास निश्चित रूप से महिलाओं के जीवन में बड़े बदलाव लाएंगे. इस समारोह में सीएसआईआर एनएमएल प्रयोगशाला में स्थायी और समर्पित सेवाओं के लिए कुछ महिला सफाई कर्मचारियों को सम्मानित किया गया. इनमें छाया देवी और मायनो मार्डी को उनके योगदान की सराहना करते हुए मुख्य अतिथि ने सम्मानित किया. मुख्य कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ. इस अवसर को यादगार और मनोरंजक बनाने के लिए, फूड फेस्ट, फन गेम्स और टैलेंट शो का भी आयोजन किया गया. इसका मुख्य अतिथि ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया. कार्यक्रम के समापन पर शीर्ष तीन स्टालों को पुरस्कृत भी किया गया.

## केएमपीएम वोकेशनल कॉलेज में दी गई फायर सेफ्टी की ट्रेनिंग

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के बिष्टुपुर स्थित मिसेस केएमपीएम वोकेशनल कॉलेज में बुधवार को फायर सेफ्टी (अग्नि सुरक्षा) ट्रेनिंग का आयोजन किया गया. कार्यशाला में कॉलेज के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे. इस दौरान कॉलेज की प्राचार्य में डॉ मीता जखनवाल भी उपस्थित थीं तथा वक्ता के रूप में टाटा स्टील यूआईएसएल के फायर सेफ्टी मैनेजर पंकज कुमार सिंह भी उपस्थित थे. इस दौरान उन्होंने आग से जुड़ी समस्याएं एवं उनसे बचाव के कई तरीके बताये साथ ही कई सुझाव भी दिए. इसके अलावा आग की आपात स्थिति में महत्वपूर्ण व प्रभावी कदम उठाने की जानकारी दी.

# चुनाव घोषणा के ठीक पहले

चुनाव एलान के ठीक पहले नागरिकता कानून लागू कर दिया गया. सर्वोच्च अदालत के कड़े निर्देश के बाद स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने इलेक्टोरल बांड्स का ब्योरा पेश कर दिया है, जिसे 15 मार्च तक चुनाव आयोग को सार्वजनिक करना है, हरियाणा में भाजपा ने मुख्यमंत्री बदल दिया है. इसके साथ ही दो महीने से जारी केंद्र और राज्य सरकारों की योजनाओं के उद्घाटन और शिलान्यास का कार्यक्रम तेजी से जारी है. हफ्ते भर के अंदर चुनाव कार्यक्रम की घोषणा होने वाली है. उस पृष्ठभूमि में सीएए को सरकार और सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी के एक चुनावी कदम के रूप में देखा जा सकता है. महजबी आधार पर ध्रुवीकरण एक मजबूत राजनीतिक ताकत है. इसी बीच भारत में लोकतंत्र के हालात पर वेराइटी ऑफ डेमोक्रेसी यानी वी-डैम की रिपोर्ट भी आ गयी है. लोकतंत्र केवल चुनाव प्रक्रिया नहीं है, बल्कि उसे व्यापक नजरिया से देखा जाता है. इसमें नागरिक अधिकार, आर्थिक समानता, संविधान की मूल भावना पर अमल के साथ अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की भी अहमियत है. सर्वोच्च अदालत ने पिछले हफ्ते अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के संदर्भ में दो ऐसे महत्वपूर्ण निर्णय दिए हैं, जिससे नागरिक अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर मंडराते स्याह बादल के संकेत भी मिलते हैं. अंतरराष्ट्रीय संस्था-वेराइटी ऑफ डेमोक्रेसीज (वी-डेम) ने दोहराया है कि भारत अब तेजी से निर्वाचित अधिनायकतंत्र की ओर अग्रसर है. वी-डेम के सूचकांक में भारत का दर्जा 2018 की तुलना में और ज्यादा गिरा ही है. इस बीच लोकतंत्र की सूरत पर रिपोर्ट तैयार करने वाली अमेरिकी संस्था फ्रीडम हाउस भारत को आजाद देशों की श्रेणी से गिराकर उसे आंशिक आजादी वाले देशों की श्रेणी में रख चुकी है. वी-डेम ने इस वर्ष अपने सूचकांक में 179 देशों को शामिल किया है. उनके बीच भारत को 104वें पायदान पर रखा गया है. संस्था ने कहा है 2013 के बाद भारत में तानाशाही प्रवृत्ति तेजी से बढ़ी है. इस तरह वह उन देशों में शामिल हो गया है, जहां हाल के समय में तानाशाही सबसे तेजी से बढ़ी है. इस रूप में भारतीय लोकतंत्र उस जगह पहुंच गया है, जहां 1975 में था, यानी जब देश में इमरजेंसी लागू हुई थी. वैसे पश्चिमी देशों के इन संस्थानों की रिपोर्ट विवाद में भी रहती है. बावजूद इन रिपोटों को दुनिया महत्वपूर्ण भी मानती है. लोकतंत्र में दक्षिणपंथी राजनीति के उभार के साथ तेजी से क्षरण हुआ है, इसमें अमेरिका भी शामिल है. ट्रंप प्रवृत्ति इसका द्योतक है. वी-डेम ने कहा है कि इस समय दुनिया में तानाशाही प्रवृत्ति बढ़ने की लहर आई हुई है. यह प्रक्रिया 42 देशों में चल रही है, जहां की कुल आबादी दो अरब 80 करोड़ हैं. मगर यह बात अवश्य याद रखनी चाहिए कि भारत की पहचान अगर एक लोकतांत्रिक देश की बनी, तो वह उन पैमानों पर बेहतर सूरत की वजह से ही बनी, जिनको लेकर वी-डेम या फ्रीडम हाउस जैसी संस्थाएं सूचकांक बनाती हैं. भारत को वैश्विक संस्थानों की नजर में भी अपनी तस्वीर बदलनी होगी.

> लोकतंत्र में दक्षिणपंथी राजनीति के उभार के साथ तेजी से क्षरण हुआ है, इसमें अमेरिका भी शामिल है. ट्रंप प्रवृत्ति इसका द्योतक है. वी–डेम ने कहा है कि इस समय दुनिया में तानाशाही प्रवृत्ति बढ़ने की लहर आई हुई है.

## सुभाषित

**यदीच्छसि वशीकर्तुं जगदेकेन कर्मणा ।**
**परापवादसस्येभ्यो गां चरन्तीं निवारय ॥**

यदि आप एक ही कार्य से संसार को वश में करना चाहते हैं तो गाय रूपी अपनी वाणी को परनिंदा रूपी चरागाह में चरने के लिए मत छोड़िए, अर्थात किसी की निंदा मत कीजिए. संस्कृत मे गौः शब्द के अनेक अर्थ है. सुभाषितकार गौ के दो अर्थ इन्द्रिय जिव्हेन्द्रिय तथा गाय लेकर शब्द का सुन्दर उपयोग किया है.

# किसानों की आय और विकास की गति

**समाज के पिरामिड के निचले तल पर किसान किसी तरह गुजारा कर रहे हैं. इसकी व्याख्या के लिए, मैं कृषि परिवारों के लिए नवीनतम स्थितिजन्य आकलन सर्वेक्षण के निष्कर्षों को दोहराना चाहूंगा. हालिया रिपोर्ट बताती है कि किसान परिवारों की औसत आय 10,218 रुपये है. यदि हम गैर–कृषि गतिविधियों से होने वाली आय को शामिल न करें, तो किसान प्रति दिन औसतन 27 रुपये कमाते हैं. खेती से इतनी कम आय कृषि क्षेत्र में व्याप्त गरीबी के स्तर का संकेत है.**



• देश-काल



देविंदर शर्मा

ऐसे समय में जब एक गलत सूचना अभियान अपने चरम पर है, मुझे सूझ नहीं रहा कि शुरुआत कहां से करूं. न केवल मुख्यधारा के मीडिया में, बल्कि सोशल मीडिया भी प्रदर्शनकारी किसानों के खिलाफ अभद्र शब्दावली, बदनामी और अपमान से भरा हुआ है. ऐसा लग रहा है मानो किसान अचानक विलेन बन गया हो. एक बार देश के नायक के रूप में सम्मानित- फिल्म शीर्षक का इस्तेमाल करें तो हीरो नंबर-1 अब उनके साथ बर्ताव किया जाता है और किसानों के खिलाफ छिपी अवमानना अब खुलेआम है. इसका अधिकांश कारण गलत सूचना अभियान है, जिसे मीडिया प्रचारित करता रहता है. यदि मैं गलत नहीं हूं, तो पत्रकार मुझे बताते हैं कि यह बदनामी अभियान काफी हद तक अहस्ताक्षरित नोटों पर आधारित है, जो मीडिया व्हाट्सएप समूहों में प्रसारित होते हैं. मुख्यधारा के मीडिया के बारे में बात करते हुए, हाल ही में मेरा सामना एक पैनलिस्ट से हुआ, जो उस समिति का हिस्सा है, जिसे एमएसपी को और अधिक प्रभावी बनाने के तरीके पर विचार करने के लिए गठित किया गया है. हम एक टीवी शो में एमएसपी को कानूनी अधिकार बनाने की किसानों की मांग की प्रासंगिकता पर चर्चा कर रहे थे. जिस बात ने मुझे चौंका दिया वह थी अशिष्टता, जिसके साथ उन्होंने जवाब दिया, इतना कि उन्होंने किसानों को 'राष्ट्र-विरोधी' कहना शुरू कर दिया.

यह जानते हुए भी कि उनकी स्थिति घोर किसान विरोधी है, मुझे नहीं पता कि ऐसे लोगों को एमएसपी समिति में क्यों नामांकित किया जाता है. अन्य सदस्यों पर कोई आक्षेप न लगाते हुए, मेरा मानना है कि ऐसी अहम समितियों की संरचना का निर्णय करते समय, नीति निर्माताओं को सावधानीपूर्वक उन सदस्यों को चुनना चाहिए, जो अंतर्निहित पूर्वाग्रह नहीं रखते हैं.

मुझसे अक्सर मीडिया साक्षात्कारों और चर्चाओं में उठाए जाने वाले सवालों का जवाब देने के लिए कहा गया है. उदाहरण के लिए, जब मुझसे पूछा गया कि एक टीवी एंकर कह रहा है कि अगर किसानों को एमएसपी का कानूनी अधिकार दे दिया जाए तो खाद्य मुद्रास्फीति 25 फीसदी बढ़ जाएगी, तो मेरा जवाब था कि हमें इस 'प्रबुद्ध' पत्रकार का आभारी होना चाहिए कि उन्होंने इससे मुद्रास्फीति में 150 फीसदी तक बढ़ोतरी हो जाने की बात नहीं कही. वे यह जानते हुए ही ऐसा कह सकते थे कि वह जो भी कहेंगे उस पर कोई सवाल नहीं उठेगा. एक अन्य सवाल पर कि किसानों के लिए कानूनी एमएसपी पर 10 लाख करोड़ रुपये का अतिरिक्त खर्च आएगा, जिसे देश वहन नहीं कर सकता, मेरा जवाब था कि पहले इसका स्रोत बताएं और दूसरा कि किसानों के लिए एमएसपी बढ़ाने से भय क्यों है.

अभी तक, जिन 23 फसलों पर एमएसपी घोषित किया गया है, प्रभावी रूप से तो उनमें से गेहूं व धान के लिए ही इस्तेमाल किया गया है. कुछ हद तक एमएसपी कपास व दालों के लिए भी लागू हुआ और वह भी कुछ ही राज्यों में. हाल ही में संसद को सूचित किया गया कि देश में 14 फीसदी किसानों को एमएसपी मिलता है जिसका अभिप्राय है कि 86 फीसदी किसान बाजारों पर निर्भर हैं. यदि बाजार इतने उदार या दयालु होते तो किसान आंदोलन क्यों करते? यह जानते हुए भी कि उन्हें पुलिस के दमन का सामना करना पड़ेगा. किसान किसी मनोरंजन के लिए आंदोलन नहीं कर रहे और विरोध प्रदर्शनों से कोई परपीड़ा का सुख भी नहीं ले रहे. वास्तव में, यह समय है उनकी तर्कसंगत मांगों को हल करने के प्रयास हों.

समाज के पिरामिड के निचले तल पर किसान किसी तरह गुजारा कर रहे हैं. इसकी व्याख्या के लिए, मैं कृषि परिवारों के लिए नवीनतम स्थितिजन्य आकलन सर्वेक्षण के निष्कर्षों को दोहराना चाहूंगा. हालिया रिपोर्ट बताती है कि किसान परिवारों की औसत आय 10,218 रुपये है. यदि हम गैर-कृषि गतिविधियों से होने वाली आय को शामिल न करें, तो किसान प्रति दिन औसतन 27 रुपये कमाते हैं. खेती से इतनी कम आय कृषि क्षेत्र में व्याप्त गरीबी के स्तर का संकेत है. और किसी भी स्थिति में, प्रधानमंत्री के सबका साथ सबका विकास के दृष्टिकोण को पूरा करने के लिए, कृषक समुदाय को आर्थिक रूप से उभारना आवश्यक है. आख़िरकार, 50 प्रतिशत के करीब आबादी – लगभग 700 मिलियन – कृषि पर निर्भर है और नीति नियंताओं को यह समझने की ज़रूरत है कि 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ते हुए विकास पथ पर चलते हुए, बहुसंख्यक आबादी को पीछे नहीं छोड़ा जा सकता है. मूल रूप से किसान जो मांग रहे हैं वह है एमएसपी के लिए कानूनी गारंटी प्रदान करना और इसे स्वामीनाथन की सिफारिशों के तहत सी2+50 फॉर्मूले के साथ जोड़ना. यह किसानों के साथ आर्थिक न्याय को यकीनी बनाएगा और परेशानियों से जूझ रहे कृषक समुदाय के लिए उजाले की किरण प्रदान करेगा. किसानों को उच्चतर और यकीनी आय प्रदान करना देश पर भार नहीं, उच्च आर्थिक विकास की दिशा में कदम होगा.

देश में 86 प्रतिशत किसान ऐसे हैं, जिन्हें एमएसपी नहीं मिलता है, उन्हें निश्चित रूप से लाभ होगा. किसानों के हाथ में अधिक पैसा होने का मतलब है कि उनके पास बाज़ार में खर्च करने के लिए अधिक पैसा होगा. जो मांग पैदा होगी वह बहुत विशाल होगी, जिससे विकास का पहिया और तेजी से दौड़ेगा. इससे और उच्च आर्थिक संवृद्धि हासिल होगी. सातवां वेतन आयोग, जिससे जिससे लगभग 4 से 5 प्रतिशत आबादी को लाभ हुआ, इसे अर्थव्यवस्था के लिए बूस्टर डोज के रूप में देखा गया.

• बोधि-वृक्ष | सुज्ञ



## एकत्व में मुक्ति

मिथिला नरेश नमि दाह-ज्वर से पीड़ित थे. उन्हें भारी कष्ट था. पूरे राजमहल में अफरातफरी का माहौल हो गया. राज्य के विख्यात वैद्य और चिकित्सक राजमहल बुला लिये गये. भांति-भांति के उपचार प्रारंभ कर दिये गये. चिकित्सकों के परामर्श पर रानियां अपने हाथों से बावना चंदन घिस-घिस कर लेप तैयार कर रही थीं. जब मन किसी पीड़ा से संतप्त होता है तो व्यक्ति को कुछ भी नहीं सुहाता. उसे सहज बातें भी जटिल और अप्रिय लगने लगती हैं. एक दिन रानियां चंदन घिस रही थीं. इससे उनके हाथों के कंगन झंकृत हो रहे थे. उनकी ध्वनि बड़ी मधुर थी, किंतु राजा का कष्ट इतना बढ़ा हुआ था कि वह मधुर ध्वनि भी उन्हें अखर रही थी. उन्होंने पूछा, "यह कर्कश ध्वनि कहां से आ रही है?" मंत्री ने जवाब दिया, "राजन, रानियां चंदन विलेपन कर रही हैं. हाथों के हिलने से कंगन आपस में टकरा रहे हैं." रानियों ने उनकी बात सुन ली तो वे सहम गयीं. राजा की भावना का सम्मान करते हुए अपने अपने कंगन उतार दिये. मात्र, एक-एक रहने दिया. जब आवाज बंद हो गई तो थोड़ी देर बाद राजा ने शंकित होकर पूछा, "क्या चंदन विलेपन बंद कर दिया गया है?" मंत्री ने कहा, "नहीं महाराज, आपकी इच्छानुसार रानियों ने अपने हाथों से कंगनों को उतार दिया है. सौभाग्य के चिन्ह के रुप में एक-एक कंगन रहने दिया है. यही कारण है कि कंगन की आवाज बंद हो गयी है. राजन, आप चिन्ता मत कीजिये, लेपन बराबर किया जा रहा है." इतना सुनकर अचानक राजा को बोध हुआ, "ओह, मैं कितने अज्ञान में जी रहा हूं. जहां दो या दो से अधिक हैं, वहीं संघर्ष है, वहीं पीड़ा है. मैं इस द्वन्द्व में क्यों जीता रहा हूं? जीवन में यह अशांति और मन की यह भ्रांति, आत्मा के एकत्व की साधना से हटकर, पर में, दूसरे से लगाव-जुड़ाव के कारण ही है." राजा का ज्ञान-सूर्य उदित हो गया. उसने सोचा-दाह-ज्वर के उपशांत होते ही चेतना की एकत्व साधना के लिए मैं प्रयाण कर जाऊंगा. इसके बाद अपनी भोग-शक्ति को योग-साधना में रूपान्तरित करने के लिए राजा, नये मार्ग पर चल पड़ा. आशय यह है कि द्वंद्व वहीं होता है, जहां दो या दो से अधिक होते हैं. वहीं संघर्ष है, वहीं अप्रिय ध्वनि है, वहीं अशांति है. शांति के लिए एकत्व की आवश्यकता होती है, जिसे विलंब से ही सही राजा ने समझ लिया और अपनी साधना का मार्ग चुन लिया.

# मालदीव में पाकिस्तानी खेल समझना भी जरूरी

• देशांतर

पुष्परंजन

बाईस फरवरी, 2010 की बात है, मालदीव के तत्कालीन उपराष्ट्रपति डॉ. मोहम्मद वहीद हसन ने अपने दिल्ली आगमन के दौरान भारतीय मीडिया को बताया कि मालदीव के युवाओं को पाकिस्तान और अफगानिस्तान में आतंकवादी समूहों द्वारा जिहाद के लिए भर्ती किया जा रहा है. डॉ. मोहम्मद वहीद हसन ने संकेत दिया कि लश्कर-ए-तैयबा, जिसे नवंबर, 2008 में मुंबई हमलों के लिए जिम्मेदार माना जाता है, मालदीव में सक्रिय था. उस समय भारतीय खुफिया ब्यूरो के सूत्रों के हवाले से बताया कि पाक समर्थित समूह के लगभग एक हज़ार कार्यकर्ता मालदीव में सक्रिय थे. वहीद ने कट्टरपंथी संस्थानों में भाग लेने वाले संदिग्ध युवाओं को वाया भारत आने से रोकने के लिए सहायता मांगी थी. तत्कालीन उपराष्ट्रपति के प्रेस सचिव मोहम्मद जुहैर ने तब कहा था कि पाकिस्तान में 200 से 300 अपंजीकृत मालदीवियन छात्र हैं. ऐसे कई संदिग्ध वाया कोलंबो या कोच्चि मालदीव में एंट्री लेते हैं. तत्कालीन उपराष्ट्रपति डॉ. मोहम्मद वहीद हसन ने जो कुछ फरवरी, 2010 में कहा था, वो बात आई-गई हो गई. न तो पाकिस्तान का शासन जिहादियों को तैयार करने से रोक सका और भारत तो बस मूकदर्शक की भूमिका में था.मालदीव-पाकिस्तान के संबंधों को समझना है तो वहां की संसद को देखिये, जिसका निर्माण पाकिस्तान ने 45 मिलियन रुपये लगाकर किया था. माले के मागू स्थित पार्लियामेंट 'मज़लिस' का उद्घाटन 1 अगस्त, 1998 को पाकिस्तान के तत्कालीन प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की उपस्थिति में किया गया था. उसके 19 साल बाद, 25 जून, 2017 को मालदीव के स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर तत्कालीन राष्ट्रपति अब्दुल्ला यामीन ने तत्कालीन प्रधानमंत्री नवाज शरीफ और उनकी पत्नी कलसूम नवाज शरीफ को आमंत्रित किया था. नवाज़ को दोबारा मालदीव बुलाने से पहले तत्कालीन राष्ट्रपति अब्दुल्ला यामीन 7 मई, 2015 को इस्लामाबाद भी गये थे. देखते-देखते मालदीव, पाकिस्तान का हम प्याला-हम निवाला बन गया. राष्ट्रपति यामीन ने जिन देशों में अपने दूत भेजे, उनमें पाकिस्तान भी शामिल था. पाक सेना के तत्कालीन प्रमुख जनरल कमर जावेद बाजवा ने मार्च, 2018 के अंत में मालदीव का दौरा किया था. इस समय पाकिस्तान में मालदीव के अधिकांश छात्र देशभर के विभिन्न विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में डिग्री और पाठ्यक्रम कर रहे हैं. स्थानीय दूतावास और मालदीव सरकार के रिकॉर्ड के आधार पर पंजीकरण के अनुसार, उनकी संख्या सैकड़ों में है, जो 400 से 600 अपंजीकृत तालिब मदरसों में दीक्षा ले रहे हैं, वे पूरे उपमहाद्वीप के लिए ख़तरनाक हो सकते हैं. भारत क्या पड़ोस से खुफिया जानकारी जुटाने में पीछे रहा है? या उसके एक्शन प्लान में कोई खोट है? इन सवालों का बेहतर उत्तर विदेश मंत्रालय ही दे सकता. चीन-मालदीव मैत्री पुल मालूम नहीं दिल्ली को कब दिखा. मालदीव की राजधानी माले को हुलहुले द्वीप से जोड़ने वाले पुल, 'क्रॉस-सी ब्रिज', का उद्घाटन 30 अगस्त, 2018 को किया गया था. जब यह पुल बना, उन दिनों मुइज्जू माले के मेयर थे. बताते हैं कि उसी कालखंड में चीनी राजदूत से उनकी नज़दीकियां बढ़ी थीं. यह चीन की वन बेल्ट रोड इनीशिएटिव की शुरुआत थी, मगर अफसोस नई दिल्ली चीनी कूटनीति की रफ्तार को समझ नहीं पाया. पाकिस्तान द्वारा निर्मित मालदीव की संसद और चीन द्वारा निर्मित एक ऐसा पुल, जो माले को हुलहुले द्वीप से जोड़कर वहां की साढ़े चार लाख की आबादी में छवि निर्माण कर रहा था. बावजूद इस ख़बर के, हम 2024 तक लगभग सोये रहे.18 मई, 2023 को भारतीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मालदीव की तीन दिवसीय यात्रा पर थे. यात्रा के दौरान मालदीव राष्ट्रीय रक्षा बल (एमएनडीएफ) को एक फास्ट पेट्रोल जहाज और एक लैंडिंग क्राफ्ट असॉल्ट जहाज सौंपा. उथुरु थिला फाल्हू में एकथा हार्बर के निर्माण की आधारशिला रखी. तब राजनाथ सिंह ने कहा था कि भारत और मालदीव के बढ़ते रक्षा सहयोग को हम और सुदृढ़ करेंगे. लेकिन हमारी मिल्ट्री इंटेलिजेंस को इसका अनुमान नहीं था कि मालदीव में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव के बाद सब कुछ पलट जाने वाला है. 4 मार्च, 2024 को मालदीव के रक्षा प्रमुख मोहम्मद ग़सन मौमून और चीनी अधिकारी मेजर जनरल झांग पाओछुन ने सैन्य सहयोग पर जैसे ही हस्ताक्षर किए, इस्तांबुल से इस्लामाबाद तक का रिएक्शन देखने लायक़ था. सोमवार को राजधानी माले में सैन्य समझौते पर हस्ताक्षर के समय मंत्रालय द्वारा साझा तस्वीरों में चीनी राजदूत वांग लिशिन भी नजर आ रहे थे.

> राष्ट्रपति यामीन ने जिन देशों में अपने दूत भेजे, उनमें पाकिस्तान भी शामिल था. पाक सेना के तत्कालीन प्रमुख जनरल कमर जावेद बाजवा ने मार्च, 2018 के अंत में मालदीव का दौरा किया था. इस समय पाकिस्तान में मालदीव के अधिकांश छात्र देशभर के विभिन्न विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में डिग्री और पाठ्यक्रम कर रहे हैं.

# विकसित भारत के रोडमैप के मायने

• सामयिकी

जयंतीलाल भंडारी

हाल ही में 'विकसित भारत : 2047' के लिए दृष्टि पत्र और अगले पांच वर्षों के लिए एक विस्तृत कार्ययोजना पर विचार-मंथन किया गया. 'विकसित भारत' के लिए यह 'रोडमैप' दो साल से अधिक की गहन तैयारी का परिणाम है. इस रोडमैप को तैयार करने में देश के विभिन्न मंत्रालयों, राज्य सरकारों, शिक्षाविदों, उद्योग संगठनों, नागरिक समाज, संस्थाओं, वैज्ञानिक संगठनों के साथ व्यापक परामर्श के लिए आयोजित विभिन्न स्तरों पर करीब 2,700 से अधिक बैठकों, कार्यशालाओं और सेमिनारों के साथ युवाओं से प्राप्त सुझावों की अहम भूमिका रही है. विकसित भारत के लिए इस रोडमैप के लक्ष्यों में आर्थिक विकास, सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी), जीवन को आसान बनाना, व्यापार करने में आसानी, बुनियादी ढांचा और सामाजिक कल्याण जैसे क्षेत्र शामिल हैं. 29 फरवरी को राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) द्वारा जारी रिपोर्ट के मुताबिक वित्त वर्ष 2023-24 की अक्तूबर से दिसंबर के तिमाही में देश का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 8.4 फीसदी की तेज दर से बढ़ा है. अब एनएसओ ने चालू वित्त वर्ष 2023-24 के लिए विकास दर का अनुमान बढ़ाकर 7.6 फीसदी कर दिया है. उल्लेखनीय है कि विगत 10 वर्षों में देश की अर्थव्यवस्था दुनिया की शीर्ष पांच अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हो गई है. माना जा रहा था कि भारत 2026 में जापान को पीछे कर दुनिया की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा. पिछले दिनों भारतीय अर्थव्यवस्था पर जारी विस्तृत रिपोर्ट 'द इंडियन इकोनॉमी ए रिव्यू' में कहा गया है कि वर्ष 2027 साल में ही भारतीय अर्थव्यवस्था पांच ट्रिलियन डॉलर की हो जाएगी और भारत आर्थिक आकार के लिहाज से अमेरिका व चीन के बाद दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा. पिछले एक दशक में साहसिक आर्थिक निर्णयों ने देश की आर्थिक बुनियाद को मजबूत बना दिया है. भारत के पास आज टिकाऊ विकास के अभूतपूर्व अवसर हैं. तेजी से बढ़ते भारतीय बाजार के कारण दुनिया के अधिकांश देशों की भारत के साथ मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) की ललक, प्रवासी भारतीयों द्वारा पिछले वर्ष 2023 में 125 अरब डॉलर से अधिक धन भारत को भेजने के साथ नए आर्थिक तकनीकी विकास के लिए बढ़ते कदम, चीन के प्रति बढ़ती नकारात्मकता के मद्देनजर भारत नए वैश्विक आपूर्तिकर्ता देश के रूप में उभरकर सामने आया है.दुनिया में मजबूत लोकतंत्र और स्थिर सरकार के रूप में भारत की पहचान, दुनिया की सबसे बड़ी युवा आबादी, देश में उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन, बड़े पैमाने पर पूंजीगत खर्च, गैर-जरूरी आयात में कटौती और अर्थव्यवस्था के बाहरी झटकों से उबरने की क्षमता देश के टिकाऊ विकास की बुनियाद बन सकती हैं. शेयर बाजार भी दुनिया में ऊंचाइयों पर रेखांकित होते हुए दिखाई दे रहा है. भारत द्वारा पिछले वर्ष 2023 में की गई जी-20 की सफल अध्यक्षता से भारत के लिए अब नए आर्थिक लाभों की श्रृंखला शुरू हो गई है. इससे भारत से निर्यात, भारत में विदेशी निवेश, भारत में विदेशी पर्यटन और भारत के डिजिटल विकास का नया क्षितिज सामने आ रहा है. ज्ञातव्य है कि वैश्विक स्तर पर प्रत्यक्ष विदेशी निवेश में गिरावट के रुझान के बीच भारत दुनिया के सर्वाधिक एफडीआई प्राप्त करने वाले 20 देशों की सूची में आठवीं पायदान पर है. भारत का विदेशी मुद्रा भंडार भी मार्च, 2024 की शुरुआत में करीब 620 अरब डॉलर की ऊंचाई पर पहुंच गया है. निस्संदेह, देश को कई आर्थिक चुनौतियों पर भी ध्यान देना होगा. देश के सामने डॉलर की तुलना में रुपये के गिरते हुए मूल्य की चुनौती भी है. भारत को आईएमएफ की उस चेतावनी पर भी ध्यान देना होगा जिसमें कहा गया है कि भारत में केंद्र और राज्यों का सामान्य सरकारी कर्ज जीडीपी के 100 फीसदी के पार पहुंच सकता है. साथ ही भारत के आर्थिक रणनीतिकारों को वैश्विक आर्थिक प्रतिकूल परिस्थितियों के मद्देनजर रक्षात्मक रणनीति बनाने के लिए भी तैयार रहना होगा. कोशिश हो कि हमारे स्कूल, कॉलेज और विश्वविद्यालय नई पीढ़ी को भविष्य की जरूरतों से सुसज्जित करने के गढ़ बनें. छोटे और मध्यम उद्योगों, कृषि एवं हैंडीक्रॉफ्ट सेक्टर के लिए मार्केटिंग की नई रणनीति बनाई जाए. इससे रोजगार और निर्यात भी बढ़ेंगे.हम उम्मीद करें कि विकसित भारत के लक्ष्य के साथ आने वाली सरकार आर्थिक और वित्तीय सुधार, कृषि और श्रम सुधार, शिक्षा और स्वास्थ्य की गुणवत्ता के साथ-साथ मजबूत बुनियादी ढांचे की मजबूती पर भी ध्यान दे.

> निस्संदेह, देश को कई आर्थिक चुनौतियों पर भी ध्यान देना होगा. देश के सामने डॉलर की तुलना में रुपये के गिरते हुए मूल्य की चुनौती भी है. भारत को आईएमएफ की उस चेतावनी पर भी ध्यान देना होगा जिसमें कहा गया है कि भारत में केंद्र और राज्यों का सामान्य सरकारी कर्ज जीडीपी के 100 फीसदी के पार पहुंच सकता है.

## मीडिया में अन्यत्र

# धुर दक्षिणपंथ उभार की जद में पुर्तगाल

**बीते** 1970 के दशक में बहुदलीय लोकतंत्र को अपनाने के बाद से पुर्तगाल को यूरोप के सबसे स्थिर उदार लोकतंत्रों में से एक के रूप में देखा जाता है. लेकिन रविवार के संसदीय चुनाव नतीजों से यह पता चलता है कि जब यूरोप में अन्य जगहों पर धुर दक्षिणपंथी लोकलुभावन पार्टियों का उभार हो रहा हो, तो पुर्तगाल भी इससे अछूता नहीं रह सकता. कुल 99 फीसदी मतपत्रों के गिने जाने तक, मध्यमार्गी-दक्षिणपंथी सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी और सोशलिस्ट पार्टी को 29-29 फीसदी मत मिले हैं. सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी को 2,058 मतों की मामूली बढ़त हासिल हुई है. जहां सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद थी, वहीं धुर-दक्षिणपंथी चेगा पार्टी का तेज उभार हैरतअंगेज रहा. चेगा पार्टी ने "पुर्तगाल की सफाई करने", आप्रवासन पर रोक लगाने और कुछ यौन अपराधियों का रासायनिक बधियाकरण करने जैसे उपायों को लागू करने का वादा करते हुए अपना चुनाव अभियान चलाया था. वर्ष 2019 में स्थापित हुई चेगा (जिसका अर्थ है पर्याप्त) ने 2022 के चुनावों में सात फीसदी मत हासिल करके एक राजनीतिक ताकत के रूप में अपने आमद का एलान किया था. और रविवार के चुनाव में वह 18 फीसदी मतों के साथ तीसरी सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी. चेगा पार्टी के मुखिया आंद्रे वेंचुरा ने कहा है कि यह मत दक्षिणपंथियों की जीत है (मध्यमार्गी-दक्षिणपंथी, धुर-दक्षिणपंथी और रूढ़िवादी पार्टियों ने आपस में मिलकर 52 फीसदी मत हासिल किए हैं) और उन्होंने गठबंधन के लिए होने वाली वार्ता में शामिल होने के प्रति रुचि दर्शायी है. लेकिन सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता लुइस मोंटेनेग्रो ने चेगा के साथ किसी भी किस्म के गठबंधन से इनकार किया है. चूंकि सोशलिस्टों ने पहले ही इस चुनाव के नतीजों को स्वीकार कर लिया है, इसलिए उनके द्वारा अल्पमत सरकार बनाने की संभावना है.गोवा मूल के प्रधानमंत्री एंटोनियो कोस्टा की अगुवाई वाली सोशलिस्ट सरकार पिछले साल खनन और हाइड्रोकार्बन परियोजनाओं के प्रबंधन को लेकर चलने वाली जांच के बीच गिर गई थी. पुलिस द्वारा अपने 'चीफ ऑफ स्टाफ' के कार्यालय और पर्यावरण एवं बुनियादी ढांचे के मंत्रालय सहित विभिन्न सरकारी कार्यालयों में की गई छापेमारी के बाद, यूरोपीय वामपंथ के एक वरिष्ठ राजनेता माने जाने वाले श्री कोस्टा ने अपने इस्तीफे का एलान करते हुए कहा था कि यह जांच उनके आधिकारिक कर्तव्यों के साथ "असंगत" है.



(द हिंदू)

## शब्द चर्चा — डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

### व्यवहारिक/व्यावहारिक

**कार्यालय** में महिलाओं को रात के काम पर लगाना व्यावहारिक नहीं होता. इस पर व्यावहारिक दृष्टिकोण से विचार करना चाहिए. इन दोनों वाक्यों में व्यावहारिक शब्द की प्रमुखता है. व्यावहारिक शब्द वैसे तो बहुप्रचलित है, लेकिन जब प्रयोग की बात आती है तो प्रायः लोग भ्रमित हो जाते हैं. होता यह है कि बहुत सारे लोग व्यावहारिक के बजाय व्यवहारिक शब्द का प्रयोग किया करते हैं. तो क्या दोनों शब्द एक दूसरे के पर्याय हैं या इनमें से कोई एक ही सही है. दोनों के मूल में व्यवहार शब्द ही है, जो तत्सम संज्ञा पुल्लिंग है. वर्धा हिंदी शब्दकोश के अनुसार व्यवहार का अर्थ है बरताव, सलूक, क्रिया, कार्य, प्रयोग, प्रथा, रीति, रस्म, संबंध, रुपयो का लेन-देन. कात्यायन ऋषि के अनुसार व्यवहार शब्द की उत्पत्ति तीन शब्दों से होती है-वि+अव+हार. वि का अर्थ विभिन्न, अव का अर्थ संदेह और हार का अर्थ दूर करना. व्यवहार में विभिन्न प्रकार के संदेहों को दूर करने की क्षमता होती है. अब सवाल है कि इसी व्यवहार से बना शब्द व्यावहारिक होगा या व्यवहारिक. व्याकरण कहता है कि ऐसे शब्द जिनके अंत में इक प्रत्यय को जोड़कर नये शब्द बनाए जाते हैं, उनमें मूल शब्द के पहले स्वर में वृद्धि हो जाती है यानी स्वर ह्रस्व से दीर्घ हो जाता है. संस्कृत में वृद्ध स्वर आ, ऐ और औ को माना जाता है. इस नियम के अनुसार पहले स्वर की वृद्धि परिवर्तन की प्रक्रिया इस प्रकार चलती है-अ, ऋ के स्थान पर आ और आर्, इ, ई, ए के स्थान पर ऐ तथा उ, ऊ के स्थान पर औ हो जाता है. चूंकि हम व्यावहारिक शब्द पर विचार कर रहे हैं, इसलिए व्यवहार के पहले स्वर पर गौर करते हैं. इसमें पहले अक्षर व्य से जुड़ा अ स्वर है. अब व्यवहार में जब इक प्रत्यय लगता है तो इसका पहला स्वर दीर्घ हो जाता है. जैसे व्यवहार+इक=व्यावहारिक. ऐसा अन्य शब्दों के साथ भी होता है. जैसे समाज+इक=सामाजिक, धर्म+इक=धार्मिक. सारांशतः व्यावहारिक शब्द ही सही है.

# अरे दीवानो, मुझे पहचानो, मैं हूं कौन?

• तीर-तुक्का

जवाहर चौधरी




डॉन एक सामाजिक प्राणी होता है. आमतौर पर वह दयावान टाइप का दृष्टिकोण रखता है. आप जानते ही हैं कि गार्डन की सुन्दरता तभी बनी रहती है, जब समय समय पर उसकी कटाई छटाई होती रहे. हमें आभारी होना चाहिए कि डॉन समाज व्यवस्था में माली की भूमिका अदा करता है. वह हिंदी प्रेमी होता है और छोटा बड़ा कोई भी हो उसे हिंदी में ही समझाता है. डॉन की हिंदी इतनी अच्छी होती है कि अंग्रेजी मीडियम वालों को भी जल्दी समझ में आ जाती है. वह जब खुश होता है तब कुछ ऐसी सरल हिंद में गाना गाता है-अरे दीवानो, मुझे पहचानो मैं हूं कौन, मैं हूं डॉन. आपने भी सुना होगा. डॉन मौका आने पर धार्मिक व्यक्ति भी हो जाता है. वह धर्म का बड़ा सम्मान करता है. बदले में अछूत होने के बावजूद धर्म भी उसका बड़ा सम्मान करता है. डॉन की पूजा से पुजारी इतने प्रभावित रहते हैं कि उनमें भगवान से ज्यादा भक्तिभाव डॉन के प्रति हो जाता है. व्यावहारिक ज्ञानशास्त्र में कहा भी गया है–स्वक्षेत्रे पूज्यते सांसद, डॉन सर्वत्र पूज्यते. अर्थात एक सांसद का सम्मान तो उसके क्षेत्र तक ही सीमित रहता है, किन्तु डॉन का सम्मान सभी जगह होता है. डॉन केवल अपने भक्तों को ही दिखाई देता है . या फिर वह जिनको दर्शन देना चाहता है, उनको दीखता है . वह कहां है यह सबको पता होता है, लेकिन उसे हमेशा सत्रह मुल्कों की पुलिस ढूंढती रहती है. पुलिस और डॉन दोनों जनता के सेवक होते हैं और जैसा भी अवसर मिलता है सेवा करते रहते हैं. वैसे सच पूछो तो डॉन जनता का सेवक होता है. हम इसलिए कह रहे हैं, क्योंकि हम अच्छे से जानते हैं, उसके मोहल्ले में ही रहते हैं. विश्वास नहीं हो तो पूछ लो किसी से भी, कोई इंकार करे तो बताना. एक बात और, डॉन मोटिवेशनल स्पीकर भी हैं. सामने वाले का ह्रदय परिवर्तन कर देना उनके बाएं हाथ का काम है. पिछले कई महीनों से डॉन साहेब को संस्कृति की रक्षा का भूत चढ़ा हुआ है. उन्हें पता चला कि समाज में प्रेम करने वाले बहुत बढ़ गए हैं. डॉन को प्रेमी पसंद नहीं हैं. शुरू शुरू में तो तमाम वोटर लिस्ट चेक कर डालीं, लेकिन कोई संस्कृति नाम वाली नहीं मिली. तब कुछ जिम्मेदारों ने समझाया कि संस्कृति क्या है और रक्षा के लिए उसके साथ कुछ करना नहीं है. जो गैर-संस्कृति वाले हैं, उनको ठीक करने से संस्कृति की रक्षा का काम हो जाएगा. काम बड़ा है, लेकिन बड़ा काम बड़े ही करते हैं. सुना है डॉन को टिकिट देना चाहती हैं पार्टियां.

# लाइफ लाइन

झारखंड के औषधीय वृक्ष

## झारखंड का चमत्कारी औषधीय वृक्ष भिलावा



भिलावा नामक औषधीय वृक्ष को संस्कृत में भल्लातक हिंदी में भेलवा या भिलावा, बंगला में भेला, अंग्रेजी में मार्किंग नट, लैटिन में सेमेकार्पस एनाकार्डियम, कहते हैं. भिलावा एक भयानक औषधि है. इसका उपयोग सावधानी पूर्वक करना चाहिए. इसके पत्ते लम्बे चौड़े होते हैं. फूल, फल एक डाली में लगते हैं जिसे फलवृंद कहते हैं. भिलावा के वृक्ष के नीचे सोना या बैठ कर हवा का सेवन करना हानिकारक होता है. अर्थात मुंह, हाथ-पैर में सूजन हो जाता है. शोधन करने के बाद उपयोग करना लाभकारी होता है. भिलावा का मीग मधुर, वीर्यवर्द्धक पुष्टिकारक, वात और पित्त को ठीक करता है. पक्का फल पाचक, गर्म, वात, ब्रण, उदररोग, चर्मरोग, बवासीर, ज्वर एवं कृमि नाशक है.




**अनिल कुमार पाठक**
पारंपरिक चिकित्सक

झारखंड के लातेहार जिला के औषधीय वृक्षों के ज्ञाता वन विभाग से रिटायर स्व.एन.के.मिश्रा कहते थे कि भारत सरकार को वनस्पति विज्ञान के ज्ञाता जे.सी.बोस की तरह ही भिलावा वृक्ष का प्रभाव और आदिवासी ज्ञान पर शोध करवाना चाहिए. एक उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा था कि झारखंड का महान पर्व करम एकादशी में भिलावा वृक्ष की डाली को आदिवासी लोग अपने अपने घरों, खेतों में सैकड़ों वर्षों से लगाते रहे हैं. झारखंड की गंझू अर्थात भोक्ता जनजाति आश्विन मास के शुक्ल पक्ष प्रतिपदा को अपने घरों में खेतों में इसकी डाली को लगाते आ रहे हैं. अर्थात दुर्गा पूजा के प्रथम दिन पर भिलावा वृक्ष की डाली लगाते हैं. झारखंड के आदिवासी गण एक विशेष ढंग से अपने बच्चों को इसके संपर्क में लाते हैं जिससे इनके बच्चे पूरी उम्र भिलावा वृक्ष के रिएक्शन यानी कुप्रभाव से बचे रहते हैं. जब वैज्ञानिक गण इसे व्यवहारिक रूप में देखेंगे तो कुछ सोचने पर विवश हो जाएंगे.

मैं भिलावा को चमत्कारी औषधीय वृक्ष की संज्ञा इसलिए देता हूं कि मानव शरीर और बाल्यकाल में विशेष ढंग से संपर्क के बाद विशेष संबंध स्थापित हो जाता है मानव शरीर के साथ और भिलावा का कुप्रभाव से वंचित रहता है. पारंपरिक चिकित्सा पद्धति को समझने और बचाने और शोध करने की आवश्यकता है. भिलावा वृक्ष का संरक्षण संवर्धन के साथ साथ विशेष आयाम में शोध की आवश्यकता है.

भिलावा का अत्यधिक सेवन वर्जित है. अत्यधिक सेवन करने से उन्माद, प्यास, पसीना, अत्यधिक दाह और मूत्र रोग हो जाता है. इसका सेवन करने वाला रोगी मांस भक्षण, मैथुन, धूप का सेवन छोड़ देना चाहिए. घृत, दुग्ध अधिक सेवन करना चाहिए. नारियल पानी लाभदायक होता है. विशेष सावधानीपूर्वक भिलावा से दवा निर्माण किया जाता है.**(औषधीय पौधा के खेती एवं संवर्धन संरक्षण के जानकार)**

**सभी तस्वीर : अनिल कुमार पाठक**



दादी मां के नुस्खे

## मोरिंगा की पत्ती से मिलेगी डायबिटीज में राहत



मोरिंगा जिसे सहजन या ड्रमस्टिक नाम से जाना जाता है, की पत्तियां बहुत ही गुणकारी मानी गई हैं. इन पत्तों के सेवन से कई प्रकार की बीमारियों से आराम मिल सकता है. ये पत्ते डायबिटीज के मरीजों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है. इससे ब्लड शुगर का स्तर सामान्य रहता है. इसके अलावा ये पत्ते पेट की समस्या में भी लाभकारी है. मोरिंगा के पत्तों में एंटीबायोटिक, एंटी इंफ्लेमेटरी, एंटी कैंसर और एंटी ऑक्सीडेंट गुण पाए जाते हैं. झारखंड में इसका कई रूपों में सेवन किया जाता है. इन्हें सलाद के रूप में, सब्जी के साथ या चाय के रूप में भी लिया जा सकता है. मोरिंगा की चाय बनाने के लिए पत्तों को पीसकर गर्म पानी में डालना चाहिए. इससे एंटीऑक्सीडेंट्स और पोषक तत्व पानी में घुल जाते हैं. मोरिंगा के पत्तों को खाने से स्वास्थ्य लाभ तो मिलते ही हैं साथ ही इनका स्वाद भी अच्छा लगता है.

## कम नींद डायबिटीज का कारण!


रिसर्च रिपोर्ट

अगर आप पूरे दिन में केवल 3 से 5 घंटे सोने वालों में हैं तो सावधान हो जाइए, क्योंकि आपकी यह आदत आपमें डायबिटीज का जोखिम बढ़ा सकती है. यह आशंका व्यक्त की है शोधकर्ताओं ने जिसकी रिपोर्ट जर्नल जामा नेटवर्क ओपन में हाल ही प्रकाशित हुई है.

सेहतमंद रहने के लिए पर्याप्त नींद लेना बेहद जरूरी होता है. इसके लिए दिनभर में कम से कम 7 से 9 घंटे की नींद लेना जरूरी होता है. नींद की कमी सेहत से जुड़ी कई बीमारियों का कारण बनती है. स्टडी के मुताबिक नींद की कमी और डायबिटीज का आपस में सीधा संबंध है. अगर आप भरपूर नींद नहीं लेते हैं तो ऐसे में डायबिटीज से ग्रसित होने की आशंकाएं बढ़ जाती हैं. लॉन्ग टर्म में जाकर यह स्वास्थ्य के लिए कई सीरियस बीमारियों का कारण बन सकता है. शोधकर्ताओं के मुताबिक यूके बायो बैंक द्वारा इस स्टडी में 5 लाख लोगों को शामिल किया गया, जिसमें इन लोगों को 10 साल तक फॉलो किया गया.



**डॉ एके श्रीवास्तव**
कंसलटेंट फिजीशियन, छाती व गहन रोग विशेषज्ञ



*हमारे देश में यदि सबसे कॉमन शारीरिक परेशानी कुछ है तो वो है गैस. बहुत लोग इसे गैस्टिक या अम्ल/पित्त भी कहते हैं. मगर क्या जो आपको गैस लग रहा है वो वाकई में गैस ही है? आइए जानते हैं सत्य क्या है?*

# गंभीर रोग का लक्षण भी हो सकता है गैस

गैस हमारे जीवन में बहुत ही आम समस्या है. बेसमय, बेहिसाब, बेतरीका और अनियंत्रित खान पान से पाचन खराब होती है और बदहज़मी होती है, जिससे गैस बनने लगती है. कब्ज़ रहने की वजह से भी गैस बनती है. डाइजेशन में मदद करने वाले कुछ बैक्टीरिया पेट में मौजूद होते हैं. इनका संतुलन बिगड़ने पर भी गैस बनती है और डकार आती है. अकसर ऐसा होता है कि हम खाना खाते समय ज्यादा हवा पेट के अंदर ले लेते हैं तो डकार आने लगती है. ऐसी स्थिति को ऐरोफेजिया कहते हैं. ठीक से खाना चबा के न खाने या खाने के साथ-साथ पानी पीने से डाइजेस्टिव एंजाइम ठीक से काम नहीं कर पाते उससे भी बदहज़मी और गैस होती है.

### यह सावधानी जरूरी

गैस की समस्या से बचने के लिए छोटे निवाले लें और मुंह बंद करके धीरे-धीरे खाने को चबा कर निगलें. खाने को धीरे धीरे खूब अच्छे से चबा कर खाएं, हड़बड़ में न खाएं. खाने के बीच-बीच में पानी न पिएं. विशेषत: खाने के कम से कम 30 मिनट पहले या 30 मिनट बाद पानी पीएं. नाश्ता सुबह जल्द करें. ज्यादा देर तक खाली पेट न रहें. खान पान के लिए नियमित समय सारिणी का पालन करें. तली-छनी (तैलीय), मसालेदार चीजें, जंक फूड, मैदे के पकवान कम से कम खाएं. खाने के समय बात न करें, शांति से सौहार्दपूर्ण वातावरण में भोजन करें. तनाव से जितना हो सके दूर रहें. हो सके तो भोजन करने समय पालथी मार के बैठें. खाने के बाद 10 मिनट घर में ही थोड़ा टहल लें. दिन में थोड़ा व्यायाम अवश्य करें, केवल बैठे न रहें.

### दूसरी बीमारी का फर्क समझिए

गैस होना एक व्यापक शब्द है जिसमें अम्ल होना (एसिडिटी), फेट फूलना (ब्लॉटिंग/फ्लैटुलेंस), खट्टी डकारें आना (रिफलक्स), सीने में जलन होना (हार्ट-बर्न) इत्यादि कुछ भी लक्षण हो सकते हैं. गैस के साथ-साथ पेट में दर्द, मरोड़न, या दस्त होना भी आम है. कभी कभी गैस के साथ पेट में जलन या दर्द होना पेप्टिक अल्सर का भी लक्षण हो सकता है. मग़र कई सारे लक्षण ऐसे होते हैं जिन्हें आप गैस समझ रहे होते हैं लेकिन वह असल में कुछ और बीमारी हो सकती है. इसमें फ़र्क करना बहुत आवश्यक है.

### गुजर न जाए गोल्डन पीरियड

हमारे देश में बहुत सारे हार्ट अटैक गैस-गैस के चक्कर में मिस हो जाते हैं और मरीज़ की जान चली जाती है या हार्ट को बचाने का गोल्डन पीरियड निकल जाता है. सीने में भारीपन, दर्द/जलन, बेचैनी, पसीना आना, धड़कन होना यदि हो तो सावधान! इसे गैस समझ कर नज़र-अंदाज़ करने की गलती न करें. यदि अचानक से (खास कर के रात में) सांस की दिक्कत हो या चित्त सोने में तकलीफ़ हो तो ये हार्ट फेलियर के लक्षण हो सकते हैं. कम से कम एक बार चिकित्सीय सलाह अवश्य लें या ई सी जी करवा लें. सीने और सर में भारीपन, धड़कन, सांस में दिक्कत हाई ब्लड प्रेशर के लक्षण हो सकते हैं, एक बार बीपी तो नपवा लें.



### डिप्रेशन का भी लक्षण

गैस होना मानसिक रोग जैसे एंग्जायटी डिसऑर्डर या डिप्रेशन का भी एक प्रमुख लक्षण होता है. लोग समझते हैं कि जो गैस पेट में बनती है वह शरीर हाथ पैर में कहीं भी जा सकती है. उन्हें कहीं भी तकलीफ हो वह इसे गैस के कारण ही समझते हैं. डकार आने या गैस पास होने से उन्हें आराम मिलता है व्यक्ति को लगता है कि उसके पूरे शरीर में गैस भर गया है, गैस माथे पे चढ़ गया है, गैस अटक गया है, इधर उधर शरीर में कहीं भी दबाने से डकारें आती हैं. गैस रिलीज़ होने पर सुकून मिलता है. इर्रिटेबल बॉवेल डिजीज़ में गैस के साथ पेट मरोड़न, दस्त या फ़िर कब्ज होता है. इसमें व्यक्ति को एक बार में शौच से संतुष्टि नहीं मिलती, बार बार जाने की इच्छा होती है, शौच के बाद राहत मिलती है. तनाव में ये लक्षण बढ़ जाते हैं. इस प्रकार के गैस का उपचार एन्टी एंग्जायटी या एन्टी डिप्रेशन है.

### चिकित्सक की सलाह जरूरी

एक बात और ध्यान रखने की है कि यदि वाक़ई में गैस की समस्या बार-बार परेशान कर रही हो तो इसे हल्के में न ले कर अपने चिकित्सक से मिलें. बार-बार गैस की शिक़ायत कुछ बीमारियों के प्रमुख लक्षण हो सकता है जैसे-गॉल ब्लाडर (पित्त की थैली) में पथरी या सूजन होना, पेप्टिक अल्सर डिजीज (पेट या छोटी आंत के प्रारम्भ में ज़ख्म) होना, पैन्क्रियाटाइटिस (अग्नाशय में सूजन) होना, हाइटस हर्निया (पेट का हिस्सा छाती में चढ़ना) होना इत्यादि. इसके डायग्नोसिस के लिए अल्ट्रासाउंड, एंडोस्कोपी, सीटी स्कैन इत्यादि के अलावे संबंधित ब्लड टेस्ट्स भी कराना होता है. सटीक बीमारी का पता चलने पर ही उचित उपचार सम्भव है.

## एसिडिटी और गैस की समस्या से राहत के लिए ये 4 योगासन



**ऋषि रंजन**
योग एक्सपर्ट

*एसिडिटी और गैस की समस्या को दूर करने में योग बहुत मददगार हो सकता है. एनसीबीआई (नेशनल सेंटर फॉर बायोटेक्नोलॉजी इंफॉर्मेशन) ने एक चिकित्सा शोध अध्ययन प्रकाशित किया है जो स्पष्ट रूप से उन कई लाभों को प्रदर्शित करता है जो ध्यान और योग से पाचन तंत्र से संबंधित समस्याओं पर हो सकते हैं, जिसमें एसिडिटी भी शामिल है. इसके अतिरिक्त, शोध में गैस की समस्याओं को शामिल किया गया है. अग्रांकित योगासन गैस और एसिडिटी के लिए फायदेमंद हो सकते है.*



**अर्धमत्स्येन्द्रासन**

जब आप अर्धमत्स्येन्द्रासन में होते हैं, तो आपके पेट पर दबाव पड़ता है, जिससे रक्त का प्रवाह बढ़ जाता है और पाचन तंत्र को बेहतर ऑक्सीजन मिलती है. एसिडिटी की समस्या दूर होती है, साथ ही शरीर से गंदगी और अन्य मलबा बाहर निकल जाता है.



**बालासन**

बालासन से एसिडिटी की समस्या भी दूर हो जाती है. बालासन आसन से पेट के अंदरूनी अंगों की अच्छी तरह से मालिश की जाती है, जिससे सभी अंग अपना काम ठीक से कर सकें.




**वज्रासन**

वज्रासन को भोजन के तुरंत बाद करने पर भी किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं होती बल्कि, यह भोजन के पाचन में मदद करता है, साथ ही गैस और एसिडिटी की संभावना को काफी कम करता है.

**हलासन**

हलासन को एसिडिटी और गैस के लिए योगसूची में शामिल किया जा सकता है. इस आसन को करते समय शरीर हल की तरह दिखता है, जिसके कारण इसे हलासन कहते हैं. एनसीबीआई द्वारा प्रकाशित एक शोध में, हलासन को कब्ज, अपच और अन्य पाचन समस्याओं के लिए फायदेमंद पाया गया है.



लंबे समय से नहीं छूट रही खांसी

## कहीं कोरोना तो नहीं!

इन दिनों झारखंड में भी हम खुद के साथ, परिजनों के साथ या आसपास ऐसे लोग देख रहे हैं जो हफ्ते भर से अधिक खांसी से परेशान हैं. इसके अलावा जुकाम, हल्का बुखार, सांस लेने में दिक्कत, आंख से पानी जैसी दिक्कत भी हो रही है. परिवार में एक जब इन लक्षणों से परेशान है तो अन्य सदस्य भी जल्दी ही इस चपेट में आ रहे हैं. डॉक्टरों का कहना है कि मौसम में आए अचानक बदलाव के कारण फ्लू के मामले पिछले एक महीने में बहुत बढ़े हैं. इन मरीजों में कोरोना के लक्षण हैं. खास बात यह है कि देश के कई राज्यों में काफी मरीजों की रिपोर्ट भी कोरोना पॉजिटिव आई है. हालांकि यह संतोषजनक है कि ज्यादातर मरीजों की स्थिति गंभीर नहीं हो रही और न ही उन्हें अस्पताल में भर्ती कराने की नौबत आ रही. फिर भी ऐसी स्थिति में यदि किसी परिवार में यह समस्या है तो उन्हें कोविड नियमों का सख्ती से पालन करना चाहिए.

- **मास्क पहनें**

डॉक्टरों की सलाह है कि अचानक बढ़ रहे मामलों की चेन तोड़ने के लिए मास्क पहनें. मौजूदा समय में कोरोना के अलावा इंफ्लुएंजा और ह्यूमन रेस्पिरेटरी सीनसीटियल वायरस (आरएसबी) के मामले में तेजी से बढ़ रहे हैं. इनसे बचने के लिए बेहतर है कि हम अपने रखे मास्क को निकालें और साफ कर उनका उपयोग करें. खासकर भीड़भाड़ वाली जगहों या ऐसे इनडोर स्थानों पर जहां शारीरिक दूरी बनाए रखना मुश्किल हो सकता है, वहां नाक और मुंह दोनों को ढकें. यह जरा सी सावधानी कई बड़ी समस्याओं से राहत दिलाएगी.

- **हाइजीन**

शॉपिंग करने, पब्लिक प्लेस पर जाने, बाहर कहीं हैंडल, लिफ्ट के स्विच, टेबल आदि चीज को छूने या खांसने/छींकने के बाद कम से कम 20 सेकंड के लिए साबुन और पानी से हाथों को अच्छी तरह धोएं. जब हाथ धोने की सुविधा न हो तो कम से कम 60% अल्कोहल वाले हैंड सैनिटाइजर का इस्तेमाल करें.

- **सोशल डिस्टेंसिंग**

कोशिश करें कि अधिक जरुरत नहीं हो तो कुछ दिनों तक अधिक भीड़ भाड़ वाली जगह पर नहीं जाएं. जाएं भी बाहर के लोगों से शारीरिक दूरी बनाए रखें, खासकर भीड़भाड़ वाली जगहों पर. बीमार लोगों के साथ सीधे संपर्क में आने से बचें और अस्वस्थ महसूस होने पर घर के अंदर ही रहें.

- **वेंटिलेशन जरूरी**

कोशिश करें कि घर में पर्याप्त हवा की आवाजाही हो. कम से कम दिन के समय खिड़कियां-दरवाजे खोल कर घर के अंदर की हवा को साफ रखें. इससे हवा में मौजूद वायरस की मात्रा कम हो जाती है. सांस संबंधी अन्य समस्या होने पर भी इस उपाय से आराम मिलता है.



संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

## एशियाई चैंपियंस लीग : द न्यू सेंट्स का विश्व रिकॉर्ड टूटा

# अल हिलाल की टीम ने लगातार 28वीं जीत दर्ज कर बनाया विश्व रिकॉर्ड



भाषा । जेद्दा (सऊदी अरब)

सऊदी अरब की टीम अल हिलाल ने लगातार 28वीं जीत दर्ज करके शीर्ष स्तर की फुटबॉल में नया विश्व रिकॉर्ड बनाया. अल हिलाल ने अल इतिहाद को 2-0 से हराकर यह उपलब्धि हासिल करने के साथ ही एशियाई चैंपियंस लीग के सेमीफाइनल में भी प्रवेश किया. इन दोनों टीम के बीच पहले चरण का मैच भी अल हिलाल ने जीता था और इस तरह से उसने अपने घरेलू प्रतिद्वंदी अल इतिहाद को 4-0 के कुल अंतर से पराजित किया. सऊदी अरब की घरेलू लीग में 18 बार की चैंपियन अल हिलाल ने वेल्स की टीम द न्यू सेंट्स के 2016-17 के सत्र में लगातार 27 जीत दर्ज करने के पिछले विश्व रिकॉर्ड को तोड़ा. अल हिलाल ने इससे पहले आखिरी बार पिछले साल 21 सितंबर को मैच नहीं जीता था. उसने तब सऊदी अरब लीग की अपनी प्रतिद्वंदी टीम दमाक के खिलाफ मैच 1-1 से ड्रॉ खेला था. सेमीफाइनल में अल हिलाल का सामना संयुक्त अरब अमीरात के अल ऐन से होगा जिसने सोमवार को पेनल्टी शूटआउट में क्रिस्टियानो रोनाल्डो की टीम अल नासर को हराकर टूर्नामेंट से बाहर कर दिया था.

- सेमीफाइनल में पहुंची अल हिलाल की टीम
- अल हिलाल ने दूसरे चरण में अल इतिहाद को 2-0 से हराया
- पहले चरण में भी 2-0 से जीती थी अल हिलाल की टीम





| 14 साल बाद क्वार्टर फाइनल में पहुंची आर्सेनल की टीम | बार्सिलोना ने नेपोली को 3-1 से हराया | पेनाल्टी शूटआउट में 4-2 से जीती आर्सेनल की टीम |
|---|---|---|

# बार्सिलोना और आर्सेनल की टीम चैंपियंस लीग के क्वार्टर फाइनल में

**बार्सिलोना ।** स्पेन के शीर्ष क्लब बार्सिलोना ने चार साल जबकि इंग्लैंड के क्लब आर्सेनल ने 14 साल बाद चैंपियंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया. पांच बार के यूरोपीय चैंपियन बार्सिलोना ने नेपोली को 3-1 से हराकर अंतिम आठ में अपनी जगह सुरक्षित की. इन दोनों टीम के बीच पहले चरण का मैच 1-1 से बराबर रहा था और इस तरह से बार्सिलोना ने 4-2 के कुल योग से जीत हासिल की. बार्सिलोना के लिए फर्मिन लोपेज, जोआओ कैंसलो और रॉबर्ट लेवांडोव्स्की ने गोल किए. नेपोली की तरफ से एकमात्र गोल अमीर रहमानी ने किया. बार्सिलोना पिछले दो वर्षों में चैंपियंस लीग के ग्रुप चरण से आगे नहीं बढ़ पाया था. वह इससे पहले आखिरी बार 2019-20 में क्वार्टर फाइनल में पहुंचा था जहां उसे बायर्न म्यूनिख से हार का सामना करना पड़ा था.

आर्सेनल ने पोर्तो को पेनल्टी शूटआउट में 4-2 से हराकर 2010 के बाद पहली बार इस प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया. पोर्तो ने पहले चरण का मैच 1-0 से जीता था लेकिन आर्सेनल लिएंड्रो ट्रॉसार्ड के 41वें मिनट में किए गए गोल से बराबरी करने में सफल रहा. पेनल्टी शूटआउट में आर्सेनल के गोलकीपर डेविड राया ने गलेनो का शॉट रोककर अपनी टीम को अंतिम आठ में पहुंचाया. क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने वाली अन्य टीमों में रियाल मैड्रिड, बायर्न म्यूनिख, पेरिस सेंट जर्मेन और मैनचेस्टर सिटी शामिल हैं.




## ब्रीफ खबरें

### उपचार के अगले चरण का इंतजार : मो. शमी

**नयी दिल्ली ।** मोहम्मद शमी के चोटिल टखने के ऑपरेशन के बाद अब टांके काट दिए गए हैं, जिसके बाद बुधवार को शमी ने कहा कि वह उपचार प्रक्रिया के अगले चरण का इंतजार कर रहे हैं. उन्होंने पिछले महीने अपने चोटिल टखने का ऑपरेशन करवाया था और इस कारण वह आईपीएल में भी नहीं खेल पाएंगे. शमी ने अपनी तीन तस्वीरों के साथ एक्स पर पोस्ट किया कि सभी को नमस्कार. मैं अपनी चोट से उबरने की प्रक्रिया का अपडेट ऑपरेशन के बाद मैं अपनी इस प्रगति से खुश हूं.

### तीसरे नंबर को लेकर सहज नहीं था : बाबर

**कराची ।** पाकिस्तान के पूर्व कप्तान बाबर आजम ने टी-20 अंतरराष्ट्रीय में तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने के लिए कहे जाने पर अपनी नाखुशी सार्वजनिक तौर पर जाहिर की है. इससे पता चलता है कि राष्ट्रीय टीम के ड्रेसिंग रूम में सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है. यह सब तब शुरू हुआ जब बाबर को तीनों प्रारूपों में कप्तानी के दायित्व से मुक्त किया. बाबर ने अपनी भावनाओं को स्पष्ट किया कि वह जनवरी में न्यूजीलैंड दौरे पर टी20 श्रृंखला के दौरान तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने के फैसले से संतुष्ट नहीं थे.

### भारत ने श्रीलंका पर बनाई अजेय बढ़त

**नयी दिल्ली ।** भारत ने तीसरे टी-20 मैच में श्रीलंका को सात विकेट से हराकर पांच मैचों की दृष्टिबाधित क्रिकेट समर्थ चैंपियनशिप में 3-0 की अजेय बढत बना ली है. करनैल सिंह स्टेडियम में खेले गए मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए श्रीलंका ने तीन विकेट पर 162 रन बनाये. भारत ने 27 गेंद बाकी रहते लक्ष्य हासिल कर लिया. भारतीय टीम ने पहले आठ ओवर में 75 रन बनाए. प्लेयर आफ द मैच पंकज भुए और दिनेश राथवा ने टीम को अच्छी शुरूआत दी.

## रणजी ट्रॉफी फाइनल : करूण व वाडकर ने करायी विदर्भ की वापसी

# मुंबई के 42वें खिताब का इंतजार बढ़ा

**290** रन की जरूरत है विदर्भ को जीत के लिए

**05** विकेट की दरकार है मुंबई को जीत के लिए

भाषा । मुंबई

रणजी ट्रॉफी के फाइनल में करूण नायर व कप्तान अक्षय वाडकर ने शानदार पारी खेलकर विदर्भ को मैच में बनाये रखा है. मैच के चौथे दिन विदर्भ की वापसी से मुंबई को 42वें खिताब के लिए एक दिन और इंतजार करना होगा. मैच के पहले ही दिन से दबाव में आई विदर्भ को जीत के लिए असंभव सा लक्ष्य मिला था, लेकिन चौथे दिन विदर्भ के बल्लेबाजों ने मेजबान गेंदबाजों को परेशान किया. इस सत्र की शुरुआत में ही टीम से जुड़े नायर ने 220 गेंदों का सामना करके 287 मिनट बल्लेबाजी की. इस दौन नायर ने अपनी टीम के लिए महत्वपूर्ण 74 रन बनाए. वह मुशीर खान की गेंद पर अपना विकेट गंवा बैठे. मुशीर ने दूसरी पारी में 136 रन बनाने के बाद शानदार गेंदबाजी भी की. कप्तान वाडकर चौथे दिन 56 रन बनाकर और हर्ष दुबे 11 रन बनाकर खेल रहे थे . वाडकर ने 91 गेंद की पारी में छह चौके लगाये.




### नायर व वाडकर ने 5वें विकेट के लिए 90 रन जोड़े

नायर ने वाडकर के साथ पांचवें विकेट के लिये 173 गेंद में 90 रन जोड़े. विदर्भ को अभी भी 290 रन चाहिये और उसके पांच विकेट बाकी है. मुंबई ने पहले दो सत्र में दो दो और फिर नायर का विकेट आखिरी सत्र में लिया. वानखेड़े स्टेडियम की सपाट पिच पर मुंबई ने सब कुछ आजमा लिया. मुंबई के तेज गेंदबाजों की तिकड़ी और दोनों स्पिनरों ने बल्लेबाजों को गलती करने पर मजबूर करने की पूरी कोशिश की. विदर्भ के बल्लेबाजों ने भी घुटने नहीं टेके.

### मुशीर मुंबई के के सबसे असरदार गेंदबाज

मुशीर ने मुंबई के लिये 17 ओवर में 24 रन देकर दो विकेट लिये और वह मुंबई के लिए सबसे असरदार रहे. उन्होंने बेहतरीन गेंद पर नायर को आउट किया. तनुष कोटियान ने 55 रन देकर दो विकेट लिये. उन्होंने ध्रुव शोरे (28) और यश राठौड़ (सात) को पवेलियन भेजा.

# आईपीएल के पूरे सत्र के लिए उपलब्ध रहेंगे बेयरस्टो

भाषा । नयी दिल्ली

इंग्लैंड के बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो भारत के लंबे टेस्ट दौरे के बाद हाल ही में स्वदेश लौटने के बावजूद 22 मार्च से शुरू होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के पूरे सत्र के लिए उपलब्ध रहेंगे. भारत और इंग्लैंड के बीच धर्मशाला में खेले गए पांचवें और अंतिम टेस्ट मैच के दौरान भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) और इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के अधिकारियों के बीच बातचीत हुई थी, जिसमे खिलाड़ियों की आईपीएल के लिए उपलब्धता को लेकर चर्चा हुई थी. टेस्ट क्रिकेट में नियमित रूप से खेलने वाले कप्तान बेन स्टोक्स, जो रूट और मार्क वुड पहले ही स्पष्ट कर चुके हैं कि वह आईपीएल में खेलने के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगे. जानकारी के मुताबिक पंजाब किंग्स के बल्लेबाज बेयरस्टो 18 या 19 मार्च को भारत पहुंचेंगे तथा टीम के दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 23 मार्च को होने वाले पहले मैच के लिए उपलब्ध रहेंगे.

इस बीच के पंजाब किंग्स के क्रिकेट निदेशक नियुक्त किए गए संजय बांगड़ टीम के बल्लेबाजी कोच की भूमिका भी निभाएंगे. इस तरह से पंजाब किंग्स ने वसीम जाफर से नाता तोड़ दिया है, जो पिछले सत्र में टीम के बल्लेबाजी कोच थे. आईपीएल का अभी पूरा कार्यक्रम जारी नहीं हुआ है लेकिन पिछले सत्र की तरह पंजाब की टीम अपने अंतिम दो घरेलू मैच धर्मशाला में खेल सकती है. पंजाब अपने अन्य पांच घरेलू मैच मोहाली में खेलेगा.

**खास बातें**

- आईपीएल में पंजाब किंग्स की टीम से खेलते हैं बेयरस्टो
- 18 या 19 मार्च को भारत पहुंचेंगे जॉनी बेयरस्टो



## आईपीएल में वापसी को लेकर नर्वस हैं ऋषभ पंत, कहा-

# दोबारा डेब्यू करने जैसा एहसास

भाषा । नयी दिल्ली

सड़क दुर्घटना में बुरी तरह चोटिल होने के 14 महीने बाद क्रिकेट में वापसी करने के लिए तैयार ऋषभ पंत किसी पदार्पण करने वाले खिलाड़ी की तरह ही नर्वस महसूस कर रहे हैं. भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने मंगलवार को पंत को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में खेलने के लिए फिट घोषित कर दिया था. यह विकेटकीपर बल्लेबाज आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स की अगुवाई करेगा जिसका पहला मैच 23 मार्च को मोहाली में पंजाब किंग्स के साथ होगा. पंत दिसंबर 2022 में अपने घर रुड़की जाते समय सड़क दुर्घटना में घायल हो गए थे. इस 26 वर्षीय खिलाड़ी ने इसके बाद अस्पताल और बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में लंबा समय बिताया. पंत ने दिल्ली कैपिटल्स की विज्ञप्ति ने कहा कि मैं उत्साहित हूं लेकिन साथ ही नर्वस भी हूं. ऐसा लग रहा है जैसे मैं फिर से पदार्पण करने जा रहा हूं. उन्होंने कहा कि मैं जिस दौर से गुजरा हूं उसे देखते हुए फिर से क्रिकेट खेलने में सक्षम होना किसी चमत्कार से कम नहीं है. मैं अपने शुभचिंतकों और प्रशंसकों तथा विशेष रूप से बीसीसीआई और राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी के कर्मचारियों का आभार व्यक्त करता हूं.



**क्रिकेट में वापसी**

- 14 महीने बाद क्रिकेट में वापसी करेंगे पंत
- 23 मार्च को पंजाब के खिलाफ होगा दिल्ली का पहला मैच

# अल्कराज ने फैबियन से चुकता किया बदला

भाषा । इंडियन वेल्स (अमेरिका)

कार्लोस अल्कराज ने फैबियन मारोज्सन से अपनी पिछली हार का बदला चुकता किया. अल्कराज ने फैबियन को हराकर बीएनपी परिबास इंडियन वेल्स टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया. अल्कराज पिछले साल इटालियन ओपन में हंगरी के खिलाड़ी से हार गए थे, लेकिन यहां उन्होंने जबर्दस्त खेल दिखाकर सीधे सेटों में 6-3, 6-3 से जीत दर्ज की. नोवाक जोकोविच की लुका नार्डी के हाथों हार के बाद दूसरी वरीयता प्राप्त स्पेन के अल्कराज को खिताब का प्रबल दावेदार माना जा रहा है. अल्कराज का अगला मुकाबला अलेक्जेंडर ज्वेरेव से होगा, जिन्होंने एलेक्स डी मिनौर से पहला सेट हारने के बाद 5-7, 6-2, 6-3 से जीत हासिल की.



**बीएनपी परिबास टेनिस टूर्नामेंट**

- एकतरफा मुकाबले में 6-3, 6-3 से जीते अल्कराज
- सेमीफाइनल में ज्वेरेव से भिड़ेंगे अल्कराज

### सिनर ने लगातार 18वां मैच जीता



ऑस्ट्रेलियाई ओपन के चैंपियन यानिक सिनर ने लगातार 18वां मैच जीता. सिनर ने बेन शेल्टन को 7-6(4) 6-1 से हराकर लगातार 18वीं जीत हासिल की. सिनर 2024 की शुरुआत से लेकर अभी तक लगातार 15 मैच जीत चुके हैं. यह हार्डकोर्ट पर उनकी 150वीं जीत है. सिनर क्वार्टर फाइनल में जिरी लेहेका से भिड़ेंगे, जिन्होंने स्टेफानोस सिटसिपास पर 6-2 6-4 से जीत हासिल की. महिला वर्ग में यूक्रेन की मार्ता कोस्त्युक ने रूस की अनास्तासिया पाव्लुचेनकोवा को 6-4, 6-1 से और अनास्तासिया पोटापोवा ने जैस्मीन पाओलिनी को 7-5, 0-6, 6-3 से हराया.

## आईसीसी टेस्ट रैंकिंग : बल्लेबाजों में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा की शीर्ष 10 में हुई वापसी, छठे स्थान पर पहुंचे

# बुमराह की जगह रविचंद्रन अश्विन बने नंबर वन गेंदबाज

भाषा । दुबई

अपने 100वें टेस्ट मैच में नौ विकेट झटकने वाले अनुभवी ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) की बुधवार को जारी नवीनतम टेस्ट रैंकिंग में गेंदबाजों की सूची में शीर्ष स्थान पर पहुंच गये हैं. बल्लेबाजी रैंकिंग में कप्तान रोहित शर्मा की शीर्ष 10 में वापसी हुई है. अश्विन ने धर्मशाला में श्रृंखला के पांचवें टेस्ट मैच की पहली पारी में चार और दूसरी पारी में पांच विकेट चटकाए थे. उन्होंने अपने करियर में 36वीं बार पांच विकेट लेने का कारनामा किया. रोहित ने बल्लेबाजों की रैंकिंग में पांच स्थान का सुधार किया. वह तालिका में शीर्ष पर काबिज केन विलियमसन से 108 रेटिंग अंक पीछे हैं. यशस्वी जायसवाल (दो स्थान के सुधार के साथ आठवें) और शुभमन गिल (11 स्थान के सुधार के साथ 20वें) भी करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग हासिल करने में सफल रहे. बुमराह दूसरे स्थान पर खिसक गये हैं. वह इस स्थान को ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड के साथ साझा कर रहे हैं. हेजलवुड ने न्यूजीलैंड के खिलाफ क्राइस्टचर्च में खेले गये दूसरे टेस्ट मैच में छह विकेट लिये थे.

**विश्व रैंकिंग**

- दूसरे स्थान पर खिसक गए हैं जसप्रीत बुमराह
- यशस्वी ने दो व गिल ने 11 स्थान का किया सुधार



**बल्लेबाजी रैंकिंग**

| रैंक | खिलाड़ी | रेटिंग |
|---|---|---|
| 1 | केन विलियमसन | 859 |
| 2 | जो रूट | 824 |
| 3 | बाबर आजम | 768 |
| 4 | डेरिल मिशेल | 768 |
| 5 | स्टीव स्मिथ | 757 |

**गेंदबाजी रैंकिंग**

| रैंक | खिलाड़ी | रेटिंग |
|---|---|---|
| 1 | रविचंद्रनअश्विन | 870 |
| 2 | जसप्रीत बुमराह | 847 |
| 3 | जोश हेजलवुड | 847 |
| 4 | कगिसो रबाडा | 834 |
| 5 | पैट कमिंस | 820 |

**ऑलराउंडर रैंकिंग**

| रैंक | खिलाड़ी | रेटिंग |
|---|---|---|
| 1 | रविंद्र जडेजा | 444 |
| 2 | रविचंद्रन अश्विन | 322 |
| 3 | शाकिब अल हसन | 320 |
| 4 | जो रूट | 282 |
| 5 | जेसन होल्डर | 270 |

### ऑलराउंडर्स में जडेजा व अश्विन का दबदबा बरकरार


ऑलराउंडर्स की सूची में भारत के रविंद्र जडेजा और रविचंद्रन अश्विन का दबदबा कायम है. हरफनमैला खिलाड़ियों ने जडेजा पहले और अश्विन दूसरे स्थान पर बने हुए हैं. ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस (दो पायदान ऊपर आठवें स्थान पर) और हेनरी (छह पायदान के सुधार के साथ 11वें) भी अपनी रैंकिंग में बड़ा सुधार करने में सफल रहे.



# पैरा निशानेबाजी विश्व कप में मनीष ने जीते दो रजत

भाषा । नयी दिल्ली

स्टार भारतीय पैरा निशानेबाज मनीष नरवाल ने बुधवार को यहां डब्ल्यूएसपीएस पैरा निशानेबाजी विश्व कप में दो रजत पदक जीते. मनीष ने पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल (एसएच1) व्यक्तिगत और टीम स्पर्धा में रजत पदक अपने नाम किये. नरवाल ने 236.7 का स्कोर किया और चीन के चाओ यांग (240.3) से पीछे रहे. कोरिया के जियोंगडू जो ने व्यक्तिगत वर्ग में कांस्य (214.7) हासिल किया. इस विश्व चैंपियन पैरा निशानेबाज ने इसके बाद रुद्रांश खंडेलवाल और संजीव गिरी के साथ मिल कर पी1 पुरुष टीम 10 मीटर एयर पिस्टल (एसएच1) स्पर्धा में रजत पदक जीता. इससे पहले नरवाल क्वालीफिकेशन दौर में 574 अंक के साथ तीसरे स्थान पर थे. खंडेलवाल (564), गिरी (559) और सिंहराज (546) व्यक्तिगत वर्ग के फाइनल में पहुंचने में विफल रहे. दिन की अन्य स्पर्धाओं में आर सात वर्ग में पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन (एसएच1) श्रेणी के भारतीय निशानेबाज फाइनल (शीर्ष आठ) में जगह बनाने में असफल रहे. इसमें राकेश निदागुंडी क्वालिफिकेशन दौर में 14वें स्थान के साथ सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले भारतीय रहे.



- एयर पिस्टल के व्यक्तिगत व टीम स्पर्धा में जीता रजत
- मनीष ने व्यक्तिगत स्पर्धा में 236.7 का स्कोर किया

## ब्रीफ खबरें

### पद्मश्री कपिलदेव के निधन पर सीएम ने जताया शोक

**पटना ।** सीएम नीतीश कुमार ने पद्मश्री कपिलदेव प्रसाद के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है. सीएम ने शोक संदेश में कहा कि पद्मश्री कपिलदेव प्रसाद को वर्ष 2023 में बावन बूटी कला के लिए पद्मश्री से सम्मानित किया गया था. नीतीश ने कहा कि बावन बूटी मूलतः एक तरह की बुनकर कला है. वे नालंदा जिले के बसवन बीघा गांव के निवासी थे. उनके निधन से बावन बूटी कला के क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुई है. सीएम ने दिवंगत के परिजनों को धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है.

### एक दूसरे को बचाने में चली गई चार की जान

**भागलपुर ।** जिले के जगदीशपुर थाना क्षेत्र के पुरैनी गांव के निकट चंदन नदी में बुधवार को स्नान करने गए चार बच्चों की मौत डूबने से हो गयी. घटना के बाद पूरे गांव में मातम छा गया है. बताया जाता है कि बुधवार दोपहर करीब 12:30 बजे चारों बच्चे नदी में स्नान करने गए थे. इस दौरान एक बच्चा पानी की गहराई में चला गया और वह डूबने लगा. उसे बचाने के लिए दूसरा बच्चा जब गहराई में गया तो वह भी डूबने लगा. इसी तरह बाकी दो बच्चे भी उन दोनों को बचाने के लिए पानी में गए और चारों बच्चे पानी में डूब गए, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई.

### राइफल और गोली के साथ महिला गिरफ्तार

**मधेपुरा ।** मधेपुरा के फुलौत थाना क्षेत्र के बरीखाल से पुलिस ने देसी राइफल व गोली के साथ एक महिला को गिरफ्तार किया है. इसकी पहचान फुलौत पूर्वी पंचायत के बरीखाल वार्ड 10 निवासी चंद्र किशोर मंडल की पत्नी सुलेखा देवी के रूप में हुई. चौसा थानाध्यक्ष मुमताज अंसारी एवं फुलौत थानाध्यक्ष शिशुपाल रविदास ने कहा कि मंगलवार को घटित गोली कांड मामले में यह कार्रवाई की गई. पुलिस को सूचना मिली थी कि एक घर में हथियार व गोली छिपा कर रखा गया है. पुलिस ने जब छापेमारी करने गई तो उक्त महिला द्वारा विरोध किया गया.

पटना सिविल कोर्ट में ट्रांसफॉर्मर में शॉर्ट-सर्किट से लगी आग, घटना के बाद वकील बैठे धरने पर

# एक वकील की मौत, सात झुलसे, मची अफरातफरी

संवाददाता । पटना



पटना सिविल कोर्ट के गेट पर बुधवार की दोपहर ट्रांसफॉर्मर के फटने से एक वकील की मौत हो गई. वहीं मौके पर कोर्ट परिसर में अफरातफरी मच गई. मौके पर मौजूद वकीलों ने बताया कि इस घटना में छह से सात लोग झुलस गए हैं. यह हादसा सिविल कोर्ट के गेट नंबर एक पर हुआ है. मरने वाले व्यक्ति की पहचान वकील देवेंद्र प्रसाद के रूप में की गई है.

इस घटना में वकील हरि प्रसाद घायल हो गए हैं. उनका मुंशी भी झुलसा है. वहीं, हादसे में दो लोग जो घायल हुए हैं उनकी हालत चिंताजनक है. उधर, घटना के बाद आनन-फानन में घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया. वहीं सिविल कोर्ट के वकील घटना से नाराज होकर हंगामा करने लगे. धरना पर बैठ गए. वकीलों ने सेक्रेटरी, जीएम और जिला जज पर एफआईआर की मांग की है. हंगामा करने वाले वकीलों ने कहा कि इन लोगों ने गलती रिपोर्ट दी है. उनके बैठने के लिए अंदर जगह नहीं है. अगर रिपोर्ट सही दी जाती तो यह घटना नहीं होती. घायलों की मदद के लिए दौड़ पड़े आसपास के लोग

इस घटना के बाद बचाव के लिए कोर्ट के आसपास के लोग बचाने के लिए दौड़े. पुलिस भी मौके पर पहुंची. घायलों को इलाज के लिए पीएमसीएच भेजा गया है. इस मामले में पीरबहोर थाना की पुलिस ने बताया कि सिविल कोर्ट परिसर में ट्रांसफॉर्मर में शॉर्ट-सर्किट की वजह से आग लगने की सूचना मिली हुई है.

### सिलेंडर ब्लास्ट, महिला बच्चे समेत 14 झुलसे

**पटना ।** पटना में मंगलवार की रात एक घर में भीषण आग लगी. इसमें दो रसोई गैस सिलेंडर ब्लास्ट हो गया. हादसे में महिला, पुरुष, बच्चे सहित 14 लोग घायल हो गए. सभी घायलों को इलाज के लिए नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है. घटना के बाद पूरे गांव में सनसनी का माहौल बना हुआ है. इधर, सूचना मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया.

प्रदेश अध्यक्ष अख्तरुल ईमान ने बुधवार को कहा

## बिहार में एआईएमआईएम 11 सीटों पर लड़ेगी चुनाव

- किशनगंज, कटिहार, अररिया, पूर्णिया, दरभंगा, भागलपुर, काराकाट, बक्सर, गया, मुजफ्फरपुर और उजियारपुर शामिल है

संवाददाता । पटना

लोकसभा चुनाव को लेकर धीरे-धीरे सभी पार्टियां अपने पत्ते खोल रही हैं. इन सबके बीच असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम के बिहार प्रदेश अध्यक्ष अख्तरुल ईमान ने बुधवार को कहा कि उनकी पार्टी बिहार की 11 सीटों पर लोकसभा का चुनाव लड़ेगी. जिन 11 सीटों पर पार्टी लड़ेगी उसमें किशनगंज, कटिहार, अररिया, पूर्णिया, दरभंगा, भागलपुर, काराकाट, बक्सर, गया, मुजफ्फरपुर और उजियारपुर शामिल है. इन 11 सीटों पर चुनाव लड़ने का ऐलान करते हुए पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अख्तरुल ईमान ने बताया कि दूसरे दलों से भी उनकी बातचीत चल रही है. उन्होंने कहा, हम लोगों के बारे में कहा जाता था कि हम लोग सिर्फ कांग्रेस के खिलाफ उम्मीदवार उतारते हैं लेकिन बिहार में बीजेपी, जदयू, कांग्रेस के खिलाफ कैंडिडेट दे रहे हैं.

मुजफ्फरपुर में चंपारण से बारात लेकर लौट रही थी बोलेरो

# ट्रक और बोलेरो में टक्कर पांच की मौत, पांच घायल

संवाददाता । पटना

मुजफ्फरपुर में चंपारण से बारात लेकर लौट रही बोलेरो और ट्रक की टक्कर में घटनास्थल पर चार लोगों की मौत हो गई, जबकि एक की मौत अस्पताल ले जाने के दौरान हुई. घटना 10 लोग घायल हुए हैं, जिनमें पांच लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है. घटना जिले के रामपुर हरि थाना के समीप की है.

एएसपी पूर्वी सहियार अख्तर ने हादसे की पुष्टि की है. साथ ही बताया कि बारात वाली गाड़ी के ट्रक से टकराने से घटना हुई है. शवों को पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज भेजा गया है. घायलों को मेडिकल कॉलेज ले जाया गया है. पीड़ित परिजनों को इसकी सूचना दी गई है . दुर्घटनाग्रस्त गाड़ी को जब्त कर लिया गया है. बुधवार सुबह यह घटना घटी. एएसपी ने बताया कि मुजफ्फरपुर जिले के रामपुर हरी थाना क्षेत्र में बुधवार सुबह पूर्वी चंपारण के चकिया से एक बारात में शिरकत करने के बाद एक बोलेरो गाड़ी में सवार होकर ये लोग घर लौट रहे थे. इस बीच ट्रक के साथ बोलेरो की टक्कर हो गई है और पांच लोगों की मौत हो गई है.



रोहतास : बच्चे का मुंडन संस्कार कराने जा रहे थे गुप्ता धाम

### पिकअप वैन पलटी, चार की मौत, 26 घायल



**रोहतास ।** रोहतास में भीषण सड़क हादसे में चार लोगों की मौत हो गई . वहीं 26 लोगों की हालत गंभीर है . घायलों का इलाज चल रहा है . घटना चेनारी थाना अंतर्गत गायघाट के समीप पास की है . बुधवार सुबह पिकअप वैन पर सवार 30 लोग तीर्थ पर गुप्ता धाम जा रहे थे . सभी लोग आपस में रिश्तेदार हैं . बच्चे का मुंडन संस्कार कराने के लिए गुप्ता धाम जा रहे थे . लोड अधिक होने के कारण गायघाट के पास पिकअप अनियंत्रित हो गई और पलटकर 140 फीट नीचे खाई में जा गिरी . हादसा इतना भीषण था कि चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई . वहीं 26 लोगों की हालत गंभीर है . घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया . आसपास के लोगों की भीड़ लग गई . इधर, सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई . सासाराम एसडीएम ने चार लोगों की मौत की पुष्टि की है .

## बेपटरी हुई मालगाड़ी, दो ट्रेन की गईं रद्द

- ट्रेन के चालक ने सिग्नल को ओवरलुक कर दिया, इस कारण ट्रेन लूप लाइन पर चली गई और ब्रेकर से टकराकर बेपटरी हो गई

संवाददाता । समस्तीपुर

समस्तीपुर जिले में रोसरा रेलखंड पर बुधवार को एक मालगाड़ी बेपटरी हो गयी. इससे समस्तीपुर-सहरसा रूट पर चलने वाली एक जोड़ी पैसेंजर ट्रेनों को रद्द कर दिया गया. जयनगर से मनिहारी जाने वाली जानकी एक्सप्रेस ट्रेन को सहरसा तक परिचालन में एक घंटे के लिए री-शेडयूल किया गया है. समस्तीपुर-रोसरा रेलखंड पर भगवानपुर देसुआ में मालगाड़ी समस्तीपुर की ओर जा रही थी. इसी दौरान ट्रेन के चालक ने सिग्नल को ओवरलुक कर दिया. इस कारण ट्रेन लूप लाइन पर चली गई और ब्रेकर से टकराकर बेपटरी हो गई. घटना की सूचना मिलते ही रेल कर्मचारियों में हड़कंप मच गया. आनन-फानन में एआरटी एवं रेलवे के कई अधिकारी मौके पर पहुंचे. इस कारण ढाई घंटे ट्रेनों का परिचालन बाधित रहा. रेलवे ने हादसे के बाद इस रूट पर चलने वाली ट्रेनों के परिचालन में बदलाव की अधिसूचना जारी की.

### चेकिंग के दौरान तस्कर गिरफ्तार, एक करोड़ की चरस बरामद

**नरकटियागंज ।** नरकटियागंज में पुलिस ने लगभग 10 किलो चरस के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार तस्कर नेपाल से चरस लेकर दिल्ली जा रहा था. शिकारपुर थाना पुलिस ने गश्ती के दौरान हरदिया चौक नहर के पास से एक संदिग्ध व्यक्ति को रोक कर उसकी तलाशी ली तो उसके पास से बड़ी मात्रा में चरस बरामद किया गया. अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत करोड़ों रुपये बताई जा रही है. मामला शिकारपुर थाना क्षेत्र नरकटियागंज के हरदिया चौक नहर के पास का है. शिकारपुर थाने की पुलिस हरदिया चौक के समीप गश्ती कर रही थी. नहर के पास पुलिस को देख एक युवक भागने लगा. उसकी संदेहास्पद हरकत को देखते हुए पुलिस ने पीछा कर पकड़ा. जब तलाशी ली तो बैग में से चरस बरामद हुआ. 22 पैकेट में चरस रखा गया था. वजन करने पर 10.164 किलोग्राम चरस निकला.

अपराधियों ने की सब्जी मंडी में गोलीबारी

### तीन लोगों को लगी गोली, भर्ती

संवाददाता । पटना

पटना के शास्त्रीनगर थाना इलाके में मंगलवार की रात अपराधियों ने अंधाधुंध फायरिंग की है. इस गोलीबारी में तीन लोगों को गोली लगी है. घटना को अंजाम देने के बाद अपराधी हवाई फायरिंग करते हुए वहां से फरार हो गये. घटना के बाद पूरे इलाके में अफरातफरी मच गयी.

गोलीबारी की सूचना पाकर डायल 112 की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और गोली लगने से घायल तीनों लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया. घायलों की पहचान पुनाईचक के पत्थर गली निवासी जितेंद्र राय और अजय साह के रूप में हुई है. वहीं, तीसरा व्यक्ति गुंजन झा बांका जिला का रहने वाला है. जितेंद्र को सीने और अजय को बांह में गोली लगी है. गुंजन झा को पैर में गोली लगी है.



**पुलिस सीसीटीवी फुटेज की जांच करेगी**

पटना एसएसपी राजीव मिश्रा ने कहा कि अपराधियों ने गोलीबारी की घटना को अंजाम क्यों दिया है, पुलिस पता लगाने की कोशिश कर रही है . सब्जी दुकान लगाने को लेकर हुए विवाद व घायलों के परिजनों के बयान के आधार पर छानबीन की जा रही है .
सीसीटीवी फुटेज की भी जांच की जा रही है .

## कारोबार

### फरवरी में वनस्पति तेल आयात 13% घटा

**नयी दिल्ली ।** भारत का वनस्पति तेल आयात फरवरी में सालाना आधार पर 13 प्रतिशत घटकर लगभग 9.75 लाख टन रह गया है. सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एसईए) ने बुधवार को बयान में कहा कि फरवरी के दौरान वनस्पति तेलों (खाद्य तेलों और गैर-खाद्य तेलों सहित) का आयात 9,74,85 टन रहा, जबकि एक साल पहले की समान अवधि में यह 11,14,481 टन था. कुल आयात में खाद्य तेल का हिस्सा घटकर 9,67,852 टन रह गया.

### सोना 65,541 रुपये प्रति 10 ग्राम हुई

**नयी दिल्ली ।** मजबूत हाजिर मांग के बीच सटोरियों द्वारा ताजा सौदों की लिवाली किये जाने से वायदा कारोबार में बुधवार को सोने की कीमत 60 रुपये की तेजी के साथ 65,541 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गयी. मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में अप्रैल माह में आपूर्ति वाले अनुबंध का भाव 60 रुपये यानी 0.09 प्रतिशत की तेजी के साथ 65,541 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया. इसमें 16,600 लॉट का कारोबार हुआ. बाजार विश्लेषकों ने कहा कि कारोबारियों द्वारा ताजा सौदों की लिवाली करने से सोना वायदा कीमतों में तेजी आई.

### सुब्रमण्यन स्वामी की याचिका का विरोध

**नयी दिल्ली ।** एक्सिस बैंक ने मैक्स लाइफ इंश्योरेंस में शेयरों की खरीद एवं बिक्री के जरिये अनुचित लाभ कमाने के कथित धोखाधड़ी मामले में जांच का अनुरोध करने वाली जनहित याचिका का दिल्ली उच्च न्यायालय में बुधवार को विरोध किया. भाजपा नेता सुब्रमण्यन स्वामी ने एक जनहित याचिका दायर कर इस मामले की जांच का आदेश देने की अपील की है. वकीलों ने कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन की अगुवाई वाली पीठ से कहा कि पूर्व भाजपा सांसद स्वामी की याचिका सुनवाई के योग्य नहीं है क्योंकि यह मामला दो निजी कंपनियों के बीच वाणिज्यिक लेनदेन से जुड़ा हुआ है.

वांके कंपनी चीन की सबसे बड़ी प्रॉपर्टी डेवलपर्स में से एक है

## चीन की वांके कंपनी डूबने के कगार पर

भाषा । नयी दिल्ली

**चीन का रियल एस्टेट सेक्टर 2021 से जूझ रहा है**



**हालत खराब**

- देश के 12 बड़े बैंक इस कंपनी को बचाने में जुटी है
- वांके कंपनी 1984 में शेनजेन में बनाई गई थी

चीन की अर्थव्यवस्था संभलने की बजाय बिगड़ती जा रही है. इसे एक बाद एक झटके लगते जा रहे हैं. इसमें चीन में एक और रियल एस्टेट कंपनी डूबने के कगार पर पहुंच गई है. इसे बचाने के लिए देश के 12 बड़े बैंक जुट गए हैं. देश की दो बड़ी रियल एस्टेट कंपनियां एवरग्रांडे और कंट्री गार्डेन पहले ही दिवालिया हो चुकी है. कोर्ट ने इन दोनों कंपनियों को बेचने का आदेश दे दिया है. अब एक और रियल एस्टेट कंपनी चाइना वांके का नंबर है.

यह कंपनी भी इसी रास्ते पर है. यह देश की सबसे बड़ी प्रॉपर्टी डेवलपर्स में से एक है. मूडीज ने इस कंपनी की क्रेडिट रेटिंग को जंक कैटगरी में डाल दिया है. चीन के सरकारी मीडिया के मुताबिक देश के 12 बड़े बैंक इस कंपनी को बचाने में जुटी हैं. इनमें देश की छह बड़े सरकारी बैंक शामिल हैं. बैंक को अगले कुछ महीने में अरबों डॉलर का पेमेंट करना है. लेकिन कंपनी की हालत खस्ता है. अब इसे डूबने से बचाने के लिए चीन के 12 बड़े बैंक कंपनी को 11.2 अरब डॉलर का लोन देने के लिए बातचीत कर रहे हैं.

40 साल पहले गठित यह कंपनी चीन की दूसरी सबसे बड़ी डेवलपर है. लेकिन मकानों की डिमांड में भारी कमी और कीमतों में गिरावट से उसकी माली हालत खराब हो गई है. बैंकों से लोन मिलने के उम्मीद में मंगलवार को कंपनी के शेयरों में तेजी आई लेकिन इस साल इसने निगेटिव रिटर्न दिया है. पिछले साल नवंबर से इसमें 30 फीसदी गिरावट आई है, जबकि इस साल यह नौ फीसदी गिर चुका है.

इस सप्ताह मूडीज ने वांके की रेटिंग को डाउनग्रेड करके बीए 1 कर दिया जिसे जंक रेटिंग माना जाता है. वांके कंपनी 1984 में शेनजेन में बनाई गई थी. इसके फाउंडर वांग शी को चीन की रियल एस्टेट इंडस्ट्री का गॉडफादर कहा जाता है. टाइम मैगजीन ने उनकी तुलना डॉनल्ड ट्रंप से की थी. ट्रंप का बिजनस भी रियल एस्टेट से जुड़ा है. वांके को 1991 में लिस्ट किया गया था. यह मेनलैंड चीन में लिस्ट होने वाली पहली प्रॉपर्टी कंपनी थी. इसमें सरकारी कंपनी शेनजेन मेट्रो की 33.4% हिस्सेदारी है.

वांके अंतरराष्ट्रीय रेटिंग एजेंसियों ने फाइनेंशियली मजबूत माना था, लेकिन पिछले साल से यह नकदी संकट से जूझ रही है. 2023 में वांके की सेल्स में 10% रही. इस साल भी जनवरी में कंपनी की बिक्री 32 प्रतिशत गिर गई. चीन का रियल एस्टेट सेक्टर 2021 से जूझ रहा है, जब एवरग्रांडे ने कर्ज के भुगतान में डिफॉल्ट किया था. इसके बाद कई कंपनियां इसकी चपेट में आ गईं. इस संकट के कारण होमबायर्स, इन्वेस्टर्स और कंपनियों का भरोसा बुरी तरह डगमगाया हुआ है.

### भारत के लिए सिंगापुर से अधिक निवेश लाने को प्रतिबद्ध : उच्चायुक्त

एजेंसी । सिंगापुर

भारतीय उच्चायोग सिंगापुर से भारत में अधिक से अधिक निवेश के लिए काम कर रहा है. भारतीय उच्चायुक्त शिल्पक अंबुले ने यह बात कही है. अंबुले ने कहा कि भारत के बुनियादी ढांचा, नवीकरणीय ऊर्जा और आधुनिक प्रौद्योगिकी क्षेत्र ने आक्रामक तरीके से प्रगति की है, ऐसे में हम भारत की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था में अधिक से अधिक निवेश लाने का प्रयास कर रहे हैं. उच्चायुक्त ने वृद्धि को गति देने वाले तीन कारकों का उल्लेख करते हुए कहा कि नवीकरणीय ऊर्जा के विकास के साथ भारत के लिए यह हरित वृद्धि होगी. इसके अलावा आर्थिक गतिविधियों के सुगम प्रवाह के लिए डिजिटल ढांचा बनाया गया है. साथ ही भारत की सतत वृद्धि भी एक कारक है जिसकी वजह से उसे निवेश मिलेगा. उच्चायुक्त ने मंगलवार शाम यहां '2024 बजट विश्लेषण सिंगापुर और भारत' कार्यक्रम में कहा, हम सिंगापुर से भारत में अधिक निवेश लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं. उन्होंने भारत की विकास गाथा को आगे बढ़ाने वाली आर्थिक गतिविधियों की विस्तृत श्रृंखला पर भी प्रकाश डाला. इसमें युवाओं को कुशल बनाने का प्रयास किया जाएगा.



**फैशन डिजाइन**

मुंबई में बुधवार को फैशन डिजाइन काउंसिल ऑफ इंडिया (एफडीसीआई) एक्स लैक्मे फैशन वीक (एलएफडब्ल्यू) के दौरान मॉडल्स ने इंटर नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन डिजाइन (आईएनआईएफडी) के छात्रों की कृतियों को प्रस्तुत करते हुए रैंप वॉक किया.

### वैश्विक व्यापार में 2024 में तेजी आने की उम्मीद : रिपोर्ट

**नयी दिल्ली ।** कोविड-19 महामारी, यूक्रेन और गाजा में युद्ध और अमेरिका-चीन व्यापार विवाद के बीच वैश्वीकरण 2022 में पिछले दशक की तुलना में रिकॉर्ड उच्चस्तर पर पहुंच गया और 2023 में भी यह ऊंचे स्तर पर बना हुआ है. एक रिपोर्ट में बुधवार को यह बात कही गई है. डीएचएल और न्यूयॉर्क विवि के स्टर्न स्कूल ऑफ बिजनेस द्वारा यहां जारी 'न्यू डीएचएल ग्लोबल कनेक्टेडनेस रिपोर्ट-2024' में यह भी कहा गया है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर व्यापार वाले वैश्विक उत्पादन का हिस्सा 2022 में रिकॉर्ड उच्चस्तर पर फिर वापस आ गया है. इसमें कहा गया है कि 2023 में सुस्ती के बाद 2024 में व्यापार वृद्धि में तेजी आने का अनुमान है. व्यापार वृद्धि ने संपर्क को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है. रिपोर्ट में व्यापार के प्रवाह, पूंजी, सूचना और लोगों की आवाजाही का आकलन किया गया है.

### जेजी केमिकल्स का शेयर पांच प्रतिशत गिरा

**नयी दिल्ली ।** जेजी केमिकल्स लिमिटेड का शेयर बुधवार को अपने 221 रुपये के निर्गम मूल्य पर पांच प्रतिशत से अधिक की गिरावट के साथ सूचीबद्ध हुआ. बीएसई पर कंपनी का शेयर निर्गम मूल्य पर 4.52% की गिरावट के साथ 211 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ. बाद में यह 11.26% गिरकर 196.10 रुपये पर आ गया. कंपनी का शेयर 5.42% की गिरावट के साथ 209 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ. कंपनी का बाजार मूल्यांकन 772.16 करोड़ रुपये रहा.

**बयान** चीनी उद्योग संगठन (इस्मा) ने बुधवार की बैठक में जताया अनुमान

## 2023-24 में सकल चीनी उत्पादन बढ़ाकर 340 लाख टन किया

- सरकार ने एथनॉल के उत्पादन में 17 लाख टन चीनी के उपयोग की दी अनुमति

भाषा । नयी दिल्ली



**महाराष्ट्र और कर्नाटक में गन्ने की उपलब्धता उम्मीद से अधिक**

चीनी उद्योग संगठन इस्मा ने बुधवार को सितंबर को समाप्त होने वाले विपणन वर्ष में चीनी के सकल उत्पादन के अपने अनुमान को 9.5 लाख टन बढ़ाकर 340 लाख टन कर दिया है.

जनवरी में, भारतीय चीनी मिल संघ (इस्मा) ने विपणन वर्ष 2023-24 (अक्टूबर-सितंबर) में एथनॉल के लिए शीरे के उपयोग में लाये जाने के बिना, सकल चीनी उत्पादन 330.5 लाख टन होने का अनुमान लगाया था. एक बयान में, इस्मा ने कहा कि वर्ष 2023-24 में सकल चीनी उत्पादन अब 340 लाख टन होने का अनुमान है, जबकि पिछले वर्ष का सकल उत्पादन 366.2 लाख टन था. इस्मा की कार्यकारी समिति ने 12 मार्च को आयोजित अपनी बैठक में चीनी प्राप्ति दर, गन्ना उपज, शेष कटाई योग्य क्षेत्र/गन्ना और विभिन्न राज्यों में कारखानों को बंद करने की अपेक्षित तारीखों पर ध्यान दिया. समिति इस बात पर सहमत हुई कि महाराष्ट्र और कर्नाटक में गन्ने की उपलब्धता उम्मीद से अधिक है. हालांकि, एक अन्य प्रमुख राज्य, उत्तर प्रदेश में गन्ने की उपलब्धता पूर्व अनुमान से कम रहने का अनुमान है.

बयान में कहा गया है, इसको देखते हुए, इस्मा ने वर्ष 2023-24 के लिए अपने अखिल भारतीय चीनी उत्पादन अनुमान को संशोधित कर (एथनॉल में उपयोग के बिना) 340 लाख टन कर दिया है, जबकि जनवरी 2024 में इसका पिछला अनुमान 330.5 लाख टन का था. गन्ना रस और बी-भारी शीरा से एथनॉल बनाने के लिए 38 लाख टन चीनी के उपयोग के साथ विपणन वर्ष 2022-23 के दौरान शुद्ध चीनी उत्पादन 328.2 लाख टन था. चालू वर्ष 2023-24 के लिए, सरकार ने अब तक गन्ना रस/बी-भारी शीरा के माध्यम से एथनॉल के उत्पादन में 17 लाख टन चीनी के उपयोग की अनुमति दी है. इसका मतलब यह होगा कि शुद्ध चीनी उत्पादन लगभग 323 लाख टन हो सकता है.

इस्मा ने कहा कि विपणन वर्ष 2023-24 के 29 फरवरी तक शुद्ध चीनी उत्पादन (एथनॉल के लिए उपयोग के बाद) 255.5 लाख टन था. बयान में कहा गया है कि देश में अभी भी 466 चीनी मिलें चल रही हैं.

### भारत डेकाथलॉन के पांच शीर्ष बाजारों में होगा : अधिकारी

- डेकाथलॉन अपनी वृद्धि की योजनाओं के तहत भारत में हर साल 10 नए स्टोर खोलेगी

भाषा । पेरिस




फ्रांस की खेल क्षेत्र की रिटेलर डेकाथलॉन के लिए भारत एक 'बड़ी प्राथमिकता' वाला बाजार है. कंपनी को भरोसा है कि स्टोर नेटवर्क के विस्तार और स्थानीय सोर्सिंग में बढ़ोतरी के साथ अगले पांच साल में भारत उसके शीर्ष पांच वैश्विक बाजारों में शामिल होगा. कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने यह बात कही है. कंपनी के मुख्य रिटेल एंड कंट्रीज ऑफिसर स्टीव डाइक्स ने कहा कि डेकाथलॉन अपनी वृद्धि की योजनाओं के तहत भारत में हर साल 10 नए स्टोर खोलेगी. साथ ही कंपनी का इरादा ऑनलाइन बिक्री में तेजी लाने और अगले पांच साल में स्थानीय सोर्सिंग को मौजूदा के औसतन 60 प्रतिशत बढ़ाकर 90 प्रतिशत करने का है. उन्होंने कहा कि इस कदम से डेकाथलॉन को तेजी से बढ़ते भारतीय खेल और 'एथलेजर' खंड में अधिक प्रतिस्पर्धी बनने में मदद मिलेगी और इसकी भारतीय विनिर्माण सुविधा से वैश्विक बाजारों में निर्यात बढ़ेगा. कहा, हमारे पास पांच देश हैं, जिन्हें हम लंबी छलांग वाला देश कहते हैं.

## ब्रीफ खबरें

### चीन के रेस्तरां में विस्फोट दो की मौत, 26 जख्मी

**बीजिंग।** उत्तरी चीन के हेबेई प्रांत में एक भोजनालय में बुधवार को गैस रिसाव के कारण विस्फोट होने से दो व्यक्तियों की मौत हो गई जबकि 26 अन्य जख्मी हो गए. यह विस्फोट बीजिंग के पास स्थित सानहे शहर के यानजिआओ टाउनशिप में स्थित 'चिकन' की दुकान में हुआ. संदेह है कि गैस रिसाव से विस्फोट हुआ है. 'चाइना' डेली ने खबर दी है कि विस्फोट में दो लोगों की मौत हो गई और 26 अन्य घायल हो गए. इसके अलावा इमारत और कई गाड़ियां क्षतिग्रस्त हो गई हैं.

### भूटान के पीएम शेरिंग टोबगे आज भारत आएंगे

**नयी दिल्ली।** भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग टोबगे भूटान का प्रधानमंत्री बनने के बाद अपनी पहली विदेश यात्रा के तहत गुरुवार को भारत के पांच दिवसीय दौरे पर आएंगे. विदेश मंत्रालय (एमईए) ने 14 से 18 मार्च तक भूटान के नेता की यात्रा की घोषणा की और कहा कि भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग टोबगे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ बातचीत करेंगे और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात करेंगे. भूटान के प्रधानमंत्री का मुंबई जाने का भी कार्यक्रम है.

### सैनी सरकार ने हासिल किया विश्वास मत

**चंडीगढ़।** आज विधानसभा के एक दिवसीय सत्र में नायब सिंह सैनी सरकार ने बहुमत साबित कर दिया. नायब सिंह सैनी हरियाणा के नए और 11वें मुख्यमंत्री बन गए है. सीएम सैनी ने बुधवार को राज्य विधानसभा का एक दिन का विशेष सत्र बुलाया था, जिसमें उन्होंने विश्वास मत पास किया. इससे पहले हरियाणा में अचानक बदले नाटकीय राजनीतिक घटनाक्रम में मनोहर लाल और उनकी पूरी कैबिनेट ने मंगलवार को एक साथ अपना इस्तीफा दिया था.

### दिल्ली में बनेंगे दो नए मेट्रो कॉरिडोर

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय कैबिनेट ने दिल्ली में दो नए मेट्रो कॉरिडोर को मंजूर दी है. केंद्र सरकार के मंत्रिमंडल की बैठक के बाद बुधवार को केंद्रीय सूचना व प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने इसकी जानकारी दी. जिसमें एक कॉरिडोर लाजपत नगर से साकेत जी-ब्लॉक तक और दूसरा इंद्रलोक से इंद्रप्रस्थ तक होगा, जिसकी लंबाई 8.4 किलोमीटर होगी. इन पर 8400 करोड़ रुपये खर्च होंगे. वहीं, दूसरा कॉरिडोर इंद्रलोक से इंद्रप्रस्थ के बीच होगा जिसकी लंबाई 12.4 किलोमीटर होगी.

### झारखंड के श्रमिक की तमिलनाडु में मौत

**तमिलनाडु।** तमिलनाडु के उधगमंडलम में दर्दनाक हादसा हुआ. 'रिटेनिंग वॉल' का निर्माण करते समय मिट्टी धंसने से हुए हादसे में एक प्रवासी श्रमिक की मौत हो गई. हादसे में एक अन्य घायल हो गया. मृतक श्रमिक की पहचान 22 वर्षीय युवक रिजवान के रूप में हुई. पुलिस ने बताया कि हादसे के बाद रिजवान और एक अन्य श्रमिक को मौके से रेस्क्यू किया गया. दोनों को प्राथमिक उपचार के लिए पस्थानीय सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद रिजवान को मृत घोषित कर दिया.



**भारतीय नौसेना में शामिल हुए दो नए जहाज**

**कोलकाता।** समुद्र में सेना की ताकत बढ़ाने के लिए भारतीय नौसेना के बेड़े में दो नए जहाज को बुधवार को शामिल किया गया. इस दो पनडुब्बी रोधी युद्धपोत का नाम क्रमशः आईएनएस एग्रे और आईएनएस अक्षय है. इन जहाजों का मुख्य उद्देश्य तटीय जल में पनडुब्बी रोधी अभियान में तीव्रता लाना है. इन जहाजों को गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड द्वारा निर्मित किया गया है.

# 'आसू' ने सीएए के खिलाफ विरोध प्रदर्शन का आह्वान किया

भाषा। गुवाहाटी

केंद्र सरकार द्वारा नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) लागू किये जाने के विरोध में 'ऑल असम स्टूडेंट्स यूनियन' (आसू) ने बुधवार को राज्यभर में सत्याग्राह का आह्वान किया है. गौरतलब है कि पिछले दो दिन से राज्य में कांग्रेस सहित कई विपक्षी दल और विभिन्न संगठनों ने सीएए के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन किया है. छात्र संगठन के एक नेता ने कहा कि 'आसू' दिन में राज्य के सभी जिला मुख्यालयों में 'सत्याग्रह' करेगा. छात्र संगठन ने मंगलवार शाम राज्य के कई हिस्सों में मशाल जुलूस भी निकाला था. वहीं, मंगलवार को उसका एक प्रतिनिधिमंडल उच्चतम न्यायालय में सीएए के खिलाफ याचिका दायर करने के लिए नई दिल्ली गया था, वहीं असम विधानसभा में विपक्ष के नेता देबब्रत ने उच्चतम न्यायालय में सीएए पर रोक लगाने के लिए अंतरिम आवेदन दायर किया है.

### असम समझौते का उल्लंघन

असम में विपक्षी राजनीतिक दलों के साथ-साथ कई छात्र और गैर-राजनीतिक संगठनों ने दावा किया है कि सीएए कानून 1985 के असम समझौते के प्रावधान का उल्लंघन करता है. असम समझौता 1985 के तहत, 24 मार्च 1971 के बाद बांग्लादेश से असम में आने वाले लोगों का पता लगाने और उन्हें कानून के अनुसार देश से निष्काषित करने पर सहमति जताई गई थी.

## पीएम नरेंद्र मोदी ने तीन सेमीकंडक्टर प्लांट का किया शिलान्यास

# चीप इंडस्ट्री का हब बनेगा इंडिया

भाषा। नयी दिल्ली

सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में ग्लोबल प्लेयर बनने की ओर भारत ने तेजी से अपने कदम बढ़ाने शुरू कर दिए हैं. बीते दिनों माइक्रोन प्रोजेक्ट के बाद बुधवार को पीएम मोदी ने वर्चुअल तरीके से देश को तीन सेमीकंडक्टर यूनिट का तोहफा दिया. गुजरात और असम में तीन सेमीकंडक्टर केंद्रों की आधारशिला रखने के बाद उन्होंने कहा कि देश सेमीकंडक्टर क्षेत्र में बड़ी भूमिका निभाने के लिए तैयार है. वह दिन दूर नहीं जब देश इस क्षेत्र में एक वैश्विक शक्ति बन जाएगा. पीएम ने कहा कि दो साल पहले, हमने एक सेमीकंडक्टर मिशन का ऐलान किया था और घोषणा की थी कि हम पहल करेंगे. कुछ ही महीनों में हमने 'एमओयू' किए और आज हम तीन परियोजनाओं का शिलान्यास कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि भारत सेमीकंडक्टर विनिर्माण में पहले ही दशकों पीछे है, लेकिन अब भारत एक भी पल नहीं गंवाएगा.

**इस सेक्टर में ग्रोथ से युवाओं को ज्यादा लाभ होगा :** पीएम ने कहा कि इस सेक्टर में भारत की ग्रोथ से सबसे ज्यादा लाभ देश के युवाओं को होने वाला है. उन्होंने कहा कि 21वीं सदी, टेक्नोलॉजी ड्रिवेन है और इलेक्ट्रॉनिक चिप के बिना उसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती. मेड इन इंडिया चिप, भारत में डिजाइन किया गया चिप, भारत को आत्मनिर्भरता और आधुनिकता की तरफ ले जाएगी.



पीएम नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये तीन सेमीकंडक्टर प्लांट की आधारशिला रखी.

### मिलेगा रोजगार

- ग्लोबल प्लेयर बनने की ओर तेजी से बढ़ रहा है भारत
- असीम संभावनाओं के द्वार खोलेगा सेमीकंडक्टर सेक्टर

### रोजगार के बड़े अवसर पैदा होंगे

पीएम ने कहा कि सेमीकंडक्टर सेक्टर कम्युनिकेशन से लेकर ट्रांसपोर्टेशन तक कई सेक्टर में अहम रोल निभाता है. देश में सेमीकंडक्टर प्लांट स्थापित होने और चिप मैन्युफैक्चरिंग के जरिए रोजगार के बड़े अवसर पैदा होंगे. उन्होंने कहा कि सेमीकंडक्टर सेक्टर विकास का वो द्वार है, जो असीम संभाववनाओं से भरा हुआ है. भारतीय युवाओं की तारीफ करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि आज सेमीकंडक्टर चिप की जो डिजाइन है और इसे बनाने में जो दिमाग है, वो भारतीय युवाओं का है.

### आत्मनिर्भर भारत मिशन में सेमीकंडक्टर उद्योग का अहम रोल

पीएम के संबोधन के पहले केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि ये तीनों परियोजना और हाल में हुए माइक्रॉन परियोजना को मिलाकर 4 बड़े प्लांट तैयार होंगे और भारत में सेमीकंडक्टर उद्योग स्थापित होगा. उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के आत्मनिर्भर भारत मिशन में सेमीकंडक्टर उद्योग का बहुत ही महत्वपूर्ण रोल है. इन चारों में से एक प्लांट आज असम (दो सेमीकंडक्टर प्लांट गुजरात में लगाया गया है) में लगा है.

### स्टार्टअप्स के लिए नए मौके

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि चिप मैन्युफेक्चरिंग सिर्फ एक इंडस्ट्री नहीं है, बल्कि देश के विकास का वो द्वार खोलती है, जो असीम संभावनाओं से भरा हुआ है. इस सेक्टर से तकनीकी उन्नति के क्षेत्र में भी बड़ी प्रगति होने वाली है. उन्होंने कहा कि हम एक तरफ देश में तेजी से गरीबी कम कर रहे हैं और दूसरी तरफ आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर का भी निर्माण कर रहे हैं तथा देश को आत्मनिर्भर भी बना रहे हैं. सिर्फ 2024 में ही अब तक 12 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा की योजना का लोकार्पण और शिलान्यास हो चुका है. प्रधानमंत्री के मुताबिक, भारत स्टार्टअप इकोसिस्टम में तीसरा बड़ा प्लेयर है और सेमीकंडक्टर सेक्टर में हमारे स्टार्टअप्स के लिए नए मौके बनने जा रहे हैं.

## करनाल से खट्टर व हमीरपुर से अनुराग ठाकुर को दिया टिकट

# भाजपा ने जारी की उम्मीदवारों की दूसरी सूची

**दादरा एवं नगर हवेली-दमन दीव**

- दादर एवं नगर हवेली- कला बेन देलकर

**त्रिपुरा**

- त्रिपुरा पूर्व- महारानी कृति सिंह देब वर्मा

**हिमाचल प्रदेश**

- हमीरपुर- अनुराग सिंह ठाकुर
- शिमला- सुरेश कुमार कश्यप
- उत्तराखंड
- गढ़वाल – अनिल बलूनी
- हरिद्वार- त्रिवेंद्र सिंह रावत

**दिल्ली**

- पूर्वी दिल्ली- हर्ष मल्होत्रा
- उत्तर पश्चिम दिल्ली- योगेंद्र चंदोलिया

**हरियाणा**

- अंबाला- बंतो कटारिया
- सिरसा – अशोक तंवर
- करनाल – मनोहर लाल खट्टर
- भिवानी महेंद्रगढ़- चौधरी धरमबीर सिंह
- गुड़गांव – राव इंद्रजीत सिंह यादव
- फरीदाबाद- कृष्णपाल गुर्जर

**गुजरात**

- साबरकांठा- भीखा जी दुधा जी ठाकोर
- अहमदाबाद पूर्व- हंसमुख भाई सोमा भाई पटेल
- भावनगर - निमुबेन बम्भानिया
- वड़ोदरा- रंजनबेन धनंजय भट्ट
- छोटा उदयपुर- जशु भाई भीलु भाई राठवा
- सूरत – मुकेश भाई चंद्रकांत दलाल
- वलसाड – धवल पटेल

**महाराष्ट्र**

- नंदुरबार – डॉ. हिना विजय कुमार गाबित
- धुले- सुभाष रामराव
- जलगांव- स्मिता वाघ
- रावेर- रक्षा निखिल खडसे
- अकोला- अनूप धोत्र
- वर्धा- रामदास चंद्रभान
- नागपुर- नितिन गडकरी
- चंद्रपुर- सुधीर मुंटीवार
- नांदेड़- प्रतापराव पाटिल
- जालना- राव साहेब
- डिंडोरी- डॉ. भारती प्रवीण पवार
- भिंवडी – कपिल मोरेश्वर पाटिल
- मुंबई उत्तर- पीयूष गोयल
- मुंबई उत्तर पूर्व – मिहिर कोटेचा
- पुणे- मुरलीधर किशन मोहोल
- अहमदनगर – सुजय पाटिल
- बीड- पंकजा मुंडे
- लातूर – सुधाकर तुकाराम
- माडा- रणजीत सिन्हा
- सांगली- संजय काका पाटिल

**कर्नाटक**

- चिक्कोडी – अन्नासाहेब शंकर जोल्ले
- बागलकोट- पीसी गद्दीगोंडर
- बीजापुर- रमेश जिगजिणगी
- गुलबर्गा- उमेश जी जाधव
- बीदर – भगवंत खूबा
- कोप्पल- बसवराज क्यावातूर
- बेल्लारी – बी. रामुलू
- हावेरी- बसवराज बोम्मई
- धारवाड़- प्रह्लाद जोशी
- दवणमेरे – गायत्री सिद्देश्वर
- शिमोगा- वी वाई राघवेंद्र
- उडुपी चिकमंगलूर – कोटा श्रीनिवास पुजारी
- दक्षिण कन्नड़ – ब्रिजेश चौटा
- तुमकुर – वी सोमण्णा
- मैसूर- कृष्णदत्त चामराज वाडिया
- चामराजनगर- एस बालराज
- बेंगलुरु ग्रामीण- डॉ. सीएन मंजूनाथ
- बेंगलुरु उत्तर – शोभा करंदलाजे
- बेंगलुरु सेंट्रल- पीसी मोहन
- बेंगलुरु साउथ- तेजस्वी सूर्या

**मध्य प्रदेश**

- बालाघाट - भारती पारधी
- छिंदवाड़ा - विवेक बंटी साहू
- उज्जैन - अनिल फिरोजिया
- धार - सावित्री ठाकुर
- इंदौर - शंकर लालवानी

**तेलंगाना**

- आदिलाबाद- गोदाम नागेश
- पेद्दापल्ले- गोमासा श्रीनिवास
- मेडक- माधवनेनी रघुनंदन राव
- महबूबनगर- डीके अरुणा
- नल्गोंडा- सईदा रेड्डी
- महबूबाबाद – प्रोफेसर अजमीरा सीताराम नाइक

# परमाणु हथियारों का इस्तेमाल करने के लिए तैयार है रूसः पुतिन

भाषा। मॉस्को

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि अगर देश की संप्रभुता या स्वतंत्रता को कोई खतरा होता है तो वह परमाणु हथियारों का इस्तेमाल करने के लिए तैयार है. रूस के सरकारी टेलीविजन चैनल के साथ एक साक्षात्कार में पुतिन ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि अमेरिका किसी भी ऐसे तनाव से बचेगा जो परमाणु युद्ध को जन्म दे सकता है, लेकिन उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि रूस के परमाणु बल इसके लिए तैयार हैं. यह पूछे जाने पर कि क्या उन्होंने कभी यूक्रेन में युद्धक्षेत्र में परमाणु हथियारों का उपयोग करने पर विचार किया है, पुतिन ने जवाब दिया कि इसकी कोई आवश्यकता नहीं पड़ी. उन्होंने यह विश्वास भी जताया कि मॉस्को यूक्रेन में अपने लक्ष्यों को हासिल करेगा.

### रूस ने यूक्रेन के 234 लड़ाकों को मार गिराया

रूस के रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार रात को कहा कि उसकी सेना और सुरक्षा बलों ने रूस के सीमावर्ती क्षेत्र में हुए हमले को नाकाम करते हुए 234 लड़ाकों को मार गिराया है. मंत्रालय ने एक बयान में हमले के लिए कीव शासन और यूक्रेन के आतंकवादी संगठनों को जिम्मेदार ठहराया है.

### एनजीओ की याचिका पर शुक्रवार को होगी सुनवाई

**नयी दिल्ली ।** मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) और चुनाव आयुक्तों के चयन के लिए बनी समिति में भारत के सीजेआई को शामिल नहीं किये जाने को चुनौती देने वाली एक गैर सरकारी संगठन की याचिका पर 15 मार्च को सुनवाई होगी. सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को इस पर सहमति जताई है. न्यायमूर्ति संजीव खन्ना की अगुवाई वाली पीठ ने एनजीओ एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की ओर से पेश वकील प्रशांत भूषण की दलीलों पर गौर करते हुए इसे शुक्रवार, 15 को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध कर दिया. एनजीओ ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त और अन्य निर्वाचन आयुक्त अधिनियम, 2023 के एक प्रावधान की वैधता को चुनौती दी है.

## जो बाइडन को 3,933 व डोनाल्ड ट्रंप को 1,215 डेलिगेट का समर्थन

# बाइडन-ट्रंप फिर होंगे आमने-सामने

- बाइडन ने प्राइमरी चुनाव में जीत हासिल की

भाषा। वाशिंगटन

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने वाशिंगटन में डेमोक्रेटिक प्राइमरी चुनाव में, वहीं पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रिपब्लिकन प्राइमरी चुनाव में जीत हासिल कर अपनी पार्टियों की ओर से राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी की ओर कदम बढ़ा दिया है. राष्ट्रपति बाइडन ने जॉर्जिया में पार्टी के प्राइमरी चुनाव में आसानी से जीत हासिल की और अब वह राष्ट्रपति चुनाव के लिए पार्टी के संभावित उम्मीदवार बन गए हैं. बाइडन को कुल 3,933 डेलीगेट्स में से आधे से अधिक का समर्थन मिल चुका है. डेमोक्रेट उम्मीदार बनने के लिए 1,968 डेलीगेट्स की जरूरत होती है. बाइडन को अगस्त में शिकागो में 'डेमोक्रेटिक नेशनल कन्वेंशन' के दौरान औपचारिक रूप से पार्टी का उम्मीदवार घोषित किया जाएगा. ट्रंप को अब तक 1,215 डेलिगेट का समर्थन मिल चुका है. ट्रंप को जुलाई में मिल्वॉकी में 'रिपब्लिकन नेशनल कन्वेंशन' में आधिकारिक तौर पर उम्मीदवार घोषित किया जाएगा.

### 'ट्रंप' प्रतिशोध का अभियान चला रहे हैं : बाइडन



उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने बाइडन का अपनी पार्टी का उम्मीदवार बनने पर प्रसन्नता व्यक्त की. वहीं बाइडन की ओर से एक बयान जारी करके जीत तथा उम्मीदवारी पर प्रसन्नता व्यक्त की गई और ट्रंप को लोकतंत्र के लिए खतरा करार दिया गया. बाइडन ने कहा कि ट्रंप आक्रोश, प्रतिशोध का अभियान चला रहे हैं जो अमेरिका के मूल विचार को खतरे में डालता है. मंगलवार को प्राइमरी चुनाव की पूर्व संध्या पर ट्रंप ने स्वीकार किया था कि बाइडन ही उनके सामने डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार होंगे.

### बंद नहीं होगा डाबोलिन हवाई अड्डा : अधिकारी

**पणजी।** डाबोलिम स्थित गोवा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (जीआईए) के प्रबंधन ने इसके बंद होने की आशंकाओं को खारिज कर दिया है. अधिकारियों का कहना है कि इस हवाई अड्डे में व्यापक संभावनाएं और यहां से उड़ानों का परिचालन जारी रहेगा. इन खबरों के बीच कि एक निजी एयरलाइन अपना परिचालन दक्षिण गोवा जिले में डाबोलिम स्थित हवाई अड्डे से उत्तरी गोवा जिले के मोपा में मनोहर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (एमआईए) में स्थानांतरित कर रही है. हाल में गोवा विधानसभा सत्र के दौरान विपक्षी दलों ने दावा किया था कि जीआईए में महंगी परिचालन लागत के कारण उड़ान परिचालन को एमआईए में स्थानांतरित करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है.

## कॅरियर-काउंसिलिंग

# 12वीं के बाद ट्रैवल और टूरिज्म में बेहतरीन कॅरियर स्कोप

रजनीश प्रसाद

किसी देश के लिए विदेशी करेंसी पाने के लिए ट्रैवल एंड टूरिज्म का क्षेत्र सबसे बेहतर माना जाता है. इसके अलावा पूरी दुनिया में सबसे ज्यादा रोजगार भी इसी क्षेत्र में हैं. इस फील्ड की वजह से लाखों लोग ट्रैवल एंड टूरिज्म इंडस्ट्री से जुड़े हुए हैं. विश्व पर्यटन संगठन की नवीनतम रिपोर्ट के मुताबिक, दक्षिण एशिया आने वाले कुल पर्यटकों में से लगभग 50 प्रतिशत पर्यटक भारत आते हैं. इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि इस क्षेत्र में रोजगार की कितनी ज्यादा संभावनाएं हैं. इस इंडस्ट्री में सरकारी पर्यटन विभाग, इमिग्रेशन एंड कस्टम, ट्रेवल एजेंसीज, एयरलाइंस, टूर ऑपरेटर, होटल, एयरलाइन, कैटरिंग, गाइड, टूरिज्म प्रमोशन एवं सेल्स जैसी सेवाएं शामिल होती हैं. ट्रेवल एंड टूरिज्म इंडस्ट्री से अंतरराष्ट्रीय स्तर के टूर ऑपरेटर से लेकर निजी ट्रेवल एजेंट तक जुड़े होते हैं.



### स्किल्स एक्सीलेंट कम्यूनिकेशन स्किल्स

- स्ट्रांग इंटरपर्सनल स्किल्स
- वेल ग्रूम्ड पर्सनालिटी
- डिलिजेंस
- फ्लेक्सिबिलिटी
- एडमिनिस्ट्रेशन एंड मैनेजरियल स्किल्स
- रिसर्च और प्लानिंग स्किल्स
- प्रॉब्लम सॉल्विंग स्किल्स

### पर्यटन के लिहाज से देश-विदेश की यात्रा

- **आउटबाउंड टूरिज्म :** इसका तात्पर्य अपने देश के बाहर किसी स्थान की यात्रा करना है. उदाहरण के लिए, भारतीय पर्यटन के दृष्टिकोण से भारत से यूके जाना.
- **इनबाउंड टूरिज्म :** यह तब होता है जब दूसरे देश के लोग आपके देश में आते हैं. उदाहरण के लिए, भारतीय पर्यटन के दृष्टिकोण से, कनाडा से भारत आना.
- **घरेलू पर्यटन :** जैसा कि नाम से पता चलता है, यह स्वदेश में एक स्थान से दूसरे स्थान की यात्रा करने वाले लोगों को संदर्भित करता है. उदाहरण के लिए, भारतीय पर्यटन के दृष्टिकोण से, दिल्ली से मुंबई जाना.

### भारतीय विश्वविद्यालय

- इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ हॉस्पिटैलिटी एंड मैनेजमेंट, ठाणे
- इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टूरिज्म एंड ट्रेवल मैनेजमेंट, ग्वालियर
- क्राइस्ट यूनिवर्सिटी, बैंगलोर
- जामिया मिलिया इस्लामिया, नई दिल्ली
- टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज, मुंबई
- एमिटी इंस्टीट्यूट ऑफ ट्रैवल एंड टूरिज्म, नोएडा
- नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टूरिज़्म एंड हॉस्पिटैलिटी मैनेजमेंट, हैदराबाद
- केरल इंस्टीट्यूट ऑफ ट्रेवल एंड टूरिज्म मैनेजमेंट
- इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टूरिज्म एंड ट्रेवल मैनेजमेंट, भुवनेश्वर
- इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टूरिज्म एंड ट्रेवल मैनेजमेंट, नोएडा
- इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टूरिज्म एंड ट्रेवल मैनेजमेंट, गोवा
- इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टूरिज्म एंड ट्रेवल मैनेजमेंट, नेल्लोर

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक - **संजय सिंह***. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - **JHAHIN/2023/84487** ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)